सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 10 मई, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 126, पेज 12, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स-निफ्टी में एक प्रतिशत की गिरावट

तनाव बढ़ने और व्यापक संघर्ष की आशंका से सेंसेक्स व निफ्टी में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गयी है। } 10

## जयशंकर ने अपने ब्रिटिश समकक्ष से की वार्ता

भारत-पाकिस्तान के मध्य जारी सैन्य संघर्ष के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने ब्रिटिश समकक्ष डेविड लैमी से फोन पर बात की। } 12



## पीएम मोदी ने की उच्च स्तरीय बैठक

### रक्षामंत्री राजनाथ व एनएसए अजित डोभाल ने दी हालात की जानकारी



एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को सुरक्षा स्थिति का जायजा लेने के लिए शीर्ष रक्षा प्रतिष्ठानों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। भारत और पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच मोदी ने भविष्य की रणनीति बनाने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, तीनों सेनाओं के प्रमुखों और प्रमुख रक्षा अध्यक्ष के साथ बैठक की। ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाकिस्तान ने भारत के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की, जिसे भारतीय सेनाओं ने पूरी तरह नाकाम कर दिया। लड़ाकू विमानों, ड्रोन, रॉकेट व मिसाइलों के जरिए पाकिस्तान ने गुरुवार रात 8 से 10 बजे के बीच जम्मू ...शेष पृष्ठ 10 पर

## अब अपने अस्तित्व की जंग लड़ रहा पाकिस्तान

विशेष संवाददाता

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि भारत की हालिया जवाबी कार्रवाई में मारे गए आतंकवादियों के प्रति पाकिस्तान का खुला समर्थन यह साबित करता है कि वह देश न केवल आतंकवाद का पनाहगाह है, बल्कि अब अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहा है।

महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर लखनऊमें एक सभा को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि भारत की कार्रवाई में जब आतंकवादी मारेगए तो पाकिस्तान के शीर्ष सैन्य अधिकारी और राजनेता उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुए। इस बेशर्मी भरे प्रदर्शन से दुनिया की आंखें खुल जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान केवल आतंकवाद को



संरक्षण नहीं दे रहा, वह सीधे तौर पर इसमें शामिल है। उसकी संलिप्तता अब इतनी स्पष्ट हो गई है कि उसे अपने अस्तित्व के लिए भी संघर्ष करना पड़ेगा। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत ने कड़ा जवाब देने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि आप सभी ने देखा होगा कि हमारे पर्यटकों पर कितनी बर्बरता से हमला किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दृढ़ संकल्प लिया और हमारे बहादुर सैनिकों ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया। आदित्यनाथ ने लोगों से राष्ट्रीय एकता बनाए रखने और परीक्षा की इस घड़ी के दौरान सशस्त्र बलों का समर्थन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक भारतीय को जिम्मेदारी से काम करना चाहिए। यदि कोई शरारती तत्व अशांति फैलाने की कोशिश करता है, तो हमें सतर्क रहना चाहिए और राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने वाले किसी भी कृत्य का पर्दाफाश करना चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए फैलाई जा रहीं गलत सूचनाओं के बारे में भी चेतावनी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अफवाहें फैलाने की कोशिशें होंगी। लेकिन हमें ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### पोप लियो 18 मई को ग्रहण करेंगे पद



वेटिकन सिटी। वेटिकन ने कहा है कि पोप लियो 14वें को 18 मई को एक सामूहिक प्रार्थना सभा में औपचारिक रूप से पोप के रूप में पदस्थापित किया जाएगा तथा वह 21 मई को अपना पहला आम दर्शन देंगे। वेटिकन ने शुक्रवार को लियो के आगामी एजेंडे की एक सूची जारी की। इसमें कार्डिनल, वेटिकन के अधिकारियों, मीडिया, राजनयिकों और आम जनता के साथ बैठकें शामिल हैं। वेटिकन ने यह भी कहा कि लियो ने वेटिकन के सभी कार्यालयों के प्रमुखों से, जिन्होंने तकनीकी रूप से पोप फ्रांसिस की मृत्यु के साथ अपनी नौकरी खो दी थी।

### आईसीएआई ने इंटरमीडिएट फाइनल परीक्षाएं कीं स्थगित

नयी दिल्ली। भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान ने नौ से 14 मई तक होने वाली अपनी फाइनल, इंटरमीडिएट और पोस्ट क्वालिफिकेशन परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं और संशोधित तिथियों की घोषणा नियत समय पर की जाएगी। एक अधिकारी ने कहा कि 55,666 छात्रों को अंतिम जबकि 1,02,378 छात्रों को इंटरमीडिएट परीक्षा देनी थी। नोटिस में कहा गया है, और देश में सुरक्षा स्थिति के कारण, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स फाइनल, इंटरमीडिएट और पोस्ट क्वालिफिकेशन पाठ्यक्रम परीक्षा इंटरनेशनल टैक्सेशन - असेसमेंट टेस्ट (आईएनटीटी एटी) मई 2025 की शेष परीक्षाएं नौ मई 2025 से 14 मई 2025 तक स्थगित कर दी गई हैं।

# भारत ने फिर मार गिराये पाकिस्तानी ड्रोन

- सांबा सेक्टर में पाकिस्तानी ड्रोन गिराया
- भारत के 24 हवाई अड्डे 15 मई तक नागरिक उड़ानों के लिए बंद



सीमा पर पाकिस्तानी ने किया ड्रोन से अटैक



हमले में धराशायी हुआ मकान

एजेंसी

नयी दिल्ली। पाकिस्तान ने एक बार कारयराना हरकत करते हुए शुक्रवार को देर रात हमले शुरू कर दिये और लगातार भारतीय सीमा में उसके ड्रोन घुसपैठ करते रहे, जिसका भारतीय सेना ने मजबूती से जवाब दिया और कई ड्रोन मार गिराये। इस बीच अमृतसर, फिरोजपुर में ब्लैकऑउट हो गया। जम्मू के पठानकोठ, सांबा में लगातार पाकिस्तान की तरफ से फायरिंग जारी रही। जम्मू में धमाकों की आवाज आने और सायरन बजने के बाद शहर में शुक्रवार को ब्लैकआउट किया गया। भारत ने 15 भारतीय शहरों को निशाना बनाने की पाकिस्तान की कोशिशों को नाकाम करने के लिए बराक-8 मिसाइल, एस-400 ट्रायम्फ वायु रक्षा प्रणाली, सतह से हवा में मार करने वाली आकाश मिसाइल और स्वदेश विकसित ड्रोन रोधी उपकरण का इस्तेमाल किया। सूत्रों के मुताबिक, ...शेष पृष्ठ 10 पर




## आईपीएल एक सप्ताह के लिए स्थगित

नयी दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते सैन्य टकराव के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को शुक्रवार को एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया और बीसीसीआई ने कहा कि जब देश आतंकी हमले का जवाब देने के साथ सरहद पार से अनुचित आक्रमण का सामना कर रहा है, ऐसे में राष्ट्रहित सर्वोपरि है। जम्मू और पठानकोट में हवाई हमले की चेतावनी के बाद धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच गुरुवार का मैच बीच में ही रद्द होने के बाद से मौजूदा आईपीएल के भविष्य पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे थे। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने एक विज्ञप्ति में कहा बीसीसीआई ने आईपीएल के बाकी मैच तुरंत प्रभाव से एक सप्ताह के लिये स्थगित करने का फैसला किया है। पहले यह बताया गया था कि आईपीएल अनिश्चितकाल के लिये स्थगित कर दिया गया है। इसमें ...शेष पृष्ठ 10 पर

## पाकिस्तान ने तुर्किये के ड्रोन का किया इस्तेमाल : सेना

नयी दिल्ली। पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार की रात भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने, वायु रक्षा प्रणालियों और खुफिया जानकारी इकट्ठा करने के लिए तुर्की के ड्रोन का इस्तेमाल किया और हमले के दौरान अपने असैन्य हवाई क्षेत्र को खुला रखा, जिससे नागरिक उड़ानें खतरे में पड़ गईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और वायु सेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि ज्यादातर ड्रोन को काइनेटिक और नॉन-काइनेटिक तकनीक का इस्तेमाल करके गिराया गया। दोनों सैन्य अधिकारियों ने कहा कि पाकिस्तान ने अपने नागरिक विमानों को ढाल के रूप में इस्तेमाल किया, क्योंकि उसने सात मई को ...शेष पृष्ठ 10 पर

## घुसपैठ नाकाम, सात आतंकी ढेर



एजेंसी

नयी दिल्ली/जम्मू। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने शुक्रवार को कहा कि उसने जम्मू में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार से घुसपैठ की कोशिश कर रहे सात आतंकवादियों को मार गिराया और पाकिस्तान रेंजर्स की एक चौकी को भी नष्ट कर दिया है।

सांबा जिले में बृहस्पतिवार रात करीब 11 बजे सुरक्षा बलों का आतंकवादियों से आमना सामना हुआ था, जब निगरानी करने वाले बीएसएफ के जवानों ने आतंकवादियों के एक बड़े समूह को देखा था। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने कहा कि घुसपैठ की कोशिश को पाकिस्तान रेंजर्स की ढांढर चौकी का समर्थन था, जिनकी गोलीबारी की आड़ में आतंकवादी घुसपैठ करना चाहते थे। उन्होंने कहा कि सैनिकों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया, कम से कम सात आतंकवादियों को मार गिराया और ढांढर चौकी को भारी नुकसान पहुंचाया। अधिकारियों ने कहा कि इस कार्वाई में और भी आतंकवादियों के मारे जाने की संभावना है। बीएसएफ ने उक्त चौकी के एक बंकर पर गोलीबारी और उसके ध्वस्त होने की एक थर्मल इमेजर क्लिप ...शेष पृष्ठ 10 पर

## राजनाथ ने तीनों सेना प्रमुखों के साथ की वार्ता

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शीर्ष सैन्य नेतृत्व के साथ शुक्रवार को बैठक कर राष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य की व्यापक समीक्षा की। यह समीक्षा भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की पाकिस्तान की कोशिशों को विफल किए जाने के एक दिन बाद की गयी।

बताया जा रहा है कि सुरक्षा संबंधी बदलते हालात से जुड़े हर पहलू पर बैठक में चर्चा की गई। बैठक में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, थलसेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, एयर चीफ मार्शल ए. पी. सिंह, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह शामिल हुए। भारत ने बृहस्पतिवार रात को जम्मू, पठानकोट, उधमपुर एवं कुछ अन्य स्थानों में सैन्य प्रतिष्ठानों पर



पाकिस्तान द्वारा मिसाइल एवं ड्रोन से हमला किए जाने के प्रयासों को विफल कर दिया। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पश्चिमी सीमा पर सुरक्षा संबंधी स्थिति और भारतीय सशस्त्र बलों की अभियानगत तैयारियों की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के प्रयासों को विफल किए जाने के बाद रक्षा मंत्रालय ने कहा कि भारत अपनी संप्रभुता की रक्षा करने और अपने लोगों की रक्षा करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। भारतीय सैन्य अधिकारियों ने बताया कि भारतीय ...शेष पृष्ठ 10 पर



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 35.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 25.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें


- चौकियों पर बंकर बनाकर पुलिस मुस्तैद (पृष्ठ-02)
- आयुष विभाग के कर्मचारियों का अवकाश निरस्त (पृष्ठ-02)
- ट्रंप ने चीन पर शुल्क 80 प्रतिशत घटाने का रखा प्रस्ताव (पृष्ठ-10)
- भारत-न्यूजीलैंड में एफटीए वार्ता का दौर पूरा (पृष्ठ-10)
- रुपया 17 पैसे मजबूत होकर 85.41 प्रति डॉलर (पृष्ठ-10)


विशेष खबर — उरी सेक्टर में नागरिक इलाकों में किया सीजफायर का उल्लंघन, महिला की मौत, दो अन्य घायल

## पाकिस्तानी सैनिकों ने एलओसी के निकट की गोलाबारी

एजेंसी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास के इलाकों में पाकिस्तानी सैनिकों की ओर से भारी गोलेबारी में एक महिला की मौत हो गई और उसके परिवार के दो सदस्य घायल हो गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तानी हमले का समुचित तरीके से जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सैनिकों ने बृहस्पतिवार रात नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया और उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में नागरिक इलाकों में भारी गोलाबारी की।



उन्होंने बताया कि पाकिस्तान ने उरी के सिलिकोट, बोनियार, कमलकोट, मोहरा और गिंगल समेत कई इलाकों को निशाना बनाया। अधिकारियों ने बताया कि भारी गोलेबारी से कई घरों को नुकसान पहुंचा और लोगों को भागने पर मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा कि जब मोहरा के पास एक परिवार के तीन सदस्य गोलेबारी से बचने की कोशिश कर रहे थे तो उनकी कार पर एक गोला गिरने से वे घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां नरगिस बेगम नामक एक महिला की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तानी सैनिकों ने शुक्रवार को भी उरी सेक्टर की टुरना चौकी, गौहालन और चोटाली पर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। उन्होंने कहा, उरी के चोटाली, टुरना चौकी और गौहालन इलाकों में संघर्ष विराम उल्लंघन किया गया। पाकिस्तानी सैनिकों ने बिना उकसावे के भारतीय चौकियों और नागरिक इलाकों पर भारी गोलीबारी की।

## उत्तराखंड : सीएम धामी ने सुरक्षा तैयारियों को लेकर की बैठक



प्रमुख संवाददाता

देहरादून। पाकिस्तान पोषित आतंकवाद के विरुद्ध चलाये ऑपरेशन सिंदूर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेना द्वारा आतंकवाद के विरुद्ध चलाये जा रहे ऑपरेशन सिंदूर में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में भारत द्वारा आतंकवाद के विरुद्ध की जा रही सख़्त कार्रवाई के दृष्टिगत राज्य के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री ने बैठक में सभी अधिकारियों को प्रत्येक परिस्थिति के ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

## रेलवे सुरक्षा बल के एसएसआई होंगे सम्मानित



**लखनऊ।** बरेका रेल सुरक्षा बल के एएसआई ब्रह्मा नाथ शुक्ला को उत्कृष्ट सेवा हेतु महानिदेशक रेल सुरक्षा बल के प्रतीक चिह्न एवं प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया जायेगा। बरेका रेल सुरक्षा बल के सहायक उप निरीक्षक ब्रह्मा नाथ शुक्ला को उनकी उत्कृष्ट सेवा, कर्तव्यनिष्ठा एवं कार्यकुशलता के लिए महानिदेशक रेल सुरक्षा बल प्रतीक चिह्न एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन 201 चुनिंदा आरपीएफ/आरपीएसएफ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिया जा रहा है, जिन्होंने अपने सेवा कार्यों में असाधारण समर्पण, अनुशासन और बहादुरी का परिचय दिया है। श्री शुक्ला की यह उपलब्धि न केवल बरेका बल्कि सम्पूर्ण भारतीय रेल सुरक्षा बल के लिए गर्व की बात है। बरेका महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने सहायक उप निरीक्षक ब्रह्मा नाथ शुक्ला को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## आयुष विभाग के सभी अफसरों व कर्मचारियों का अवकाश निरस्त

**लखनऊ।** आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एमओएस) डॉ. दयाशंकर मिश्र ने आयुष विभाग के अंतर्गत संचालित सभी चिकित्सा महाविद्यालयों एवं चिकित्सालयों में इलाज की सुचारु एवं सुदृढ़ व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मरीजों को समय पर उचित उपचार उपलब्ध हो, इसके लिए पर्याप्त संख्या में योग्य चिकित्सकों की तैनाती एवं आवश्यक औषधियों की उपलब्धता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। दयालु ने भारत-पाकिस्तान युद्ध की वर्तमान स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अग्रिम आदेशों तक किसी भी प्रकार का अवकाश स्वीकृत न किया जाए। उन्होंने कहा कि संकट की घड़ी में आयुष चिकित्सालयों को तत्पर एवं सक्षम रहना होगा, ताकि किसी भी आपात स्थिति में आमजन को त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण करने और नियमित समीक्षा करने के भी निर्देश दिए हैं, ताकि प्रदेश की जनता को निर्बाध एवं प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो सकें।

## 14 मई को राजकीय आईटीआई में लगेगा रोजगार मेला

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अन्तर्गत 14 मई को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), अलीगंज, लखनऊ में 5 प्रतिष्ठित कम्पनियों के रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाली कम्पनियों में टाटा मोटर्स (लखनऊ एवं पंतनगर), शिवा एन्टरप्राइजेज, डीलक्स बेयरिंग्स, जेबीएम तथा एजेस फेड्रल लाइफ इन्श्योरेन्स शामिल हैं। ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट अधिकारी एम० ए० खाँ ने जानकारी दी कि इस मेले में 18 से 30 वर्ष की आयु के अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। पात्रता के अंतर्गत शैक्षिक योग्यता न्यूनतम 10वीं उत्तीर्ण से स्नातक तक रखी गई है। चयनित अभ्यर्थियों को 10,000 से 21,000 रूपए तक मासिक वेतन प्रदान किया जाएगा। मेले में प्रतिभाग करने के इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक प्रमाणपत्रों, बायोडाटा (रिज्यूमे) एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ 14 मई को प्रातः 10 बजे राजकीय आईटीआई अलीगंज लखनऊ में उपस्थित हो सकते हैं।

# यूपी को 'वन ट्रिलियन डॉलर' इकॉनमी बनाने में विश्व बैंक की अहम भूमिका : योगी

## विश्व बैंक के सहयोग से यूपी-एग्रीस कार्यक्रम हुआ लागू, 'एआई प्रज्ञा' का भी हुआ शुभारम्भ, 'एआई प्रज्ञा' से 10 लाख लोगों को मिलेगी ट्रेनिंग

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, कि उत्तर प्रदेश देश की विकास गाथा का पर्याय है। आज सारे विश्व ने मान लिया है कि उत्तर प्रदेश बैरियर नहीं बल्कि भारत का ग्रोथ इंजन है। दोनों ही कार्यक्रम प्रदेश के 'वन ट्रिलियन डॉलर' की इकॉनमी बनने का सपना साकार करेंगे।

सीएम योगी ने यूपी-एग्रीस प्रोजेक्ट में विश्व बैंक की सहभागिता का आभार जताते हुए कहा कि यूपी-एग्रीस के जरिए प्रदेश के कृषि उत्पादकता को बढ़ाने में मदद मिलेगी जो किसानों की उन्नति का कारण बनेगा। ये बातें सीएम योगी ने विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा से मुलाकात के बाद कहीं। मुख्यमंत्री आवास पर विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा संग मुलाकात के बाद दोनों प्रोजेक्ट्स को लॉन्च करते हुए सीएम योगी ने विश्व बैंक की तारीफ की और सहयोग के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि विश्व बैंक हमेशा उत्तर प्रदेश की उन्नति में बड़ा भागीदार बनकर उभरता है। सीएम योगी ने कहा कि चाहे पर्यावरण संरक्षण हो, प्रदेश में टूरिज्म को बढ़ावा देना हो या फिर अवस्थापना से जुड़ी परियोजनाओं का संचालन हो, विश्व बैंक हमेशा से महती भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि आज का दिन कई मायनों में महत्वपूर्ण है।

- 6 माह से 6 वर्ष के बच्चों के लिए जल्द लॉन्च होगा सीएम पोषण मिशन

आज प्रदेश को कृषि और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रयोग के नए युग में प्रवेश कर रहा है। यूपी को उन्नत प्रदेश बनाने की दिशा में सीएम योगी आदित्यनाथ और विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने ऐतिहासिक पहल करते हुए दो प्रमुख कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। शुक्रवार को विश्व बैंक के सहयोग से उत्तर प्रदेश में यूपी-एग्रीस कार्यक्रम को लागू किया गया। इस कार्यक्रम के जरिए प्रदेश के पूर्वांचल व बुंदेलखंड क्षेत्रों में आधुनिक तकनीक आधारित खेती को बढ़ावा मिलेगा। इससे कृषि उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिलेगी और 10 लाख किसानों को फायदा होगा। इसी प्रकार,




योगी सरकार के एक और बड़े प्रोजेक्ट 'एआई प्रज्ञा' का भी शुक्रवार को सीएम योगी द्वारा शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के जरिए उत्तर प्रदेश को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के हब के तौर पर स्थापित करने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के जरिए प्रदेश में 10 लाख युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विभिन्न पहलुओं में दक्ष बनाया जाएगा। इस परियोजना से 10 लाख किसानों को प्रत्यक्ष रूप से लाभ होगा, जिसमें 30 प्रतिशत हिस्सेदारी महिलाओं की होगी। वहीं 10 हजार महिला उत्पादक समूहों को परियोजना से जोड़ा जाएगा।

इसके अलावा 500 किसानों को सर्वोत्तम कृषि तकनीकी जानकारी के लिए विदेशों में भेजा जाएगा। इससे छोटे किसानों को सशक्त बनाने और क्षेत्रीय विषमताओं को खत्म करने में मदद मिलेगी। परियोजना के अंतर्गत पूर्वी उत्तर प्रदेश के 21 जिले श्रावस्ती, बहराइच, बलरामपुर, गोंडा, सिद्धार्थनगर, बस्ती, महराजगंज, संतकबीर नगर, कुशीनगर, गोरखपुर, देवरिया, आजमगढ़, मऊ, जौनपुर, बलिया, गाजीपुर, वाराणसी, चंदौली, मीरजापुर, सोनभद्र और संत रविदास नगर तथा बुंदेलखंड के जालौन, झांसी, हमीरपुर, महोबा, बांदा, ललितपुर और चित्रकूट जैसे जिलों के किसान लाभान्वित होंगे। सीएम योगी ने प्रदेश में बच्चों को पोषक आहार उपलब्ध कराने के लिए नए मिशन को जल्द लॉन्च करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सीएम पोषण मिशन के जरिए छह महीने से छह साल तक के बच्चों को शामिल किया गया है। इस दिशा में स्वयंसेवी संस्थाएं भी अपनी भूमिका निभाएंगी। उल्लेखनीय है कि इस प्रकार की एक योजना इंडोनेशिया में संचालित है, ऐसे में उत्तर प्रदेश से एक विशिष्ट टीम इंडोनेशिया भेजी जाएगी जो इसकी डीटेल्ड स्टडी करके प्रदेश में लागू करने के लिए विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श करेगी। 'एआई प्रज्ञा' योजना के तहत 10 लाख युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल तकनीकों में प्रशिक्षित किया जाएगा। इससे रोजगार और स्टार्टअप कल्चर को बढ़ावा मिलेगा। इस कार्यक्रम के जरिए प्रारंभिक चरण में राज्य के 10 लाख युवाओं को कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, डाटा एनालिटिक्स एवं साइबर सिक्योरिटी जैसे उन्नत तकनीकी क्षेत्रों में प्रशिक्षित करते हुए सर्टिफिकेट भी प्रदान किया जायेगा। यह कार्यक्रम शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, ग्रामीण विकास, राजस्व और सचिवालय प्रशासन जैसे विभिन्न विभागों के सहयोग से संचालित किया जाएगा। एआई प्रज्ञा कार्यक्रम न केवल युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खोलेगा, बल्कि सरकारी सेवा, कृषि, स्वास्थ्य, और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में भी तकनीकी दक्षता को बढ़ावा देगा।

# चौकियों पर बंकर बनाकर पुलिस मुस्तैद

राजा शेख (vol)

**लखनऊ।** भारत-पाकिस्तान के बीच हो रहे युद्ध को देखते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस अलर्ट मोड पर है। वहीं, प्रदेश की राजधानी लखनऊ में पुलिस किसी भी आपात काल से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है, जिसके लिए लखनऊ में कई बड़े चौराहों व प्राचीन इमारतों वाले इलाके में स्थित पुलिस चौकियों पर बाकायदा बंकर (मोर्चा) बनाया है, जिससे किसी भी स्थिति से निपटा जा सके और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल कार्रवाई की जा सके।

- लखनऊ कमिश्नरेट के पांच जोन की 40 पुलिस चौकियों पर बनाये गये बंकर

पुलिस कमिश्नर लखनऊ अमरेंद्र कुमार सेंगर ने भारत-पाक के बीच जारी युद्ध की गंभीरता को देखते हुए किसी भी स्थिति से निपटने के लिए लखनऊ कमिश्नरेट के लगभग सभी जोनों में स्थित कुछ विशेष चौकियों पर मोर्चा बनाने का आदेश दिया, जिसके बाद सभी जोन के डीसीपी अपने-अपने इलाके का भ्रमण किया और संवेदनशील इलाकों की पहचान करने के बाद जिन थाना क्षेत्र की चौकियों पर बंकर बनाने की आवश्यकता लगी, वहां पर बंकर बनवाने के लिए अपने मातहतों को निर्देशित किया। इसके बाद शहर की कई चौकियों पर पुलिस द्वारा बंकर बनाया गया है। बताया जा रहा है कि यदि कोई विपरित स्थिति पुलिस के सामने आती है तो इन्हीं बंकर से वहां संदिग्ध लोगों से मोर्चा भी ले सकते है और अपने नागरिकों की सुरक्षा भी कर सकते हैं।



**प्रत्येक जोन में बनेंगे आठ मोर्चा :** जानकारी के अनुसार पूर्वी जोन के गाजीपुर स्थित पॉलिटेक्निक चौकी उत्तरी जोन के मड़ियांव थाने की दो चौकियां पश्चिमी जोन के वजीरगंज इलाके में छोटा छत्ता अंडर पास, डाली गंज पुल अंडर पास बंकर बना दिए गये हैं। बताया जा रहा है कि लखनऊ कमिश्नरेट के सभी पांच जोन में हर जोन के हिसाब से प्रत्येक जोन में चिन्हित स्थानों पर बंकर बनाया जा रहा है।

# अयोध्या में सत्संग भवन का सीएम योगी आज करेंगे उद्घाटन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अयोध्या धाम के हनुमानकुंड स्थित संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर परिसर में बना यह भवन पर्यटन विभाग के सहयोग से यूपीपीसीएल द्वारा निर्मित किया गया है। इस आधुनिक सत्संग भवन में 400 लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है, जो श्रद्धालुओं को सत्संग और धार्मिक आयोजनों के लिए एक सुविधाजनक स्थान प्रदान करेगा।

- 1 करोड़ 15 लाख की लागत से नवनिर्मित संत रविदास भवन का करेंगे उद्घाटन
- गुरु रविदास और डॉ. बीआर अंबेडकर की मूर्तियों पर करेंगे माल्यार्पण

मुख्यमंत्री दोपहर दो बजे तक अयोध्या के राम कथा पार्क हेलीपैड पर पहुंचेंगे। सबसे पहले वह हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन करेंगे और इसके बाद श्री रामलला के दर्शन के लिए राम जन्मभूमि मंदिर जाएंगे। इसके पश्चात वह संत रविदास मंदिर पहुंचकर गुरु रविदास जी की पूजा.अर्चना करेंगे। इस दौरान वह गुरु रविदास और डॉ. बीआर अंबेडकर की मूर्तियों पर माल्यार्पण करेंगे। उद्घाटन समारोह के बाद मुख्यमंत्री मंच से भक्तों को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के समापन पर सभी के लिए प्रसाद की व्यवस्था भी की गई है। मंदिर के महंत बनवारी पति उर्फ ब्रह्मचारी ने बताया कि यह भवन गुरु रविदास के अनुयायियों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। अयोध्या को वैश्विक धार्मिक और पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए योगी सरकार द्वारा कई परियोजनाएं चल रही हैं। इस भवन के निर्माण से न केवल स्थानीय श्रद्धालुओं को लाभ होगा, बल्कि देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को भी गुरु रविदास के जीवन और शिक्षाओं से परिचित होने का अवसर मिलेगा। यह भवन आध्यात्मिक और सामाजिक समरसता का प्रतीक बनेगा।

**सत्संग हाल की विशेषताएं**

- 1 करोड़ 15 लाख रुपये से निर्माण
- सत्संग हाल में 400 लोगों के बैठने की व्यवस्था
- यह सत्संग, धार्मिक और सामाजिक आयोजनों के लिए आधुनिक सुविधायुक्त है
- यह भवन गुरु रविदास के अनुयायियों के लिए एक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक केंद्र के रूप में उभरेगा

## अयोध्या की यातायात व्यवस्था होगी सुदृढ़

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश सरकार ने अयोध्या में यातायात को सुव्यवस्थित करने और सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए अयोध्या में इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) लागू किया है। इसके तहत आधुनिक यातायात लाइट और उच्च प्रौद्योगिकी वाले कैमरे लगाए गए हैं। यह प्रणाली के जरिए शहर के प्रमुख स्थानों की न केवल निगरानी की जा रही है बल्कि यातायात नियम तोड़ने वालों के खिलाफ स्वचालित चालान की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जा रही है।

एक अधिकारिक बयान में बताया गया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगभग 47 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना के प्रथम चरण की 2022 में शुरूआत की थी। इसके तहत शहर के 20 प्रमुख चौराहों पर यातायात लाइट लगाई गई हैं और नियमों का सख्ती से पालन कराया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि इस प्रणाली के जरिए 36,555 वाहनों के चालान किए जा चुके हैं जिससे सड़क अनुशासन मजबूत हो रहा है। उन्होंने बताया कि आईटीएमएस के तहत लगाए गए कैमरे न केवल यातायात प्रबंधन में सहायक हैं बल्कि शहर की सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूत कर रहे हैं। इनसे प्राप्त डेटा अपराध नियंत्रण और भीड़ प्रबंधन में भी पुलिस की मदद करते हैं। आईटीएमएस के तहत चालान की कार्वाई राम मंदिर में मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा के वक्त ही शुरू हो गई थी।

# महाराणा प्रताप का बलिदान और शौर्य हमारे लिए प्रेरणास्रोत : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में शुक्रवार को अद्भुत शौर्य और साहस के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती श्रद्धापूर्वक मनायी गयी। राजधानी स्थित समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में महाराणा प्रताप के चित्र पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने माल्यार्पण कर नमन किया।

अखिलेश यादव ने महाराणा प्रताप जयंती पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनका त्याग बलिदान और शौर्य हम सबके लिए प्रेरणास्रोत है। आगे की पीढ़ियां भी उनसे प्रेरणा लेती रहेंगी। सभागार में क्षत्रिय समाज के सैकड़ों प्रतिनिधियों के राणा प्रताप अमर रहे और जय भवानी के उद्घोष के बीच उन्होंने समाजवादी सरकार बनने पर महाराणा प्रताप जयंती पर दो दिन की छुट्टी करने और रिवरफ्रंट पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा लगाने की घोषणा की। उन्होंने भाजपा सरकार द्वारा कुंभ को महाकुंभ बताने पर टिप्पणी की कि कुंभ निश्चित अवधि में सदियों से होता आया है। भाजपा कुंभ में महादानी सम्राट हर्षवर्धन के योगदान की चर्चा नहीं करती। उन्होंने कहा कि जो इतिहास जोड़ता न हो उसे इतिहास ही रहने देना चाहिए। महापुरूषों का राजनीतिक लाभ नहीं उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा के एजेंडा में नौकरी नहीं है। भाजपा रोजगार कारोबार के विरूद्ध है। जगह-जगह होने वाले मेलों में कारोबारी आते है। व्यापार बढ़ता है। भाजपा को यह पसंद नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि हमें अपने देश की बहादुर सेना पर गर्व है। हम सब देश के साथ हैं। इस सम्बंध में उन्होंने एक संदेश में कहा है कि संकट का समय समझदारी की और भी अधिक मांग करता है। सभी देशवासियों से अपील है कि किसी भी अपुष्ट समाचार और सूचना पर न तो विश्वास करें, नहीं उसे आगे प्रचारित तथा प्रसारित करें। ऐसे समाचार देश के दुश्मनों द्वारा फैलाए गए झूठ भी हो सकते हैं। मतलब ये दुश्मन की चाल या साजिश भी हो सकती है। इसलिए किसी भी बहकावे या भड़कावे में नहीं आएं। अपने-अपने स्तर पर जिम्मेदाराना व्यवहार करें। स्वयं शांत रहे और दूसरों को भी शांति से रहने के लिए प्रेरित करें। आपदा के इस समय में एकजुटता दिखाएं। जय हिंद के नारों के साथ सभी ने इस संदेश का समर्थन किया। इससे पूर्व अरविन्द सिंह गोप ने कहा कि समाजवादी सरकार में आधा दर्जन क्षत्रिय मंत्री बने थे। राणा प्रताप की जयंती पर छुट्टी दी गई थी। उन्होंने कहा कि हम अपना अपमान और एहसान कभी नहीं भूलते।



- सपा के राज्य मुख्यालय समेत कई जिलों में मनायी गयी महाराणा प्रताप की जयंती
- अखिलेश ने की घोषणा समाजवादी सरकार बनने पर महाराणा प्रताप जयंती पर दो दिन की छुट्टी और रिवरफ्रंट पर लगायेंगे प्रतिमा

# कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का सब कुछ देश पर न्यौछावर

**लखनऊ।** कांग्रेस की ओर से निकाली जाने वाली जय हिन्द यात्रा को प्रशासन की ओर से सहमति नहीं मिली, जिस पर कांग्रेसियों ने शुक्रवार को शहीद स्मारक पर ही भारतीय सैनिकों के मनोबल को बढ़ाने जयघोष के नारे लगाये गये।

इस अवसर पर शहीद स्मारक पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि आज पूरा देश भारतीय सेना पर नाज कर रहा है, उनके पराक्रम को सलाम कर रहा है। मगर दुर्भाग्य देखिये कि प्रदेश की योगी सरकार इसके भी खिलाफ है। एक तरफ जहां पूरे देश में जय हिन्द यात्रा निकाली जा रही है और कहीं भी किसी भी प्रदेश में इस यात्रा को नहीं रोका गया है वहीं दूसरी तरफ योगी सरकार ने पुनः अपने छोटे दिल का परिचय देते हुए जय हिन्द यात्रा को रोककर यह सिद्ध कर दिया कि उसका लोकतंत्र में कोई भी विश्वास नहीं है। राय ने कहा कि मगर हम कांग्रेस के सिपाही हैं और इस निर्णायक घड़ी में सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर पूरी निष्ठा के साथ खड़े है। कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता तन-मन-धन से अपने देश पर न्यौछावर है। हम योगी सरकार की इस तानाशाही से नहीं डरने वाले। यात्रा के रोके जाने के बाद उपस्थित कांग्रेसजनों द्वारा शहीद स्मारक पर ही जयघोष के नारे लगाए गए तथा राष्ट्रगान कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से राज्यसभा में उपनेता प्रतिपक्ष प्रमोद तिवारी, सांसद तनुज पुनिया, पूर्व मंत्री राजबहादुर, नकुल दुबे, पूर्व विधायक सतीश आजमानी, श्याम किशोर शुक्ला, इंदल रावत, निवर्तमान प्रदेश कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश सिंह, निवर्तमान प्रदेश महासचिव मुकेश सिंह चौहान, मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष हिंदवी, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रुद्र दमन सिंह चौहान, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ शहजाद आलम, नरेन्द्र दत्त त्रिपाठी, कै वंशीधर मिश्रा, पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव, तीर्थराज मिश्रा, डॉ. उमा शंकर पाण्डेय, नितिन मिश्रा आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।



- कांगेसियों ने शहीद स्मारक पर भारतीय सैनिकों के मनोबल को बढ़ाने के लिए लगाये जयघोष के नारे

# मजबूत बूथ की संरचना से मिलेगी भाजपा को यूपी में बड़ी जीत : धर्मपाल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने शुक्रवार को अयोध्या में अवध क्षेत्र के नव निर्वाचित मंडल अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी बैठक में संवाद किया। इसके साथ ही अनुसूचित जाति संवाद कार्यक्रम में अयोध्या महानगर एवं जिले के अनुसूचित वर्ग के पदाधिकारियों के साथ में चर्चा की।

- अयोध्या में भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) ने नव निर्वाचित मंडल अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी बैठक में किया संवाद

धर्मपाल सिंह ने मंडल अध्यक्षों से संवाद करते हुए कहा कि चुनाव से लेकर संगठनात्मक गतिविधियों का आधार मंडल है। मंडल की मजबूत संरचना से मजबूत शक्ति केन्द्र और मजबूत बूथ की संरचना तैयार होगी, जो 2027 में भाजपा की उत्तर प्रदेश में बड़ी जीत का माध्यम बनेगी। उन्होंने अनुसूचित जाति संवाद के तहत आयोजित कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर के स्वप्न का भारत निर्माण हो रहा है। जिसमें सामाजिक न्याय एवं संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों से अनुसूचित जाति सहित सभी वर्गों की आर्थिक व सामाजिक उन्नति तथा राजनैतिक भागीदारी निहित है।

धर्मपाल सिंह ने मंडल अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि मंडल की कार्यसमिति गठित की जानी है। 61 सदस्यीय मंडल कार्यसमिति में 15 पदाधिकारी तथा शेष सदस्य होंगे। इसके साथ ही सभी शक्तिकेन्द्रों का प्रतिनिधित्व भी मंडल कार्यसमिति में सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मंडल कार्यसमिति गठन ने यह भी सुनिश्चित किया जाए कि अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, महिला सहित सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व हो और पार्टी के निष्ठावान, समर्पित, परिश्रमी एवं अनुशासित कार्यकताओं को स्थान मिले। उन्होंने मंडल अध्यक्षों से संवाद करते हुए कहा कि मंडल पर पार्टी के सभी कार्यक्रम एवं अभियान प्रभावी रूप से सम्पन्न हो। इसके लिए मंडल पर निवास करने वाले पार्टी के केन्द्र से लेकर बूथ स्तर तक के सभी पार्टी पदाधिकारियों, पार्टी के पुराने नेताओं तथा कार्यकर्ताओं से सतत सम्पर्क व संवाद होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मंडल कार्यसमिति की प्रत्येक माह बैठक सुनिश्चित हो तथा मंडल अध्यक्ष अपने प्रवास सहित सभी कार्यों की डायरी मेंटेन करने का स्वभाव बनाए। निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने वाले मंडलों में मंडल कार्यसमिति का गठन किया जाना है। धर्मपाल सिंह ने अनुसूचित जाति संवाद कार्यक्रम में कहा कि भारतीय जनता पार्टी संवैधानिक मूल्यों का पालन करते हुए देश को विकसित बनाने का लक्ष्य लेकर चलने वाली एकमात्र पार्टी है। कांग्रेस तथा समाजवादी पार्टी की राजनीति का उद्देश्य नेहरू-गांधी परिवार तथा सैफई परिवार की राजनैतिक उन्नति में निहित है। बाबा साहेब ने संविधान की प्रस्तावना को संविधान की आत्मा कहा था। लेकिन कांग्रेस ने संविधान की प्रस्तावना में भी संशोधन कर दिया। कांग्रेस ने सदैव बाबा साहेब का विरोध किया। मुस्लिम तुष्टीकरण के ऐजेंडे पर राजनीति करने वाली कांग्रेस व सपा ने गुंडों, अपराधियों, माफियाओं तथा भ्रष्टाचारियों को राजनैतिक संरक्षण देने का काम किया।



# निषादराज पार्क बनेगा विशेष आकर्षण का केन्द्र : जयवीर सिंह

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा पौराणिक एवं धार्मिक स्थलों के विकास के क्रम में प्रयागराज स्थित निषादराज एवं भगवान श्रीराम के मिलन स्थली श्रृंगवेरपुर में विकसित निषादराज पार्क धार्मिक आस्था को संरक्षित करने के साथ ही आगन्तुकों के लिए ध्यान और योग सहित विभिन्न गतिविधियों का साक्षी बनने जा रहा है। इस पार्क में फूडकोर्ट, आर्ट गैलरी, बच्चों के लिए खेलने की जगह तथा हराभरा पार्क तथा शांतिपूर्ण वातावरण दर्शकों के लिए विशेष अनुभूति प्रदान करेगा। साथ ही त्रेतायुग में बनवास के दौरान निषादराज का आतिथ्य स्वीकार किया था। दोनों का मिलन मित्रता के लिए प्रेरणा माना जाता है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पार्क का संचालन और रख-रखाव पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मोड पर किया जाएगा। इस संबंध में टेंडर प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। निजी संचालक द्वारा पार्क में भोजनए योग-ध्यान केंद्र सहित अन्य सुविधाओं का संचालन किया जायेगा। संचालक को प्रदत्त सेवाओं की गुणवत्ता और शुद्धता का विशेष रखना होगा। पार्क परिसर में बना योग एवं ध्यान केंद्र पर्यटकों को योगाभ्यासए मेडिटेशन का अवसर प्रदान करेगा। संचालक यहां विभिन्न पैकेज तैयार कर सकता है और अतिथियों के लिए बनाए गए गेस्ट रूम का उपयोग भी कर सकेगा। इन सेवाओं में ऑडियो-विजुअल माध्यमों का भी प्रयोग किया जा सकेगा ताकि योग और ध्यान के प्रति जागरूकता फैलाई जा सके। मंत्री ने बताया कि निषादराज पार्क रामायण सर्किट का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और यह स्थल धर्म, योग, कला, व्यंजन और ग्रामीण संस्कृति में रुचि रखने वाले पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा।

# बिना नक्शा बना पेट्रोल पम्प हुआ सील

## औरंगाबाद में बन गये 20 रो-हाउस भवन, एलडीए ने गोमती नगर में मोटर गैराज समेत व्यावसायिक अवैध निर्माण सील किया

विशेष संवाददाता (vol)







**लखनऊ।** शारदानगर में बिना स्वीकृत मानचित्र के पेट्रोल पम्प निर्मित किया गया था। इसी तरह गोमती नगर के विशेष खण्ड में डिटेलिंग ब्रैट्स के प्रबंधक की ओर से कार वर्कशॉप संचालित किया जा रहा था। लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन टीम ने शुक्रवार को गोमती नगर, आशियाना, बिजनौर व मड़ियांव क्षेत्र में कार्रवाई की। इस दौरान बिना स्वीकृत मानचित्र के निर्मित किये गये पेट्रोल पम्प, 20 रो-हाउस भवनों को सील करने की कार्रवाई की गई।

प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी विपिन कुमार शिवहरे ने बताया कि अखिलेश कुमार सिंह व अन्य की ओर से गोमती नगर के विपुल खण्ड में लगभग 300 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था। वहीं, वीरेन्द्र नाथ सिंह की ओर से गोमती नगर के विजयन्त खण्ड में लगभग 300 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर जनता गैराज संचालित किया जा रहा था। इसी तरह गोमती नगर के विशेष खण्ड में डिटेलिंग ब्रैट्स के प्रबंधक की ओर से कार वर्कशॉप संचालित किया जा रहा था। आवासीय भू-उपयोग में अवैध रूप से किये गये इन व्यावसायिक निमार्णों को प्रवर्तन दल ने सील करा दिया। प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी प्रभाकर सिंह ने बताया कि अशोक चौहान व अन्य की ओर से शारदानगर में बिना स्वीकृत मानचित्र के पेट्रोल पम्प निर्मित किया गया था। इसके अलावा अमरनाथ सिंह की ओर से बिजनौर के औरंगाबाद जागीर में रायल सिटी-2, ओमैक्स बाउन्ड्रीवॉल के पीछे लगभग 20,000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में 20 रो-हाउस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था।

अवैध रूप से किये गये इन निर्माण कार्यों को प्रवर्तन टीम द्वारा पुलिस बल के सहयोग से सील कर दिया गया। प्रवर्तन जोन-4 की जोनल अधिकारी वन्दना पाण्डेय ने बताया कि अशफाक व अन्य की ओर से मड़ियांव में सीतापुर रोड स्थित सिमरागौढ़ी में अलशिफा क्लीनिक के बगल लगभग 110 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर अवैध रूप से व्यावसायिक कॉम्पलेक्स का निर्माण करवाया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे उक्त निर्माण कार्य को प्रवर्तन दल ने सील कर दिया।

## महिलाओं को एक करोड़ तक की रजिस्ट्री पर मिल सकती है 1% स्टांप शुल्क में छूट

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को स्टांप एवं निबंधन विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि सर्किल रेट निर्धारण में समानता सुनिश्चित की जाए, विशेषकर एक जैसी परिस्थितियों वाले स्थानों पर। उन्होंने कहा कि रेट निर्धारण में विकास, शहरीकरण और आधारभूत संरचना की प्रगति को ध्यान में रखा जाए, ताकि आमजन को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने रजिस्ट्री प्रक्रिया से पहले दस्तावेजों और भूमि स्वामी के वेरिफिकेशन को अनिवार्य बताते हुए कहा कि इससे भूमि विवादों में कमी आएगी। उन्होंने रजिस्ट्री प्रक्रिया को सरल बनाने और तकनीकी माध्यमों का अधिकतम उपयोग करने पर बल दिया ताकि समय और संसाधनों की बचत हो सके।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि वर्तमान में महिलाओं को 10 लाख रुपये तक की रजिस्ट्री पर एक प्रतिशत स्टांप शुल्क की छूट दी जा रही है। इसे बढ़ाकर 1 करोड़ रुपये तक की रजिस्ट्री पर लागू करने पर विचार किया जाए। उन्होंने कहा कि यह कदम महिलाओं को सशक्त बनाएगा और उनकी आर्थिक भागीदारी को बढ़ावा देगा।

अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि वर्ष 2016-17 में कुल 11 हजार करोड़ रुपये के स्टांप विक्रय हुए थे, जबकि 2024-25 में यह आंकड़ा 30 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। वहीं, वर्ष 2023-24 की तुलना में 2024-25 में 11.67 प्रतिशत अधिक राजस्व की प्राप्ति हुई है।

विभाग ने अब तक 45 जिलों में सर्किल रेट का पुनरीक्षण कर लिया है जबकि शेष 30 जनपदों में यह प्रक्रिया चल रही है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्किल रेट का पुनरीक्षण तार्किक ढंग से किया जाए ताकि जनता को वास्तविक लाभ प्राप्त हो। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जनपदों में रजिस्ट्री कार्यालयों का आधारभूत ढांचा सुदृढ़ किया जाए, पर्याप्त स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और सभी निर्माण कार्य समयबद्ध व गुणवत्ता युक्त हों।

# रहीम नगर में सील तोड़कर हो रहा निर्माण, जोनल ने पुलिस को भेजा पत्र

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** एक तरफ जहां एलडीए की ओर से अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है, वहीं दूसरी तरफ पूर्व में सील बिल्डिंग में चोरी छिपे निर्माण का खेल चल रहा है। एलडीए इंजीनियर ही भवन स्वामी के साथ मिलकर इनका निर्माण करा रहे हैं। गुरुवार को ऐसे ही एक मामले में कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब ने जेई के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। ऐसे ही एक मामले में महानगर थाना स्थित रहीम नगर में टूण्डे कबाब के सामने मो. अजहर खान व अन्य की ओर से सील बिल्डिंग में निर्माण कराया जा रहा है। जोनल अधिकारी की ओर से पुलिस को अनाधिकृत निर्माण कार्य को बलपूर्वक रोके जाने एवं निर्माणकर्ता के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही किये के लिए पत्र लिखा है।

एलडीए की ओर से नियम कानून ताक पर रख निर्मित की जाने वाली बिल्डिंग्स को सील तो कर दिया जाता है, लेकिन कुछ समय बाद फिर उन बिल्डिंग्स में निर्माण का खेल शुरू हो जाता है। कई बार तो निर्माण पूरा होने के बाद ही एलडीए की ओर से कार्रवाई की जाती है। जोनल अधिकारी जोन पांच के पत्र के अनुसार रहीम नगर थाना महानगर विहित प्राधिकारी के सीलिंग आदेश पर 2 अगस्त 2024 के अनुपालन में 23 नवंबर 2024 को सील कर सीलबन्द भवन कर परिसर की निगरानी किये जाने के लिए थानाध्यक्ष, थाना-महानगर को पत्र भेजा गया था। इसके बाद निर्माणकर्ता की ओर से सीलबन्द भवन / परिसर की सील तोड़कर किये जा रहे निर्माण कार्य को रोके जाने के लिए पुलिस उपायुक्त (मध्य) कमिश्नरेट को 31 जनवरी 2025 को पत्र भेजा गया। मगर क्षेत्रीय अभियन्ताओं की ओर से स्थल का निरीक्षण करने पर पाया गया कि मो. अजहर खान व अन्य की तरफ से सील तोड़कर (पट्टा हटाकर) निर्माण कार्य किया जा रहा है, जो नियम विरूद्ध है एवं उप्र. नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 यथा संशोधित 1997 की धारा-28क (1) का उल्लंघन है। अब एक बार फिर जोनल अधिकारी की ओर से अनाधिकृत निर्माण कार्य को बलपूर्वक रोके जाने एवं निर्माणकर्ता के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही किये के लिए पुलिस को पत्र भेजा है।

## बड़े मंगल पर नगर निगम की तैयारी

# 24 घंटे पहले दें 1533 पर दें भंडारे की सूचना

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आगामी 13 मई मंगलवार को ज्येष्ठ मास का पहला मंगलवार यानी बड़ा मंगल पड़ रहा है। इस अवसर पर लखनऊ शहर में हजारों श्रद्धालु मंदिरों में दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए उमड़ते हैं। इसके साथ ही जगह-जगह भंडारे लगाए जाते हैं, जिसमें लोग श्रद्धा भाव से भोजन वितरण करते हैं। ऐसे में नगर निगम लखनऊ ने इस आयोजन को सुव्यवस्थित और स्वच्छ बनाए रखने के लिए विशेष तैयारियां शुरू कर दी हैं।

महापौर सुषमा खर्कवाल के निर्देश पर नगर आयुक्त गौरव कुमार ने शहरवासियों से अपील की है कि जहां कहीं भी भंडारे का आयोजन किया जाए, उसकी सूचना कम से कम 24 घंटे पहले नगर निगम के कंट्रोल रूम नंबर 1533 पर जरूर दें। इससे नगर निगम की टीम उस स्थान पर समय रहते पहुंचकर भंडारे से पहले और बाद में सफाई की व्यवस्था कर सकेगी। नगर निगम के अनुसार, पिछले वर्षों की तरह इस बार भी प्रमुख मंदिरों और मेलों वाले इलाकों जैसे झ हनुमान सेतु, अमीनाबाद हनुमान मंदिर, अलीगंज का नया और पुराना हनुमान मंदिर, छाछीकुआं चौराहा, हजरतगंज आदि क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जोनल अधिकारी औरे रड इन इलाकों का मुआयना कर नियमित रूप से नालियों की सफाई, कूड़ा उठान, चूना-पानी का छिड़काव आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। नगर आयुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि भंडारे के आयोजकों से समन्वय बनाकर डस्टबिन की व्यवस्था कराएं और आयोजन के तुरंत बाद स्थल की सफाई कराई जाए।

- लखनऊ को साफ-सुथरा रखने की शहरवासियों से अपील

### प्रकाश, पानी, सड़क और पेड़-पौधों की होगी व्यवस्था

नगर निगम के विद्युत/यांत्रिक विभाग को यह जिम्मेदारी दी गई है कि वे सभी प्रमुख मंदिरों और मार्गों की स्ट्रीट लाइट्स चालू रखें, ताकि श्रद्धालुओं को रात में किसी प्रकार की असुविधा न हो। जलकल विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि हर प्रमुख मंदिर और पूजा स्थलों पर पीने के पानी के टैंकर उपलब्ध हों। साथ ही यदि कहीं सीवर या मैनहोल की मरम्मत जरूरी है तो वह तुरंत कराई जाए। नगर अभियंताओं को सड़कों की मरम्मत, गड्ढों को भरने और मलबा हटाने का कार्य सौंपा गया है ताकि किसी को आवाजाही में दिक्कत न हो। वहीं उद्यान विभाग को निर्देशित किया गया है कि पेड़ों की टहनियों और झाड़ियों की कटाई-छंटाई समय रहते पूरी कर लें।

### आवारा पशुओं पर नजर, श्रद्धालुओं की सुरक्षा भी होगी सुनिश्चित

पशु कल्याण अधिकारी को आदेश दिया गया है कि जिन इलाकों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ होगी, वहां कैटल कैचिंग टीम तैनात कर दी जाए, जिससे आवारा जानवरों की आवाजाही रोकी जा सके और किसी तरह की असुविधा या दुर्घटना से बचा जा सके।

### अपर नगर आयुक्त करेंगे निगरानी

नगर आयुक्त ने समस्त अपर नगर आयुक्त को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने जोनों का नियमित दौरा करें और सुनिश्चित करें कि सभी तैयारियां समय से पूरी हो जाएं।

### नगर आयुक्त की अपील, भंडारे की पूर्व सूचना दें

नगर आयुक्त गौरव कुमार ने शहरवासियों से अपील की है कि लखनऊ को साफ-सुथरा बनाए रखने में सहयोग करें। कहीं भी भंडारे का आयोजन होने की सूचना 24 घंटे पहले 1533 नंबर पर जरूर दें, ताकि नगर निगम वहां समय से सफाई करवा सके। यह व्यवस्था हम सभी की सुविधा और शहर की स्वच्छता के लिए जरूरी है।

## चार जोनों में अभियान में स्थायी अतिक्रमण छोड़ा, 80 ठेले, काउंटर जब्त

**लखनऊ।** नगर निगम की ओर से शुक्रवार को अलग-अलग जोन में अभियान चलाकर सैकड़ों अस्थायी अतिक्रमण हटाए गए। जोन 3, 4, 6 और 7 में जोनल अधिकारियों की निगरानी में चले अभियान में बड़े अतिक्रमण को छोड़ दिया गया। सड़क, पटरी पर घेर कर रखे गए बड़ी दुकानों के सामानों को बचाकर ठेले, गुमटियों व पटरी दुकानदारों के सामान जब्त को अभियान की इतिश्री कर ली गई। जोन-4 में कमता चौराहा, अवध स्टेशन और चंदन हॉस्पिटल के आसपास से अतिक्रमण हटाया गया। अभियान के दौरान 2 ठेले, 2 सिलेंडर, एक काउंटर और सड़क पर पड़ा लावारिस सामान जब्त किया गया। जोन-6 के सीतापुर बाईपास क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान 30 ठेले, 20 अस्थायी दुकानें, 4 छाते, 3 टायर, 7 तराजू, 4 ठेले और 10 कैरेट जब्त किए गए। अतिक्रमणकारियों से 2200 रुपये का जुर्माना वसूला गया और उन्हें चेतावनी दी गई। जोन-3 में भिठौली तिराहा से मुख्य मार्गों से अतिक्रमण हटाया गया। 21 ठेले, 11 गुमटी, 10 चाऊमीन-बर्गर ठेले, एक गन्ना मशीन, लकड़ी व लोहे के काउंटर, कैरेट जब्त किए गए।

# रक्षा जरूरतों के साथ ही रोजगार के नये द्वार भी खोलेगा डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर

## सरकार ने डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के तहत अब तक किए कुल 170 समझौता ज्ञापन,एमओयू के माध्यम से कॉरिडोर में हो रहा है करीब 30 हजार करोड़ का अनुमानित निवेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पाकिस्तान के साथ मौजूदा संबंधों को देखते हुए भारत अपनी हर आवश्यक रक्षा जरूरतों को पूरा कर रहा है। निकट भविष्य में भारत की इन सभी जरूरतों को पूरा करने में उत्तर प्रदेश महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहा है। सीएम योगी का ड्रीम प्रोजेक्ट डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर न सिर्फ रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ा रहा है, बल्कि प्रदेश में रोजगार सृजन का भी मजबूत आधार तैयार कर रहा है। इस कॉरिडोर के तहत अब तक 170 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) के माध्यम से करीब 30 हजार करोड़ रुपये का अनुमानित निवेश आकर्षित किया गया है, जिससे लगभग 50 हजार लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है।

यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के तहत अब तक 57 निवेशकों को भूमि पट्टे पर आवंटित की गई है, जो अपनी उत्पादन इकाइयों को स्थापित करने के विभिन्न चरणों में हैं। इन इकाइयों के माध्यम से 9462.8 करोड़ रुपए का निवेश जमीनी स्तर पर साकार हो चुका है, जिससे 13,736 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। उल्लेखनीय है कि पहला पट्टा जून 2021 में निष्पादित किया गया था और मात्र चार वर्षों से कम समय में 57 उद्योग इस कॉरिडोर में अपनी सुविधाएं विकसित कर रहे हैं।

आत्मनिर्भर भारत का मजबूत आधार बन रहा डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर

उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर न केवल प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रहा है, बल्कि भारत को रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। कॉरिडोर में स्थापित होने वाली इकाइयां भारतीय सेना की जरूरतों को पूरा करने के लिए आधुनिक उपकरण और हथियारों का निर्माण करेंगी, जिससे आयात पर निर्भरता कम होगी। योगी सरकार का लक्ष्य कॉरिडोर के सभी नोड्स में निवेश और रोजगार के अवसरों को और विस्तार देना है। इसके अलावा, आगरा और चित्रकूट नोड्स में भी जल्द ही भूमि आवंटन और उद्योग स्थापना की प्रक्रिया तेज की जाएगी। यह कॉरिडोर न केवल प्रदेश को औद्योगिक हब के रूप में स्थापित कर रहा है, बल्कि हजारों युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार भी खोल रहा है। यह ह्यमेक इन इंडियाह्न और ह्यआत्मनिर्भर भारतह्न के विजन को साकार करने की दिशा में भी एक ठोस कदम है।

### झांसी से अलीगढ़ तक निवेश की बयार

कॉरिडोर के छह नोड्स (लखनऊ, अलीगढ़, कानपुर, झांसी, आगरा और चित्रकूट) में निवेश और रोजगार सृजन की व्यापक योजना कार्यान्वित हो रही है। प्रत्येक नोड में विशिष्ट रक्षा उत्पादों के निर्माण की दिशा में तेजी से प्रगति हो रही है।

### झांसी: विस्फोटक और गोला-बारूद का केंद्र

झांसी नोड में 16 कंपनियों को 531.09 हेक्टेयर भूमि आवंटित की गई है, जिसके तहत 4372.81 करोड़ रुपए का निवेश और 2928 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रस्तावित है। यहां विस्फोटक, गोला-बारूद, प्रणोदन प्रणाली, और मिड-कैलिबर इन्फैन्ट्री हथियारों के लिए मोबाइल प्लेटफॉर्म जैसे उद्यम स्थापित होंगे।

### कानपुर: छोटे हथियार और बुलेटप्रूफ जैकेट

कानपुर नोड में 5 कंपनियों को 210.60 हेक्टेयर भूमि आवंटित की गई है, जिससे 1758 करोड़ रुपए का निवेश और 2200 लोगों को रोजगार मिलेगा। यहां छोटे, मध्यम और बड़े साइज के गोला-बारूद, बुलेटप्रूफ जैकेट, विशेष कपड़े, और छोटे हथियारों की इकाइयां स्थापित की जा रही हैं।

### अलीगढ़: ड्रोन और काउंटर ड्रोन का हब

अलीगढ़ नोड में सर्वाधिक 24 कंपनियों को 64.001 हेक्टेयर भूमि आवंटित की गई है, जिसमें 1921 करोड़ रुपए का निवेश और 5618 लोगों को रोजगार प्रस्तावित है। यह नोड ड्रोन, लोइटरिंग गोला-बारूद, काउंटर ड्रोन सिस्टम, सटीक उपकरण, मेक्ट्रोनिक्स, छोटे हथियार, और रडार निर्माण का केंद्र बन रहा है।

## व्यापारी बनेंगे आर्थिक मोर्चे के सैनिक आपूर्ति शृंखला नहीं होगी बाधित

**लखनऊ।** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय संगठन मंत्री एवं उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि वर्तमान संकट की घड़ी में देश का समूचा व्यापारी वर्ग मजबूती से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार और सेनाओं के साथ खड़ा है। जिस प्रकार हमारे वीर सैनिक सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं, उसी प्रकार देशभर के व्यापारी आर्थिक मोर्चे के सैनिक बनकर राष्ट्र की आपूर्ति श्रृंखला को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए कृतसंकल्प हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की नापाक हरकतों का भारतीय सेनाओं ने जिस वीरता और साहस से जवाब दिया है, वह गौरव का विषय है। वर्तमान परिस्थितियां युद्ध जैसी हैं। देश का प्रत्येक नागरिक एक स्वर में सरकार के साथ खड़ा है ताकि पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाया जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि देश एवं प्रदेश में खाद्यान्न और आवश्यक वस्तुओं की कोई कमी नहीं है। बाजारों में भरपूर मात्रा में सभी वस्तुएं उपलब्ध हैं और सरकार के पास भी पर्याप्त भंडार मौजूद हैं। अतः किसी भी नागरिक को आवश्यकता से अधिक स्टॉक करने की जरूरत नहीं है। कोविड काल की भांति व्यापारी न केवल आपूर्ति को बनाए रखेंगे, बल्कि आवश्यकता पड़ने पर लोगों के घरों तक सामान भी पहुंचाएंगे। उन्होंने व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि देशभक्ति केवल भावनाओं से नहीं, बल्कि अनुशासन, धैर्य और संयम से सिद्ध होती है। सरकार और सेनाएं पूरी तत्परता से स्थिति पर नियंत्रण रखे हुए हैं, और ऐसे समय में व्यापारी वर्ग को संगठित रहकर राष्ट्रीय हित में कार्य करना है। उन्होंने कहा कि बाजारों को लेकर कोई भी निर्णय सरकार की आधिकारिक सलाह के बाद ही लें। आज आवश्यकता है कि हम सभी एकजुटता, विवेक और राष्ट्रभक्ति के साथ देश की सेवा में अपना योगदान दें। मातृभूमि के प्रति श्रद्धा केवल एक भावना नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है और इस जिम्मेदारी को देशभर के नौ करोड़ से अधिक व्यापारी पूर्ण अनुशासन और समर्पण के साथ निभाएंगे।

## पूर्वी यूपी में जियो एयर फाइबर का बढ़ा दबदबा

**लखनऊ।** रिलायंस जियो ने उत्तर प्रदेश पूर्व में 5जी फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस (एफडब्ल्यूए) सेगमेंट में अपना प्रभुत्व और मजबूत कर लिया है। जियो एयर फाइबर ने इस सेगमेंट की ग्राहक बाजार हिस्सेदारी का 87.7% हिस्सा हासिल कर लिया है। यह जानकारी भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) की ओर से मार्च 2025 के महीने के लिए जारी नवीनतम ग्राहक डेटा रिपोर्ट के अनुसार है। ट्राई के आंकड़ों के अनुसार, सेवा क्षेत्र में 31 मार्च 2025 तक जियो एयर फाइबर के साथ 4.26 लाख से अधिक ग्राहक जुड़े, जबकि एयरटेल 59,990 ग्राहकों के साथ कहीं पीछे रहा। पूर्वी यूपी में कुल 5जी एफडब्ल्यूए ग्राहक संख्या 4.86 लाख से अधिक है। राष्ट्रीय स्तर पर भी जियो 5जी एफडब्ल्यूए सेगमेंट में आगे है और जियो एयर फाइबर ने मार्च 2025 तक देश में ग्राहक बाजार हिस्सेदारी का 82.3% हिस्सा हासिल किया।

## परफ्यूम मेकिंग के साथ मदर्स डे मनाने का मौका

**लखनऊ।** मदर्स डे के मौके पर टाइटन वर्ल्ड की ओर से शनिवार व रविवार को देश भर में 163 से अधिक टाइटन वर्ल्ड स्टोर पर परफ्यूम मेकिंग एक्टिविटी का आयोजन करने जा रहा है। जहां उपभोक्ताओं को अपने जीवन की सबसे खास महिला अपनी मां के साथ कुछ यादगार पल बिताने का मौका मिलेगा। इस एक्टिविटी के तहत लोगों को फ्रेगरेन्स ब्लेंडिंग की कला में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। जहां वे असेंशियल ऑयल्स के क्युरेटेड सलेक्शन का उपयोग कर पर्सनलाइज्ड 50 एमएल परफ्यूम तैयार करेंगे। इसे कोई भी व्यक्ति अपनी मां के साथ मिलकर बना सकता है या अपनी मां को सरप्राइज गिफ्ट देने के लिए तैयार कर सकता है। राहुल शुक्ला, वाईस प्रेजीडेन्ट एवं मार्केटिंग ऑफिसर ने यह जानकारी दी।

# मशीन व मैनुअली की जाये नालों की सफाई, सिल्ट को तत्काल हटाया जाये

## नगर आयुक्त ने बाढ़ पम्पिंग स्टेशन की तैयारियों का निरीक्षण किया

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** नगर आयुक्त गौरव कुमार ने शुक्रवार को नालों की सफाई और बाढ़ पम्पिंग स्टेशन की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने टेढ़ी पुलिया, जानकीपुरम विस्तार, बंधा रोड, बाढ़ पम्पिंग स्टेशन और जोन-3 कार्यालय का जायजा लिया। नगर आयुक्त ने शुक्रवार को सबसे पहले टेढ़ी पुलिया के पास बड़े नाले की सफाई का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नाले की सफाई मशीनों के साथ-साथ मैन्युअल रूप से भी की जाए और निकाली गई सिल्ट को तुरंत हटाया जाए। इस दौरान अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव, मुख्य अभियंता (सिविल), मुख्य अभियंता (विद्युत/यांत्रिक), जोनल अधिकारी-3 और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

इसके बाद टेढ़ी पुलिया सेक्टर-डी की सब्जी मंडी के बाहर मुख्य सड़क पर अतिक्रमण और साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अतिक्रमण हटाया जाए और सफाई सुनिश्चित की जाए। बाढ़ पम्पिंग स्टेशन को जाने वाली सड़क के दोनों किनारों की नालियों की साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए हैं। क्षेत्र में सभी नालियों की समय-समय पर साफ-सफाई कराने के भी निर्देश दिए।

बाढ़ पम्पिंग स्टेशन के पम्प और उपकरणों की टेस्टिंग कर स्टेशन को पूरी तरह क्रियाशील करने का आदेश दिया गया। नगर आयुक्त ने जोन-3 के नए कार्यालय का भी निरीक्षण किया। आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने कार्यालय में साफ-सफाई को लेकर सराहना की। इसके साथ ही बैठने की व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं की स्थिति को देखा तथा बेहतर प्रबंधन के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## 110 वार्डों में 2.10 करोड़ से शुरू होंगे विकास कार्य, एक करोड़ मंजूर

**लखनऊ।** शहर के सभी 110 वार्डों में 2.10 करोड़ रुपये से विकास कार्य शुरू होंगे। महापौर सुषमा खर्कवाल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए नगर निगम की कार्यकारणी व सदन से निर्धारित प्राथमिकता वाले कार्यों के लिए बजटकी धनराशि स्वीकृत दे दी है। महापौर ने नगर आयुक्त को पत्र जारी कर निर्देश दिया है कि स्वीकृत धनराशि की पहली किस्त के रूप में 1.00 करोड़ रुपये वार्डवार जारी कर दी जाए, जिससे जरूरी विकास कार्य समय से शुरू किए जा सकें। यह कार्य नगर निगम के 110 वार्डों में स्थानीय स्तर पर प्राथमिकता के आधार पर तय किए गए हैं। इस धनराशि का उपयोग सड़क मरम्मत, जल निकासी व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट की मरम्मत, नाली सफाई, सार्वजनिक स्थानों की मरम्मत और अन्य आवश्यक बुनियादी कार्यों में किया जाएगा। महापौर का कहना है कि यह पहल सीधे जनता की समस्याओं से जुड़ी है और नगर निगम इस पर गंभीरता से कार्य कर रहा है। इससे पहले भाजपा पार्षदों ने शहर का विकास ठप करने का आरोप लगाते हुए नाराजगी जताई। उनका कहना है कि 2 महीने से कोई बजट नहीं जारी हुआ है। पार्षद दल के उप नेता सुशील कुमार तिवारी ने महापौर सुषमा खर्कवाल को पत्र लिखकर तत्काल बजट जारी करने की मांग की गई। भाजपा पार्षदों का कहना है कि दो महीने से विकास व सुधार का काम एकदम ठप हैं। वार्डों की जनता गलियों, नालियों, पुलिया, क्रॉसिंग, नाले, नाली, मार्ग प्रकाश, शुद्ध पेयजल के लिए पार्षदों के कार्यालय पर दबाव बना रही है। उन्हें घेर रही है।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# यूपी में बढ़ी सुरक्षा, महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर पुलिस की नजर

## रेलवे और बस स्टेशन पर करायी जा रही चेकिंग, अर्ध सैनिक बलो के हवाले अहम प्रतिष्ठान

विशेष संवाददाता (vol)

- यूपी के बार्डर पर कड़ा पहरा, चल रही चौबीसो घंटे चेकिंग, हाई अलर्ट पर एयरबेस

**लखनऊ।** देश की सीमा पर तनाव के बीच प्रदेश में आंतरिक सुरक्षा के लिए भी सतर्कता बढ़ा दी गई है। प्रमुख सैन्य एवं रणनीतिक महत्व के प्रतिष्ठानों, अयोध्या, मथुरा, काशी सहित आस्था के प्रमुख केंद्रों, ऐतिहासिक और राष्ट्रीय गरिमा से जुड़े अन्य स्थलों की सुरक्षा बढ़ाने के साथ कड़ी सतर्कता के निर्देश दिए गए हैं।

नेपाल से जुड़े सीमावर्ती गांवों के लोगों से अपील की जा रही कि कोई संदिग्ध दिखने पर तुरंत सूचित करें। स्थानीय दुकानों से खरीदारी के लिए आने वाले नेपाली लोगों पर भी नजर रखी जा रही है।

पुलिस बल और एसएसबी की संयुक्त गश्त चल रही है। सीमा से 500 मीटर पहले ही वाहनों को रोककर चेकिंग की जा रही है।राजधानी के बीकेटी, सहारनपुर के सरसावा, अयोध्या, आगरा, प्रयागराज, बरेली और हिंडन के एयरबेस को हाई अलर्ट पर रखा गया है। एक्सप्रेसवे पर बनी हवाई पट्टियों पर भी सुरक्षा बलों को उतार दिया गया है। कानपुर में आयुध निमार्णी समेत अन्य सैन्य प्रतिष्ठानों की सुरक्षा भी कड़ी की गई है। कानपुर में आर्डनेंस फैक्ट्रियां, सैन्य साजो-सामान के लिए शोध करने वाली डीएमएसआरडीई और आइआइटी जैसे संस्थान व छावनी क्षेत्र, एयरफोर्स स्टेशन और एयरपोर्ट हैं। यहां की सुरक्षा सेना और अर्द्ध सैनिक बल लगाये गये है। वही इनसे सटे क्षेत्रों में पुलिस की निगरानी बढ़ा दी है।प्रदेश में खुफिया तंत्र को विशेष रूप से सक्रिय किया गया है। जरूरत पड़ने पर सेना की मूवमेंट होती है तो उसे सुरक्षित रखने की कार्ययोजना बना ली गई है।

अयोध्या, मथुरा, काशी में प्रमुख मंदिरों के आसपास छतों पर भी सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। रामनगरी में रामजन्मभूमि परिसर सहित संपूर्ण रामनगरी में प्रवेश एवं निकास मार्ग पर चेकिंग की जा रही है।होटल, गेस्ट हाउस, होम स्टे, धर्मशालाओं के संचालकों को आगंतुकों पर विशेष दृष्टि रखने का निर्देश दिया गया है।रेलवे एवं बस स्टेशन पर भी चेकिंग कराई जा रही है। इसके साथ ही लखनऊ छावनी को हाई अलर्ट पर रखा गया है। मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि और द्वारिकाधीश के मंदिरों के आसपास सुरक्षा सख्त कर दी गई है।

### पुलिस कर्मियों की छुट्टियां कैंसिल ड्यूटी पर बुलाया गया वापस

**लखनऊ।** भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच लखनऊ में पुलिसवालों की छुट्टियां निरस्त कर दी गई हैं। पुलिस मुख्यालय से इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है।इस आदेश में संयुक्त पुलिस आयुक्त अमित वर्मा के हस्ताक्षर हैं।

मुख्यालय के संयुक्त पुलिस आयुक्त की ओर से जारी आदेश में लिखा गया है- पुलिस जवानों की सभी तरह की छुट्टियां तत्काल प्रभाव से बंद की जा रही हैं।जो भी जवान अभी छुट्टी पर हैं, उन्हें ड्यूटी पर वापस बुलाया जाए। आदेश में यह भी कहा गया है कि विशेष परिस्थितियों में छुट्टी मिल सकती है। इसके लिए कमिश्नरेट स्तर का कोई भी अधिकारी स्वीकृति नहीं देगा।छुट्टी लेने के लिए अग्रिम आदेश तक संबंधित पुलिस उपायुक्त से स्वीकृति लेनी होगी। संयुक्त आयुक्त ने लिखा है- यह आदेश लखनऊ पुलिस आयुक्त की ओर से दिया जा रहा है।इस आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करें।

### लखनऊ पुलिस अलर्ट मोड पर प्रमुख इमारतों की सुरक्षा बढ़ायी

**लखनऊ।** भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव को देखते हुए पुलिस अलर्ट मोड पर है। शहर की प्रमुख इमारतों के आस-पास सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। इसके साथ प्रमुख बाजारों, संवेदनशील स्थानों और भीड़भाड़ इलाकों में पुलिस पेट्रोलिंग तेज कर दी है। रेलवे स्टेशन, बस स्टॉप, मेट्रो स्टेशन और कैंट एरिया में लगातार चेकिंग और पैदल गश्त की जा रही है। पुलिस कमिश्नर ने सभी पुलिस स्टेशन अफसर को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। वहीं जुमा की नमाज के चलते पुराने लखनऊ में पुलिस ने पैदल गश्त करने के साथ पुलिस फोर्स को लगाया गया है।

#### हजरतगंज में एसीपी विकास जायसवाल ने चेकिंग अभियान चलाया

हर छोटी बड़ी घटना पर नजर पुलिस मुख्यालय से सभी पुलिस अधिकारियों को छोटी से छोटी घटनाओं पर नजर रखने को कहा गया है। जिससे कोई छोटी सूचना बड़ी घटना का कारण न बन सके। इसके साथ हर क्षेत्र में सिविल डिफेंस, पीस कमेटी और स्थानीय लोगों के संपर्क में रहें। लोगों को सुरक्षित रहने के टिप्स देते रहें।

#### सोशल मीडिया पर नजर

पुलिस विभाग की साइबर टीम सोशल मीडिया पर लगातार नजर बनाए हुए है। साइबर टीम फर्जी सूचना और देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्त लोगों को चिंहित कर रही है। हजरतगंज इलाके में एडीसीपी मनीषा सिंह ने पुलिस फोर्स और फिल्ड यूनिट के साथ पैदल गश्त कर लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाह न फैलाने की अपील की। इसके साथ ही डॉग स्क्वायड के साथ सिनेमा हाल, मॉल और बाजार में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान लोगों को किसी भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति के दिखने पर पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना देने की बात कही।

#### पुराने लखनऊ में कर रही फ्लैग मार्च

पुलिस ने जुमे की नमाज के मद्देनजर संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च किया। उ्ढ पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने पुलिस और पीएसी के साथ पुराने लखनऊ, इमाम बाड़ा और टीले वाली मस्जिद तक पैदल गश्त की। इसके साथ ही पुराने लखनऊ और प्रमुख इमारतों के बाहर पुलिस अपनी नजर बनाए हुए है। इसके साथ साथ प्रदेश के सभी जनपदो में सुरक्षा के मद्देनजर चौकसी बढ़ा दी गयी है और फ्लैग मार्च किया जा रहा है।

# चचेरी साली से अवैध संबंध का विरोध करने पर पत्नी को उतारा था मौत के घाट

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मोहनलालगंज में पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। आरोपी पति संजय को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। उसके छोटे भाई अजय को शुक्रवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ में पति ने बताया था कि उसका चचेरी साली से प्रेम संबंध था, जिसका विरोध पत्नी सविता कर रही थी।

घटना सोमवार की सुबह की है। संजय अपनी पत्नी सविता और भाई अजय के साथ गोसाईगंज के शिवलर गांव में एक तांत्रिक के यहां गया था। वहां से लौटते समय खुजौली चौराहे पर भाई अपनी दुकान चला गया और पति-पत्नी ई-रिक्शा से घर की ओर निकले।

किसान पथ के किनारे पहुंचने पर पति-पत्नी में विवाद हुआ। गुस्से में संजय ने पत्नी के सिर पर पत्थर से वार किया और साड़ी से गला घोंट दिया। मौत के बाद शव को 20 फीट गहरी खाई में फेंक दिया। जब दोनों घर नहीं पहुंचे, तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। पटरी के किनारे खाई में सविता का शव मिला। मृतका के पिता रामनरेश ने पति संजय, देवर अजय समेत सास-ससुर पर हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था।

प्रभारी निरीक्षक दिलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में कई पुलिस टीमों ने जांच की। पूछताछ में संजय ने बताया कि उसे शक था कि पत्नी उसके खाने में कुछ मिलाती है,जिससे वह बीमार रहता है। पुलिस ने आरोपी पति को हत्या में इस्तेमाल किए गए पत्थर के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस ने हत्यारोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त पत्थर भी बरामद किया।

मृतका सविता के भाई की मानें, तो देवर अजय ने दोनों के दवा लेकर घर के लिये निकलने के बाद लापता होने की बात दोपहर को बताई थी। तांत्रिक के यहां बहन को उसके पति के द्वारा साथ ले जाने की बात भी नही बताई थी। फोन करने पर हर बार नयी कहानी बताता था। शाम को देवर ने ही फोन कर बहन सविता की मौत होने की सूचना दी थी। मायके पक्ष की मानें, तो हत्या में देवर पुरी तरह संलिप्त था। परिजनों ने पूरे मामले में देवर समेत तांत्रिक की संलिप्तता की जांच कर कार्यवाही की मांग की थी।

### ज्वैलर्स का पेड़ से लटकता मिला शव हत्या की आशंका

**लखनऊ।** इटौंजा में एक ज्वेलर्स का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। मृतक की पहचान बब्लू वर्मा (50) के रूप में हुई है। उनका शव महोना नगर पंचायत क्षेत्र के किशुनपुर गांव के मार्ग पर नीम के पेड़ से अंगोछे के सहारे लटका मिला। शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने शव देखा और इटौंजा थाना को सूचना दी। घटनास्थल मृतक के घर से करीब 500 मीटर दूर है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर फॉरेंसिक टीम को बुलाया और परिजनों को सूचित किया। महोना चौकी प्रभारी रविंद्र पाल के अनुसार, मृतक मानसिक अवसाद से पीड़ित थे। हालांकि, परिजनों का कहना है कि वह पूरी तरह स्वस्थ थे। उन्होंने मामले को हत्या बताया है। मृतक के सर पर बंधी पट्टी के बारे में परिजनों ने बताया कि उनका फोड़े का ऑपरेशन हुआ था। बब्लू वर्मा की महोना चौराहे पर ज्वेलरी की दुकान थी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है।

# तेज रफ्तार रोडवेज बस ने कई वाहनों को मारी टक्कर

## दुर्घटना में करीब नौ लोग हुए घायल, ई रिक्शा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** शुक्रवार दोपहर बड़ा हादसा हो गया। कानपुर रोड पर रोडवेज बस (वढ 77 अठ 1791) बेकाबू होकर कई वाहनों को टक्कर मारती चली गई। इस दुर्घटना में 9 लोग घायल हुए, जिनमें दो बच्चे (3 साल और 5 माह) भी हैं। हालांकि, बच्चों बहुत मामूली चोट आई। बस में कुल 25 यात्री सवार थे। सभी को नजदीकी प्राइवेट अस्पताल में भेजा गया।

रोडवेज बस की स्टेयरिंग फेल हो गई थी। कई वाहनों को टक्कर मारते हुए बस दुकान में घुसकर पलट गई। इससे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल है। सूचना मिलते ही एडीसीपी अमित कुमावत मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंचे। करीब 1 घंटे तक कानपुर रोड पर लंबा जाम लगा रहा। बस और अन्य वाहनों को हटाने के लिए दो क्रेन बुलाई गईं। क्रेन से बस और अन्य क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाया गया।

**उन्नाव, लखीमपुर, बिजनौर के यात्री घायल**

हादसे में बस चालक कानपुर के आदर्शनगर निवासी सूरज के अलावा बिजनौर जिले के रवि कुमार (25), ऋषभ सिंह (23), उन्नाव के साहिल (30), उन्नाव निवासी जितेंद्र कुमार (25), लखीमपुर निवासी मिथिलेश (30) घायल हो गए। इनके अलावा, बिहार के समस्तीपुर में रहने वाली संगीता (30), उनके बेटे निशांत (3 वर्ष) और रेयांश (5 माह) भी घायल हुए हैं।

सभी कानपुर जा रहे थे। इसके अलावा छोटा हाथी चालक मोहनलालगंज निवासी मोनू (25) और बंथरा के हिंदू खेड़ा स्थित बकत खेड़ा निवासी ई रिक्शा चालक विनय (23) भी घायल हैं। बस ड्राइवर को छोड़ सभी को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

**स्टेयरिंग फेल होने से कई वाहनों में टक्कर लगी ...** किदवईनगर डिपो की रोडवेज बस में चारबाग से 25 यात्री कानपुर जा रहे थे। इसे कानपुर के ड्राइवर सूरज चला रहे थे। बंथरा पहुंचते ही जुनाबगंज तिराहे से पहले बस की स्टेयरिंग फेल हो गई। ड्राइवर को जैसे ही इसकी भनक लगी तो वह हड़बड़ा गया। वह कुछ कर पाता कि तब तक सड़क के किनारे खड़ी पीएनसी की डीसीएम में बस टकरा गई। डीसीएम से टकराने के बाद बस बेकाबू हो गई। बेकाबू होने के बाद आगे चल रहे पिकअप और छोटा हाथी लोडर वाहन में ठोकर मारकर सड़क किनारे खड़े ई-रिक्शा और विक्रम टेंपो को ठोंक दिया। उसके बाद बालाजी इलेक्ट्रॉनिक शॉप में जा घुसी और पलट गई। इस हादसे में बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग बस गिरने और चीख-पुकार सुनकर आनन-फानन सभी को निकालने में जुट गए। इस दुर्घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी। सूचना के बाद पहुंची बंथरा पुलिस ने स्थानी लोगों की मदद से साथ ही यात्रियों को बाहर निकाला।

घटना में बस के पलटने से ई-रिक्शा ऑटो के नीचे दबकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। साथ ही वहां पर आइसक्रीम फालूदा की दुकान लगाए राजस्थान निवासी और वर्तमान में पहाड़पुर में किराए पर रहने वाले पुष्कर का वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। सभी घायलों को आनन-फानन पास के निजी अस्पताल पहुंचाया गया।

# 50-50 हजार रुपये के दो इनामी को एसटीएफ ने दबोचा

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** यूपी की स्पेशल टास्क फोर्स नें हत्या के मामले में बस्ती जिले से 50 -50 हजार रुपए के पुरस्कार घोषित दो आरोपियों को बस्ती जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के गड़हा गौतम अण्डर पास से गिरफ्तार किया।पकड़े गये कौशल चन्द्र उपाध्याय पुत्र कमलेश चन्द्र उपाध्याय निवासी ग्राम सेठा, थाना कप्तानगंज, बस्ती व रंजना उर्फ अंजली पत्नी कौशल चन्द्र उपाध्याय निवासी ग्राम सेठा, थाना कप्तानगंज, बस्ती नें यूपी एसटीएफ को बताया कि परिवारिक सम्पत्ति विवाद को लेकर परिवार के सदस्यों करूणाकर, राजेश, शान्ति, सिल्पा और कमलेश के साथ मिलकर गोदावरी व उसकी बेटी सौम्या की हत्या कर दी थी। सबूत मिटाने के लिए उनके शवों को जला दिया था। इस घटना में पांच आरोपी जेल जा चुके है। यह अपनी पत्नी के साथ ससुराल एवं बिहार राज्य में छिपकर रह रहे थे। अभी बस्ती होते हुए प्रयागराज जाने की फिराक में थे।उसी दौरान पकड़े गये। पकड़े गये आरोपियों के विरुद्ध तमाम मुकदमे दर्ज है।

### साइबर ठगों का कहर जारी युवती से 81000 रूपये की ठगी

**लखनऊ।** राजधानी में साइबर ठगों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है आये दिन किसी न किसी को इस जालसाजी का शिकार बनाया जा रहा है। ताजा मामला बाजारखाला इलाके का है जहां पर साइबर ठगों ने एक युवती से क्रिप्टो करेंसी की ट्रेडिंग में पैसा लगवा कर ठग लिया। पैसा वापस मांगने पर ट्रांजैक्शन आईडी ब्लॉक कर दी। बाजारखाला थाना पुलिस एफआईआर दर्ज कर कर मामले की जांच कर रही है। तालकटोरा लेबर कालोनी निवासी यशी साहू ने पुलिस को बताया कि 22 अप्रैल को एक नंबर से टेलीग्राम ऐप से जोड़ा गया। उसमें बताया गया कि क्रिप्टो करेंसी की ट्रेडिंग करने पर भारी मुनाफा कुछ ही दिनों में हो जाएगा। उनकी बातों में आकर क्रिप्टो करेंसी की ट्रेडिंग के नाम पर कई बार में 81600 रुपए एक खाते में ट्रांसफर कर दिए। पैसा निकालने की बारी में 70 हजार रुपए की और मांग की गई। पैसा न देने पर ग्रुप से हटाकर आईडी ब्लॉक कर दी गई। पुलिस के मुताबिक खाता नंबर और टेलीग्राम आईडी के आधार पर साइबर ठगों को ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है।

# कर्तव्य पालन में शहीद हुए निरीक्षक सुनील कुमार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार नें शनिवार को पुलिस मुख्यालय में बीती नौ मई को कर्तव्य पालन के दौरान शहीद निरीक्षक स्व0 सुनील कुमार के शोक संतृप्त आश्रित परिजनों को बैंक ऑफ बड़ौदा, पुलिस सैलरी पैकेज के अंतर्गत धनराशि के रूप में 01 करोड़ 80 लाख रुपए का चेक प्रदान किया है।

बतादे कि उ0प्र0 पुलिस एवं बैंक ऑफ बड़ौदा के मध्य पुलिस सैलरी पैकेज का साइन हुआ था, जिसके अन्तर्गत बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा शहीद निरीक्षक स्व0 सुनील कुमार के परिजन को पुलिस सेलरी पैकेज के अंतर्गत 01 करोड़ 80 लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया।शहीद निरीक्षक स्व0 सुनील कुमार एसटीएफ, यूनिट मेरठ में नियुक्त थे।

बीती बीस जनवरी 2025 को निरीक्षक के नेतृत्व में एसटीएफ टीम द्वारा 01 लाख रुपए के पुरस्कार घोषित अपराधी अरशद की गिरफ्तारी के दौरान पुरस्कार घोषित अपराधी अरशद व उसके तीन साथियों द्वारा एसटीएफ टीम पर फायरिंग कर दी गयी थी।

अपराधियों की फायरिंग में स्व0 निरीक्षक सुनील कुमार को कई गोलियां लगने के बावजूद उनके और उनकी टीम द्वारा की गयी फायरिंग में पुरस्कार घोषित अपराधी सहित चारों अपराधी धायल हो गये। जिनकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। कर्तव्य पालन के दौरान घायल निरीक्षक स्व0 सुनील कुमार को मेदान्ता अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहॉ उपचार के दौरान बीती बाइस जनवरी को निरीक्षक सुनील कुमार शहीद हो गये।इस मौके पर एडीजी कानून व्यवस्था/एसटीएफ अमिताभ यश व डीजीपी के जीएसओ एन0 रविन्दर और बैंक ऑफ बड़ौदा के शैलेन्द्र कुमार सिहं, महाप्रबन्धक व उप महाप्रबन्धक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**
**अल्पकालिक निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा अनुभवी एवं जी.एस.टी. मे पंजीकृत आपूर्तिकताओं / कार्य हेतु अनुभवी ठेकेदारों से दो भागों में ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा के प्रथम भाग में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से जमा की गई निविदा मूल्य व धरोहर राशि के रसीद की छायाप्रति, वाणिज्यिक, तकनीकी, अनुभव आदि प्रपत्र ( मात्र निविदा प्रपत्र पर ही) तथा द्वितीय-भाग में केवल मूल्य /दरें ई-पोर्टल etender.up.nic.in पर दिनांक 24.05.2025 समय 12:00 बजे तक अपलोड की जानी है। ई-निविदा का प्रथम भाग दिनांक 24.05.2025 समय 15:00 बजे अथवा उसके उपरान्त खोली जायेंगी । निविदाओं के प्रथम भाग में (1) धरोहर राशि जो EE,EUDD (Residency) के खाते में जमा आर.टी. जी.एस. का विवरण (2) जी.एस.टी. में पंजीयन की प्रति (3) अनुभव संबंधी प्रमाण पत्रों/अनुबन्धों/ आदेशों की छायाप्रतियां (4) शाख की पृष्टि हेतु अन्य प्रपत्र की स्कैण्ड प्रतियां निविदा के प्रथम भाग मे अपलोड करनी होंगी जिनके मूल्यांकन / संबंधित बैंक से पुष्टि के बाद उपयुक्त पायी गई निविदाओं के ही भाग-दो खोले जायेगें । निविदा प्रपत्र मूल्य एवं, धरोहर राशि की धनराशि आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. द्वारा अधिशासी अभियन्ता विद्युत नगरीय वितरण खण्ड-रेजीडेन्सी, लेसा, लखनऊ के बैंक खाता संख्या - 1444100377, आई.एफ.सी. कोड संख्या- CBIN 0280139, Central Bank of India, Hazratganj Lucknow के पक्ष में जमा होनी चाहिये। बैंक जमा की साक्ष्य यथा योज्य यू.टी.आर. संख्या पे-इन-स्लिप मूल की प्रति (इश्यूडस बैंक के कन्फरमेशन मेल की प्रति) ई- निविदा के प्रपत्रो के साथ आन-लाइन अपलोड की जायेगी। निविदा संबंधी समस्त जानकारी www.mvvnl.in पर भी अवलोकित की जा सकती है, परन्तु निविदा का प्रथम व द्वितीय-भाग www. etender.up.nic.in पर ही अपलोड किया जाएगा। निविदा के पुर्नप्रकाशन, अवधि विस्तारण, शुद्धिपत्र, संशोधन अथवा निरस्तीकरण की सूचना www. mvvnl.in एवं www.etender.up.nic. in पर ही प्रकाशित होगी। अधोहस्ताक्षरी को बिना कोई कारण बतायें किसी अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने/संशोधन करने/विभिन्न फर्मों के मध्य विभक्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

1. **निविदा सं. 04/वि.न.वि.मं. (चौक)/2025-26:** विद्युत नगरीय वितरण मण्डल चौक के अधीन आने वाले वितरण खण्ड चौक मे बिजनेस प्लान 2025 - 26 के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु । निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 1180.00/- एवं धरोहर धनराशि रू. 8000.00
2. **निविदा सं. 05/वि.न.वि.मं. (चौक)/2025-26:** विद्युत नगरीय वितरण मण्डल चौक के अधीन आने वाले वितरण खण्ड चौक मे बिजनेस प्लान 2025-26 के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु । निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 3540.00/- एवं धरोहर धनराशि रू. 21000.00
3. **निविदा सं. 06/वि.न.वि.मं. (चौक)/ 2025-26:** विद्युत नगरीय वितरण मण्डल चौक के अधीन आने वाले वितरण खण्ड ठाकुरगंज में बिजनेस प्लान 2025-26 के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 3540.00/- एवं धरोहर धनराशि रू. 12000.00
4. **निविदा सं. 07/वि.न.वि.मं.(चौक)/2025-26:** विद्युत नगरीय वितरण मण्डल चौक के अधीन आने वाले वितरण खण्ड रेजीडेन्सी मे बिजनेस प्लान 2025-26 के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 1180.00 /- एवं धरोहर धनराशि रू. 5000.00
5. **निविदा सं. 08/ वि.न.वि.मं. (चौक)/2025-26 :** विद्युत नगरीय वितरण मण्डल चौक के अधीन आने वाले वितरण खण्ड रेजीडेन्सी मे बिजनेस प्लान 2025-26 के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 1180.00/- एवं धरोहर धनराशि रू. 5000.00 **''राष्ट्रहित मे बिजली बचायें''**

(पत्रांक 2090 / दिनांक 09.05.2025)

**अधीक्षण अभियन्ता**
**विद्युत नगरीय वितरण मण्डल - चौक, लखनऊ।**

# संस्कृति विभाग के निर्माण कार्यों में तय समय में गुणवत्ता से करें पूर्ण : विशाल सिंह

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सभागार में शुक्रवार को निदेशक विशाल सिंह की अध्यक्षता में कार्यदायी संस्थाओं के साथ निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में अपर निदेशक सृष्टि धवन एवं अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक में निदेशक विशाल सिंह ने निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जिसमें परियोजना प्रबंधक द्वारा प्रतिभाग न किये जाने पर अप्रसन्नता व्यक्ति की एवं सख़्त निर्देश दिए कि भविष्य में आयोजित की जाने वाली समीक्षा बैठकों में कार्यदायी संस्था पूरी तैयारी के साथ अपने आर्किट्रेक एवं परियोजना प्रबंधक के साथ उपस्थित हों और अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में निर्माण कार्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है, अतः सभी कार्य पारदर्शिता और प्रभावशीलता से पूरे किए जाएं। निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी और समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया, जबकि वित्त नियंत्रक गुप्ता ने बजट व्यय एवं वित्तीय प्रबंधन पर प्रस्तुति दी। निदेशक ने स्थल निरीक्षण और निर्माण एजेंसियों से समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक का समापन निदेशक द्वारा ईमानदारी व समर्पण के साथ कार्य करने, समस्त कार्य समय सीमा के अंदर पूर्ण करने के साथ-साथ समस्त परियोजनाओं का चार्ट उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में अपर निदेशक संस्कृति सृष्टि धवन, संस्कृति विभाग के वित्त नियंत्रक, सहायक निदेशक रेनू रंग भारती तथा निदेशक अमित अग्निहोत्री सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने वाली हरकतों से बचें

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक सौहार्द के प्रति सतर्कता समय की मांग है। विशेष रूप से तब जब भारतीय सेनाएं अपने शौर्य का प्रदर्शन कर रही हैं और पाकिस्तान को उसकी करतूत का करारा जवाब दिया जा रहा है, हर नागरिक की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। हम सभी ऐसी हरकतों से बचें जो सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने की आशंका पैदा करें।

यह बातें लखनऊ विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग में प्रो मनोज अग्रवाल के कक्ष में राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के दायित्व एवं कर्तव्य पर आयोजित जागरूकता संगोष्टि में भारत भारती के राष्ट्रीय कार्यध्यक्ष विनय पत्राले ने कहीं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान भारत की प्रगति से चिंतित है। एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना से कार्य करें। भाषा भूषा परंपरा से जुड़े रहकर एक श्रेष्ठ सशक्त समरस भारत के लिए सतर्क रह कर कार्य करें। जागरूकता संगोष्ठी को संबोधित करते हुए अर्थशास्त्र विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर मनोज अग्रवाल ने कहा कि पाकिस्तान आक्रामकता का रुख अख्तियार किया है। भारत ने शांति के लिए आतंकवादी अड्डों को ध्वस्त किया है। आर्मी की गतिविधियों को सोशल मीडिया पर न डाले। सरकार और सेना पर पूर्ण विश्वास रखें। पाकिस्तान के आतंकवादी कैम्प वास्तव में वह पाकिस्तानी एनजीओ है। आतंकवादियों के जनाजों को जिस तरह पाकिस्तानी सेना ने सम्मान दिया उससे से यह सिद्ध होता है। कोई मजाक भी नही करना है यह गंभीरता का विषय है। गलत पोस्ट से गलत उम्मीदें जगती है। बिना सहीं जानकारी के कोई भी पोस्ट फारवर्ड न करें। अपनी चर्चा भी संयमित रखें। सावधान -सतर्क रहें। अपने आस पास के लोगों को सुरक्षित रखने का प्रयास करें। युद्ध के लिए भारतीय सेना और सरकार मजबूत है। हमे पैनिक होने की आवश्यकता नहीं है। पाकिस्तान ने जो बोया है वो कटेगा। वह युद्ध के पहले दिन से भीख का कटोरा लेकर खड़ा है। मीडिया भी अफवाहों के ट्रैप में आ सकती है अतः सरकारी सूचनाओं पर विश्वास रखें। ब्लड देने, एक दूसरे की सहायता करने के लिए सदैव तत्पर रहें।

# पंजाबी कवि सुरजीत पातर की थी जनमानस तक व्यापक पहुंच

## उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी की संगोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि सुरजीत पातर की रचनाओं में है सामाजिक चेतना और कलात्मक सौंदर्य का अद् भुत समन्वय

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी की ओर से सुरजीत पातर का व्यक्तित्व एवं कृतित्वविषय पर संगोष्ठी का आयोजन शुक्रवार को अशोक मार्ग स्थित इंदिरा भवन के चतुर्थ तल पर, अकादमी कार्यालय परिसर में किया गया। इस संगोष्ठी के माध्यम से संदेश दिया गया कि वरिष्ठ पंजाबी कवि सुरजीत पातर की जनमानस तक व्यापक पहुंच थी। उनकी रचनाओं में सामाजिक चेतना और कलात्मक सौंदर्य का अद्भुत समन्वय दिखता है। इस अवसर पर अकादमी के निदेशक ओम प्रकाश सिंह ने संगोष्ठी में उपस्थित विद्वानों को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया।

संगोष्ठी में आमंत्रित पंजाबी विद्वान और आजाद लेखक कवि सभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह मोंगा ने बताया कि सुरजीत पातर नारियल की तरह थे। दरअसल सुरजीत पातर, बाहर से सख्त और अंदर से गरी की तरह मुलायम थे। वह ऐसे कवियों में शामिल थे, जो केवल साहित्यकार के रूप में ही लोकप्रिय नहीं थे, बल्कि पंजाब के जनमानस तक भी उनकी बहुत बड़ी पहुंच थी। उन्होंने ऐसी काव्य रचना की, जो पंजाब की आत्मा के गहरे जख्मों को प्रकाश में लायी। सादगी, धैर्य, सहजता, उनके व्यक्तित्व के प्राकृतिक गुण थे। नरेन्द्र सिंह मोंगा ने इस क्रम में बताया कि सुरजीत पातर ने एक कविता लिखी थी जिसका हिंदी अनुवाद कुछ यूं है कि आखिर मिट के है हमको खाद होना। कभी थे फूल, ये किस को है याद होना। किसी को दिखना, किसी को है गुम होना। किसी को गुंबद, किसी को बुनियाद होना। युवा पंजाबी विदुषी रवनीत कौर ने सुरजीत पातर के संदर्भ में कहा कि शरीर मरते हैं शख्सियत कहां मरा करती हैं। वह तो कहीं विचार कहीं आचार और कहीं सभ्याचार बनकर निरंतर बहते रहते हैं।

पंजाबी विदुषी शरनजीत कौर ने कहा कि आधुनिक पंजाबी, कवि पंजाब कला परिषद के प्रधान और पद्मश्री सुरजीत पातर अपने अंतिम समय तक निरन्तर काव्य सृजन में लीन रहे। उन्होंने ह्लहवा विच लिखे हर्फह्न, ह्लबिरख अरज करेह्न, ह्लहनेरे विच सुलगदी वरणमालाह्न जैसी कई लोकप्रिय पुस्तकों का सृजन किया था। वरिष्ठ पंजाबी कवि, अजीत सिंह ने कहा कि सुरजीत पातर के अक्षर सूफियाना होते थे वहीं उनकी रचनाएं घावों पर मरहम लगाती थीं।

उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन की सेवानिवृत्त विशेष सचिव मधु जोशी के अनुसार सुरजीत पातर का व्यक्तित्व गहराई और संवेदना से युक्त है। उनका कृतित्व, पंजाबी साहित्य में सामाजिक चेतना और कलात्मक सौंदर्य का अद्भुत समन्वय प्रस्तुत करता है। उनको पंजाबी साहित्य में योगदान के लिए कई अन्य पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया था, जिसमें साहित्य अकादमी पुरस्कार और सरस्वती सम्मान शामिल हैं। संगोष्ठी में अरविन्द नारायण मिश्र, मीना सिंह, अंजू सिंह सहित पंजाबी समाज के गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# महाराणा प्रताप के बताये मार्ग का अनुसरण करें : पीके सिंह

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- महाराणा प्रताप सिंह पर आयोजित हुई गोष्ठी

**लखनऊ।** आज की युवा पीढ़ी को महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके बताए हुए मार्गों का अनुसरण करना चाहिए । महाराणा प्रताप ने हमेशा अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी। मुगल शासक अकबर के अधीनता को आस्वीकार करते हुए युद्ध लड़ा जिसे हल्दीघाटी के युद्ध के नाम से जाना जाता है यह बात आज क्षत्रिय समाज की वरिष्ठ नेता प्रदीप कुमार सिंह उर्फ पी के सिंह ने ने संगोष्ठी के समय कहीं ।

उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 को राजस्थान के मेवाड़ राजघराने में हुआ था महाराणा प्रताप के पिता उदय प्रताप और माता का नाम जयवंता बाइ था। महाराणा प्रताप शुरू से ही युद्ध कला में बहुत माहिर थे वह हमेशा मुगलों के शासन का विरोध करते रहे। प्रदीप ने कहा की महाराणा प्रताप का जीवन बहुत ही संघर्ष पूर्ण रहा लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और ना ही मुगलों के सामने झुके मुगल शासक अकबर की अधीनता को स्वीकार नहीं किया और उनसे युद्ध



किया 18 जून 1576 को हल्दीघाटी का ऐतिहासिक युद्ध हुआ महाराणा प्रताप ने अकबर की विशाल सेना को तहस-नहस कर दिया था । उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए उनके बताए हुए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। इस अवसर पर विजय प्रताप सिंह ने कहा की महाराणा प्रताप हम लोगों के प्रेरणा है हम युवा उनके बताए हुए मार्गों का अनुसरण कर उस पर चलने की पहल कर रहे हैं जिस तरीके से महाराणा प्रताप ने संघर्ष का रास्ता अख्तियार करते हुए समाज की बुराइयों कुरीतियों को समाप्त करने का काम किया है ।इस प्रकार से हम युवा भी समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने का पहला करेंगे ।इस अवसर पर युवा नेता सार्थक प्रताप सिंह ने कहा की महाराणा प्रताप ने अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई क्षत्रिय समाज के मान सम्मान को बढ़ाने का काम किया। विषम परिस्थितियों में भी उन्होंने मुगल शासक अकबर से समझौता नहीं किया। हल्दीघाटी के ऐतिहासिक युद्ध में भले ही मेवाड़ शासन को सफलता न मिली हो लेकिन जिस तरीके से युद्ध में मुगल सैनिकों का वध किया वह अपने आप में इतिहास है। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता प्रदीप कुमार सिंह, विजय प्रताप सिंह, सार्थक प्रताप सिंह, दिनेश प्रताप सिंह, सुरेश प्रताप सिंह, अवधेश सिंह, आशुतोष सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

# इस माह में छह ग्रह करेंगे गोचर, 5 राशियों के जीवन में आयेगी सुख-समृद्धि

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मई माह का समय ग्रहों के गोचर के कारण विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस दौरान 7 मई से 31 मई तक कई प्रमुख ग्रहों का प्रभाव होने जा रहा है। इनमें बुध, गुरु, सूर्य, केतु, राहु और शुक्र जैसे ग्रह शामिल हैं, जिनका प्रभाव हमारे जीवन के विभिन्न पहलुओं पर पड़ेगा। इस अवधि में मृगशिरा नक्षत्र भी प्रभावी रहेगा, जो इस समय को और भी खास बना देता है। यह समय एक ऐसा अवसर लेकर आ सकता है, जो हमारे लिए उन्नति और सकारात्मक बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो।

ग्रहों का यह गोचर जीवन में नई ऊर्जा का संचार करेगा और विशेष रूप से उन लोगों के लिए अनुकूल रहेगा जो अपने करियर, शिक्षा या व्यक्तिगत जीवन में सफलता और सुधार की तलाश कर रहे हैं। इस समय में कई लोगों के जीवन में नए अवसर सामने आ सकते हैं, जिससे उन्हें उनके प्रयासों का सही फल मिलेगा। यह समय उन लोगों के लिए है, जो अपनी मेहनत और लगन से अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इस दौरान ग्रहों का यह असर विभिन्न क्षेत्रों में सुधार और बदलाव की प्रक्रिया को तेज कर सकता है, जिससे जीवन में नई संभावनाएं और अवसर खुल सकते हैं। आइये जानते हैं किन राशियों पर इसका शुभ प्रभाव पड़ेगा।

### वृषभ राशि

इस समय सूर्य के गोचर से वृषभ राशि के जातकों को विशेष लाभ हो सकता है। खासतौर पर वे लोग जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें सफलता मिलने की उम्मीद है। यह समय उनके लिए शुभ रहेगा और वे अपनी मेहनत का फल पा सकते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में सफलता के नए अवसर सामने आ सकते हैं। इसके अलावा वे अपने कार्यस्थल पर भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे और करियर में उन्नति देख सकते हैं।

### कन्या राशि

कन्या राशि के जातकों के लिए यह समय पदोन्नति और वित्तीय उन्नति का है। कार्यस्थल पर उनका प्रदर्शन शानदार रहेगा और उन्हें अपनी मेहनत का पुरस्कार मिलेगा। यह समय उन लोगों के लिए बहुत अच्छा रहेगा जो नई परियोजनाओं या सौदों से जुड़ना चाहते हैं, क्योंकि उन्हें इनसे अच्छा लाभ प्राप्त होगा। आर्थिक दृष्टिकोण से यह महीना बहुत लाभकारी साबित हो सकता है, जिससे उनकी वित्तीय स्थिति मजबूत हो सकती है।

### वृश्चिक राशि

वृश्चिक राशि के जातकों के लिए यह समय करियर में सफलता और प्रसिद्धि पाने का है। जो लोग लंबे समय से ब्रेक के बाद नए अवसरों की तलाश में थे, उन्हें इस समय में कुछ अच्छे प्रस्ताव मिल सकते हैं। वे अपने पेशेवर जीवन में नए कदम उठा सकते हैं और अपने करियर को एक नई दिशा दे सकते हैं। यह समय उन लोगों के लिए शुभ है जो अपने करियर में कुछ बड़ा करना चाहते हैं।

### कुंभ राशि

कुंभ राशि के जातकों के लिए यह समय करियर में स्थिरता और मजबूती का है। वे अपने काम में बेहतर पहचान हासिल करेंगे और कार्यस्थल पर अपने प्रदर्शन से सबका ध्यान आकर्षित करेंगे। जो लोग उच्च पद पाने के लिए इंतजार कर रहे थे, उनके लिए यह समय विशेष रूप से अनुकूल हो सकता है। उनके सपने अब हकीकत में बदल सकते हैं और उन्हें अपने करियर में महत्वपूर्ण उपलब्धियां मिल सकती हैं।

### मीन राशि

मीन राशि के जातकों के लिए सूर्य के गोचर का प्रभाव सकारात्मक हो सकता है। यदि वे नया व्यवसाय शुरू करने की सोच रहे हैं, तो यह समय उनके लिए बहुत लाभकारी रहेगा। व्यवसाय के क्षेत्र में उन्हें नए अवसर मिल सकते हैं और उनके प्रयास सफल होंगे। इस दौरान वे अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं और उनका व्यवसाय भी बढ़ सकता है। आर्थिक दृष्टिकोण से यह समय उनके लिए लाभकारी रहेगा।

# स्व. रफीक की याद में आज बंद रहेगा सदर साप्ताहिक बाजार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- अब्दुल रफीक खान साहब की 20वीं बरसी व्यापारी देंगे श्रद्धांजलि
- उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, विधायक नीरज सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल रहेंगे मौजूद

**लखनऊ।** शनिवार को सरोजनी नायडू मार्ग पर लगने वाला साप्ताहिक बाजार शहीद अब्दुल रफीक खान साहब की 20वीं बरसी पर पूर्ण रूप से बन्द रहेगा। शुक्रवार को समिति के कार्यालय में आम सभा हुई, जिसमें शहीद अब्दुल रफीक खान साहब की कुर्बानियों को याद किया गया। स्मरणीय रहे कि पटरी दुकानदारों की समस्याओं एवं ठेकेदारी प्रथा को समाप्त कराने के लिये नगर निगम परिसर में 10 मई को आत्मदाह करके शहीद हो गये थे। उनकी 20वीं पुण्यतिथि के अवसर पर 10 मई समय अपरान्ह 02:00 बजे पुराना किला चौकी सदर बाजार में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

उक्त कार्यक्रम में हवन, कुरानख्वानी, भण्डारा एवं शर्बत-पानी का भी वितरण किया जाएगा, जिसमें उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक , विधायक नीरज सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल की गरिमामयी उपस्थिति होगी तथा सभी सम्मानित दुकानदार उपस्थित होकर शहीद अब्दुला रफीक खान को शेखर सुमन अर्पित करेंगे ।सभा को अहमददीन कुरैशी, मो. नदीम सिद्दीकी, मो. वसीम, राजेश कपूर, मो. आरिफ, सुनील तिवारी तथा अमरनाथ शर्मा आदि ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पटरी दुकानदार मौजूद रहेंगे।

# भारत की सुख-समृद्धि और विजय के लिए हुआ पंचकुंडीय यज्ञ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** अहमामऊ स्थित भुइयां बाबा मंदिर में पंचकुंडीय लक्ष्मी नारायण यज्ञ हवन का आयोजन किया गया है। इस यज्ञ के आयोजक आचार्य नंदन पांडे एवं श्री सुबाष द्विवेदी हैं।

यज्ञ में मंत्रोच्चारण का कार्य आचार्य ज्ञानेंद्र शुक्ल (नैमिषारण्य), आचार्य रामजी पाठक, आचार्य आशुतोष तिवारी, आचार्य प्रभाकर शास्त्री, आचार्य प्रशांत शुक्ला, आचार्य अमन शास्त्री, आचार्य शिवम शास्त्री एवं आचार्य प्रदीप मिश्रा द्वारा संपन्न कराया जा रहा है।

इस यज्ञ का शुभारंभ 7 मई को अरणी मंथन द्वारा अग्नि प्रज्वलन कर किया गया। यज्ञ में मुख्य यजमान गिरिजा शरण सिंह, गोपाल शरण सिंह, रीना सिंह, मोहन एवं वैभव मिश्रा सहित अनेक श्रद्धालु सहभागी हो रहे हैं। प्रतिदिन प्रातः 8:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक पंचकुंडीय हवन यज्ञ, तथा सायंकाल 6:00 बजे से 9:00 बजे तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन हो रहा है, जो 12 मई 2024 तक चलेगा। कथा वाचन व्यास नंदन शास्त्री जी द्वारा किया जा रहा है।

मुख्य यजमान जी.एस. सिंह ने बताया कि इस यज्ञ का उद्देश्य ईश्वर को प्रसन्न कर यह प्रार्थना करना है कि भारतवर्ष के सैनिकों को एवं प्रत्येक नागरिक को इतनी शक्ति मिले कि वे देश की रक्षा कर सकें और पाकिस्तान जैसे शत्रु देशों को मुंहतोड़ जवाब दें। साथ ही, ईश्वर की कृपा से भारतवर्ष में धन-धान्य, सुख-शांति और समृद्धि बनी रहे।

# नरसिंह जयंती कल ,भगवान विष्णु की होगी पूजा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** नृसिंह जयंती की पूजा 11 मई को की जाएगी। इस दिन व्रत भी रखा जाता है और विधि विधान से पूजापाठ की जाती है। पौराणिक मान-?यताओं में बताया गया है कि वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर भगवान विष्णु का नृसिंह अवतार हुआ था। भगवान विष्णु का नृसिंह अवतार बहुत खास है। उन्होंने यह रूप अपने भक्त प्रह्लाद की रक्षा के लिए धरा था। प्रह्लाद को उसके पिता हिरण्यकश्यप से जान का खतरा था। हिरण्यकश्यप को मारने के लिए भगवान विष्णु ने यह अवतार लिया। इस अवतार में भगवान का स्वरूप आधे शेर का और आधे मनुष्य का था। इसलिए इस दिन को नृसिंह जयंती के रूप में मनाया जाता है। पूजापाठ की जाती है।

पंचांग के अनुसार, चतुर्दशी तिथि 10 मई, शनिवार को शाम 5 बजकर 30 मिनट पर शुरू होगी और यह 11 मई, रविवार को रात 8 बजकर 2 मिनट तक रहेगी। भगवान नृसिंह का अवतार शाम को हुआ था, इसलिए ये पर्व 11 मई, रविवार को मनाया जाएगा। इस दिन शाम 04 बजकर 21 मिनिट से 07 बजकर 03 मिनिट तक पूजा का शुभ समय है। भक्तों को पूजा के लिए 2 घंटे 42 मिनट मिलेंगे।

नृसिंह जयंती की पूजाविधि

पूजा शुरू करने से पहले पूजा स्थान को साफ करें। गंगा जल छिड़ककर उसे पवित्र करें। एक लकड़ी की चौकी पर कलश रखें। कलश के ऊपर चावल से भरी कटोरी रखें। भगवान नृसिंह और लक्ष्मी जी की मूर्ति स्थापित करें। मूर्तियों को फूलों की माला पहनाएं। भगवान नृसिंह के चित्र के पास घी का दीपक जलाएं। अबीर, गुलाल और रोली जैसी चीजें चढ़ाएं। नीचे लिखे मंत्र को बोलकर भगवान को भोग लगाएं। इसके बाद आरती करें।

# निजीकरण के विरोध में सातवें दिन क्रमिक अनशन जारी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- विस्तारित कार्यकाल पूरा हो जाने के बावजूद निधि नारंग निदेशक वित्त के कमरे में बैठकर निजीकरण की प्रक्रिया बढ़ा रहे हैं आगे
- निधि नारंग पर एफ आई आर दर्ज करने और कंसल्टेंट की नियुक्ति रद्द करने की मांग

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र के आह्वान पर 02 मई से प्रारंभ हुआ क्रमिक अनशन का कार्यक्रम आज सातवें दिन भी जारी रहा। विस्तारित कार्यकाल पूरा हो जाने के बावजूद निधि नारंग का निदेशक वित्त के कमरे में बैठकर निजीकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का आरोप लगाते हुए संघर्ष समिति ने निधि नारंग पर एफ आई आर दर्ज करने की मांग की है। आज निजीकरण के विरोध में प्रदेश के समस्त जनपदों और परियोजनाओं पर विरोध प्रदर्शन किए गए। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने निधि नारंग पर आरोप लगाया है कि वे विस्तारित कार्यकाल पूरा हो जाने के बाद भी निदेशक वित्त के कमरे में अनधिकृत रूप से बैठ रहे हैं और निजीकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहे हैं। संघर्ष समिति ने कहा कि निधि नारंग अवैध ढंग से



नियुक्त किए गए ट्रांजैक्शन कंसलटेंट का झूठा शपथ पत्र देने का मामला दबाए हुए हैं और पॉवर कारपोरेशन के चेयरमैन के साथ मिलकर कंसल्टेंट ग्रांट थॉर्टन की फजीर्वाडा की फाइल ठंडे बस्ते में डालने में लगे हैं।

संघर्ष समिति ने कहा कि कार्यकाल पूरा हो जाने के बाद निदेशक वित्त के कमरे में बैठकर फाइलें देखना और समस्त गोपनीय दस्तावेज ट्रांजैक्शन कंसलटेंट ग्रांट थॉर्टन को ट्रांसफर करना बहुत ही गंभीर घटना है। संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली के निजीकरण के पीछे इतना बड़ा घोटाला और भ्रष्टाचार हो रहा है और आश्चर्य की बात है कि प्रदेश के विद्युत मंत्री अरविंद कुमार शर्मा चुप्पी साथी बैठे हैं। संघर्ष समिति ने निजीकरण की सारी प्रक्रिया तुरंत रद्द करने की मांग की है और कहा है कि अवैध ढंग से निदेशक वित्त के कमरे में बैठकर दस्तावेज देखने और कंसल्टेंट को दस्तावेज ट्रांसफर करने के अपराध में निधि नारंग पर तत्काल एफ आई आर दर्ज की जाए।

निजीकरण के विरोध में आज लगातार सातवें दिन शक्ति भवन मुख्यालय पर क्रमिक अनशन जारी रहा। आज क्रमिक अनशन में 200 से अधिक बिजली कर्मचारी और अभियंता सम्मिलित हुए। क्रमिक अनशन में आज सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बुलंदशहर, गाजियाबाद, नोएडा, गजरौला, और मुरादाबाद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जनपदों तथा लखनऊ नगर के बिजली कर्मचारी और अभियंता सम्मिलित हुए। सबसे प्रमुख बात यह रही कि आज सुदूर दक्षिण के तमिलनाडु प्रान्त के चार इंजीनियर क्रमिक अनशन में शामिल हुए। आज हिमाचल प्रदेश के बिजली कर्मी भी उप्र के समर्थन में अनशन में सम्मिलित हुए। निजीकरण के विरोध में आज प्रदेश के समस्त जनपदों और परियोजनाओं पर विरोध प्रदर्शन किया गया।

# आम के सुगम परिवहन व्यवस्था को लेकर हुआ मंथन

विशेष संवाददाता (vol)

- आम निर्यात प्रोत्साहन के लिए मंडलीय समिति की बैठक सम्पन्न



**लखनऊ।** उद्यान निदेशालय के डास्प सभागार में प्रभारी प्रबंध निदेशक हाफेड विनय कुमार की अध्यक्षता में आम निर्यात प्रोत्साहन के लिए मंडलीय समिति की बैठक शुक्रवार को आयोजित की गयी। बैठक में निर्देशित किया गया कि आम के सुगम परिवहन, गुणवत्ता सुधार और निर्यात में वृद्धि के लिए रेलवे कोच की अग्रिम बुकिंग, मैंगो पैक हाउस की मरम्मत, तकनीकी प्रशिक्षण एवं एयर स्पेस सुनिश्चित कराने की कार्यवाही तेज की जाए।

बैठक में उद्यान विभाग के सभी संयुक्त निदेशक, निर्यात प्रकोष्ठ के उप निदेशक, राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद, कृषि विपणन एवं कृषि निर्यात निदेशालय के प्रतिनिधि, उप निदेशक उद्यान लखनऊ मण्डल सहित 50 से अधिक निर्यातकों एवं कृषि उत्पादक समूहों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में निर्यातक धनंजय प्रताप ने सुझाव दिया कि आम के पेरीसेबल (शीघ्र नष्ट) उत्पाद होने के कारण इसके त्वरित परिवहन की व्यवस्था सुनिश्चित हो। इस पर उप निदेशक उद्यान लखनऊ मंडल ने बताया कि मलिहाबाद से रेलवे कोच की व्यवस्था की जा रही है, जिसकी अग्रिम बुकिंग व्यापारी करा सकते हैं। आम उत्पादक सहकारी समिति मलिहाबाद के उपेन्द्र सिंह ने सुझाव दिया कि गंतव्य स्टेशन से मंडी तक की व्यवस्था भी सुधारी जाए। बैठक में यह निर्देश दिया गया कि रेल मार्ग का भाड़ा सड़क मार्ग से छह गुना कम है, अतः निर्यातकों से रेल मार्ग से एडवांस बुकिंग कराने की अपील की गयी। निर्यातक अकरम बेग (नेचर एक्सपोर्ट, लखनऊ) ने आम की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिये जाने की आवश्यकता बतायी। इस पर प्रबन्ध निदेशक, हाफेड ने जानकारी दी कि उद्यान विभाग द्वारा आम की तुड़ाई पहले और बाद प्रबंधन पर तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है तथा फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी एवं निर्यातकों से एपीडा नई दिल्ली के हार्टीनेट पोर्टल पर पंजीकरण कराने की अपेक्षा की गयी है। बैठक में आम की गुणवत्ता सुधार के लिए मैंगो बैग की समय पर उपलब्धता, मानक डिब्बों की व्यवस्था, जिलेवार क्लस्टर की स्थापना तथा आम उत्पादक किसानों के प्रशिक्षण पर भी चर्चा हुई। मंडी प्रतिनिधि ने बताया कि मैंगो पैकहाउस की मशीनों की मरम्मत का कार्य युद्धस्तर पर हो रहा है तथा वीएचटी ट्रीटमेंट लाइन का प्रमाण पत्र 15 मई तक प्राप्त हो जायेगा। निर्यातकों द्वारा लखनऊ से अधिक मात्रा में आम निर्यात के लिए एयर स्पेस उपलब्ध कराने पर बल दिया गया। इस पर कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय के प्रतिनिधि ने अवगत कराया कि अमौसी एयरपोर्ट लखनऊ से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में एयर स्पेस सुनिश्चित कराने की कार्यवाही जारी है। अवध आम उत्पादक सहकारी समिति के अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह ने निर्यात के लिए अनुदान की पात्रता सीमा को कम करने का अनुरोध किया।

# मानव विकास सूचकांक

सीमा पर पाकिस्तान के बढ़ते तनाव और आतंकवाद से निपटने के लिए भारत के दृढ़ संकल्प के बीच देश के लिए यह अच्छी खबर आयी है कि मानव विकास सूचकांक में भारत ने सुधार किया है। हालांकि यह सुधार मामूली है और अभी भी इस दिशा में बहुत कुछ करने की जरूरत है। लेकिन यह तथ्य है कि धीरे-धीरे ही सही सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और स्वास्थ्य के संदर्भ में भारत की प्रगति दिनोंदिन आगे बढ़ रही है। मानव विकास किसी देश के लिए वह स्थिति है जो आर्थिक प्रगति को परिणाम के रूप में प्रदर्शित करती है। इसको ऐसे समझा जा सकता है कि जैसे-जैसे भारत की आर्थिक प्रगति हो रही है। भारत गरीबी से निकलकर विकास की धारा में आगे बढ़ रहा है, समृद्ध देश बन रहा है। उसी क्रम में भारत का सामाजिक-आर्थिक विकास भी आगे बढ़ रहा है। मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) के नवीनतम संस्करण में भारत की तीन पायदानों की प्रगति मामूली संतोष की वजह ही हो सकती है। ऐसा इसलिए क्योंकि हम अभी भी 193 देशों वाले इस सूचकांक में निचले हिस्से में ही हैं और 2022 के 133वें स्थान की जगह 2023 में हम 130वां स्थान हासिल कर सके। जैसा कि रिपोर्ट बताती है, भारत मानव विकास के मामले में मध्यम श्रेणी में बना हुआ है। परंतु इस पूरी कहानी में




सकारात्मक बातें भी हैं। एचडीआई मूल्य के 2022 के 0.676 से सुधर कर 2023 में 0.685 होने के साथ ही रिपोर्ट यह भी बताती है कि भारत उच्च मानव विकास के कगार पर है। उस दर्जे को हासिल करने के लिए 0.700 का एचडीआई मूल्य आवश्यक है। रिपोर्ट यह भी कहती है कि भारत का एचडीआई मूल्य सन 1990 से अब तक 53 फीसदी सुधार है। यह सुधार वैश्विक और दक्षिण एशियाई, दोनों से औसतन बेहतर है। यह पर्यवेक्षण बताता है कि कैसे भारत अधिकांश आबादी के लिए बेहतर सामाजिक-आर्थिक नतीजों के साथ अपने एचडीआई मूल्य में सुधार कर सकता है। भारत ने जिन क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की वे हैं, जीवन प्रत्याशा, जहां हम 1990 के 58.6 वर्ष से सुधरकर 2023 में 72 वर्ष पर आ गये। इसका श्रेय राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, आयुष्मान भारत और पोषण अभियान जैसे कई कार्यक्रमों को दिया जा सकता है। स्कूली शिक्षा के औसत वर्षों में भी सुधार हुआ है और 1990 में जहां 8.2 वर्ष तक बच्चों के स्कूल में रहने की संभावना होती थी वहीं अब यह सुधार 13 वर्ष हो चुका है। बहुआयामी गरीबी में कमी को सुधारों के वर्षों के बाद की सबसे उल्लेखनीय उपलब्धि माना जा सकता है। 2015-16 से 2019-21 के बीच करीब 13.5 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले। इसके बावजूद भारत एचडीआई में पड़ोसी मुल्कों से पीछे है। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था यानी चीन इस सूचकांक में 75वें स्थान पर है। श्रीलंका और भूटान जैसे छोटे देश क्रमशः 78वें और 127वें स्थान के साथ हमसे बेहतर हैं। बांग्लादेश 130 वें स्थान के साथ भारत की बराबरी पर है। केवल नेपाल (145), म्यांमार (149) और पाकिस्तान (168) ही हमसे पीछे हैं। ये सभी देश गहरे राजनीतिक संकट के शिकार हैं। रिपोर्ट के अनुसार बढ़ती असमानता और लैंगिक असमानता भारत को एचडीआई में पीछे खींच रही हैं। वास्तव में असमानता ने भारत को एचडीआई में 30.7 फीसदी पीछे किया है। यह इस क्षेत्र के सबसे बड़े नुकसान में से एक है। एचडीआई रिपोर्ट से निकले संकेत स्पष्ट हैं। भारत को अपने सार्वजनिक अधोसंरचना क्षेत्र की आपूर्ति गुणवत्ता पर किए जाने वाले व्यय में तत्काल सुधार करने की आवश्यकता है ताकि अधिक से अधिक नागरिकों के पास गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य पाने का अवसर हो। राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे कार्यक्रम, जो बालिकाओं की शिक्षा पर केंद्रित है, ने निःसंदेह मदद की है। परंतु भारत का शिक्षा और स्वास्थ्य व्यय अभी भी काफी कम है जिससे एचडीआई में अपेक्षित सुधार नहीं हो पा रहा है। इसलिए सरकार को समानता, शिक्षा, स्वास्थ्य और लैंगिंग भेदभाव को सुधारने के लिए अभी बहुत कुछ करने की जरूरत है।

# आतंकियों को क्यों पालता है पाकिस्तान

**मनोज वार्ष्णेय**

आजादी के बाद से ही पाकिस्तान भारत के खिलाफ झगड़े तथा आतंक की बिसात बिछाता रहा है। आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक, सामरिक और विकास जैसे मोर्चे पर वह दूसरे देशों से मदद लेकर भारगत के खिलाफ आतंकवाद को पालता है। खुद के विकास के लिए दूसरे देशों के सामने गिड़गिड़ाकर और दयनीय बनकर जो रकम लाता है, उस रकम को वह विकास में न लगाकर आतंकियों को सुरक्षित करने तथा उन्हें दूसरे देशों में, खासकर भारत में जाकर इंसानियत का कत्ल करने के लिए फंडिंग करता है। लेकिन मेंटल डायबिटीज का शिकार पाकिस्तान हर मोर्चे पर भारत से पिटता रहा है। भारत ही क्यों, उन देशों से भी उसे शर्मसार होना पड़ता है जो उसे गाहे-बगाहे आर्थिक-सामरिक मदद देते हैं।

मेंटल डायबिटीज सुनने में भले ही अटपटा लगे लेकिन जिस तरह से पाकिस्तान के नेताओं का मानसिक दिवाला निकल हुआ नजर आता है, उससे साफ पता चलता है कि जिस तरह से मधुमेह का शिकार व्यक्ति शारीरिक रूप से खोखला हो चुका होता है, ठीक वैसे ही अब पाकिस्तान खोखला हो चुका है। किसी भी देश के विकसित होने के लिए चार बातें महत्वपूर्ण होती हैं। पहली वह आर्थिक रूप से मजबूत हो, दूसरा उसके पास इतनी सैन्य ताकत हो कि वह अपने देश-जनता की दूसरे देशों से रक्षा कर सके, तीसरी यह कि उसका सामाजिक इतना रूतबा हो कि कोई भी देश उसका महत्व कम न कर सके तथा चौथी बात और सबसे बड़ी बात यह कि उसके नागरिक उसके लिए अपनी जान न्यौछावर करने में कतई न झिझकें।

> आतंकवाद विश्व व्यापी हो चुका है। दुनिया के अनेक देश पाकिस्तान को आतंक का केंद्र मानते हैं। आतंकवाद के गम्भीर परिणाम दुनिया के बहुत से देशों ने भुगते हैं। झेल रहे हैं। भारत सहित पूरी दुनिया को आतंकवाद के समूल नाश के प्रयास करने चाहिए।

गत वर्षों के इतिहास को नजरअंदाज करके सिर्फ इस वर्ष यानि 2025 को ही देख लें तो स्पष्ट हो जाता है कि पाकिस्तान हर कहीं पिट रहा है। पाकिस्तान की माली हालत इतनी खराब है कि वह अपने देश के लोगों को अपने देश में ही पनप रहे आतंकवाद से राहत नहीं दिलवा पा रहा। बलूचिस्तान में जब-तब पाकिस्तानी सेना पिटती रहती है। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के दस्ते उसकी सेना के



काफिलों को बम आदि के जरिए उड़ा देते हैं और कई बार तो हालात इतने खराब हो जाते हैं कि पूरी ताकत के बाद भी वह अपनी सेना की मदद नहीं कर पाता। इसी साल मार्च में बलूच विद्रोहियों ने जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को हाईजैक कर लिया था और आतंकवादियों के दम पर कूदने वाली पाक सेना उस रेल को लगभग दो दिन में छुड़ा पायी थी।

**सामयिक**

अफगानिस्तान के तालिबानी नेताओं ने भी इसी तरह से उसके साथ बर्ताव किया है। भारत में आतंकवादियों के माध्यम से मासूम नागरिकों की, विशेषकर महिलाओं के सामने उनके पति की हत्या के बाद से तालिबानी भी नाराज हैं। वह खुद कह रहे हैं कि पश्तूनों को इस मामले में नहीं पड़ना चाहिए।

आर्थिक मोर्चे पर तो उसकी हालत इतनी खराब है कि वह अपनी जनता को पानी तक मुहैय्या करवाने में असमर्थ है। दरअसल वह जो भी आर्थिक मदद दूसरे देशों, मददगार संगठनों आदि से लेता है, उसका एक बड़ा भाग भारत के खिलाफ आतंकवाद को समर्थन देने में करता है। उसकी सेना की जितनी भी अवैध गतिविधियां भारत के खिलाफ होती हैं, उसमें भी वह बड़ी धनराशि खर्च कर देता है। अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि भारत में जैसे ही उसके पाले हुए आतंकियों ने सामूहिक हत्या को अंजाम दिया, पाकिस्तान इतना डर गया कि उसने अपनी सेना को देश सुरक्षा के लिए लगा दिया। अनुमान है कि हर रोज वह कम से कम पांच सौ करोड़ तो इस सुरक्षा पर खर्च कर ही रहा है। यदि वह आतंक को पालता नहीं तो यह धन उसके विकास में काम आता। इस पर भारत ने उन सभी मददगार संस्थाओं से अपील की है कि वह पाकिस्तान को आर्थिक मदद न दें, क्योंकि वह जो मदद देते हैं वह पाकिस्तान, भारत की मासूम जनता को आतंकित करने में खर्च करता है। खुद अमेरिका या उसके जैसे दूसरे देश भी अब समझ रहे हैं कि पाकिस्तान किस तरह से उसे मिल रही मदद को गलत काम में खर्च कर रहा है। पाकिस्तान की सबसे बड़ी चोट है उसका सामाजिक असम्मान। चीन, तुर्किए और एक दो देशों के अतिरिक्त उसके पक्ष में कोई खड़ा नजर नहीं आ रहा है। भारत के ऑपरेशन सिंदूर ने उसके देश में आतंक के चेहरों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया और पाकिस्तान सिर्फ बिलबिलाकर रह गया। उसे उम्मीद थी कि भारत के इस ऑपरेशन की उसके मददगार दोस्त राष्ट्र निंदा करेंगे, लेकिन सभी ने भारत को न सिर्फ सराहा बल्कि यह कहा कि उसे अपनी रक्षा को पूरा अधिकार है। यूं भी इस्लामिक आतंक से दुनिया के अधिसंख्या राष्ट्र पीड़ित हैं। इस तरह से पाकिस्तान को जहां से मदद की उम्मीद थी, वहां से उसे असम्मान ही मिल रहा है। किसी भी देश के लिए यह शर्मनाक ही होगा कि उसको विश्व के दूसरे देश असम्मान के भाव से देखें। जरा याद कीजिए कि उसने किस तरह से क्रिकेट के विश्व कप आयोजन के दौरान नखरे दिखाए थे और बाद में उसकी कितनी बेइज्जती हुई थी। यहां पर भी भारत का पलड़ा ऊंचा ही रहा था। सैन्य अथवा सामरिक क्षेत्र में तो उसकी हालत बांग्लादेश जैसी है। भारत ने पाकिस्तान को तीन बार उसके घर में ही जाकर धूल चटा दी और वह अरबों डालर के उधार से प्राप्त सैन्य सामग्री से अपनी रक्षा नहीं कर सका। कारण यह रहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सैन्य अभियान के लिए सेना को पूरी छूट दी तथा देश की जनता ने भी अपनी सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए हर प्रकार से सहयोग किया। इसके विपरीत पाकिस्तान के हुकमरान सेना के इशारे पर नाचते रहे। इससे बड़ी शर्म और दुखद बात कोई नहीं हो सकती कि किसी भी देश का नागरिक युद्ध या युद्ध जैसी परिस्थिति में अपने देश की मदद के स्थान पर दूसरे देश भाग जाने की बात कहें। यह बात सभी जानते हैं कि पाकिस्तान की मस्जिदों से मौलानाओं/आम जनता ने खुलकर यह बात कही थी कि वह भारत का साथ देंगे या भारत भाग जाएंगे। बात सीधी सी है कि इस तरह की बातें वही करते हैं, जो खुद को अपने घर में सुरक्षित महसूस नहीं करते और पाकिस्तान की सेना की हालात तो वहां का हर नागरिक जानता है।

आखिर पाकिस्तान हर मोर्चे पर पिट क्यों रहा है? इसका एक सीधा सा उत्तर यह भी है कि वह सिर्फ भारत के खिलाफ ही सारे काम कर रहा है। उसका ध्यान, धन, सैन्य ताकत सिर्फ इस बात के लिए उपयोग हो रही है कि किस तरह से भारत को आतंकित रखा जाए। जबकि भारत अपने देश के नागरिकों के विकास के साथ ही कूटनीतिक, सामरिक क्षेत्र में तो जबरदस्त तरीके से काम कर ही रहा है। पाकिस्तान जहां तक सोच ही नहीं पाता, वहां से आगे भारत कार्यों को अंजाम दे चुका होता है। पाकिस्तान में जा रहा भारत का पानी रोकना हो या फिर उसकी एनर्जी को डराकर ही खर्च करा देना कम नहीं होता। अब पाकिस्तान भले ही यह सोच-सोचकर परेशान हो कि भारत का अगला कदम क्या होगा?

**सोशल मीडिया**



> महाराणा प्रताप ने सिर्फ शौर्य और पराक्रम का ही प्रदर्शन नहीं किया बल्कि समाज को भी एकजुट रखने का कार्य किया, आने वाली पीढ़ियां उनके जीवन से प्रेरणा लेती रहेंगी। राजनाथ सिंह.

**विचार**

> जब तक मनुष्य के मन में काम, क्रोध, अहंकार और लोभ की अल्प मात्रा भी शेष रहती है, तब तक पंडित और मूर्ख दोनों एक समान होते हैं।
>
> -संत कबीर.

> ऐसी पुस्तक का प्रतिदिन अवश्य अध्ययन करें जो आपके आत्मिक, शारीरिक, सामाजिक अथवा आर्थिक उन्नति में सहायक हो।
>
> -जैन धर्मग्रंथ.

> मनुष्य का अज्ञानता जैसा दूसरा कोई शत्रु नहीं होता।
>
> -चाणक्य.

> बाद में उत्पन्न होने वाली इच्छाओं की पूर्ति करने की अपेक्षा अपनी पहली इच्छा का दमन कर देना ही सरल और श्रेयस्कर है।
>
> -फ्रेंकलिन.

> काम और क्रोध का मूल स्थान इन्द्रियां हैं। इन्हीं इन्द्रियों से कर्म प्रवृत्ति पैदा होती है। इसलिए सबसे पहले इन इन्द्रियों को ही वश में करना चाहिए।
>
> -ज्ञानेश्वरी.

# ईश्वर को महसूस करें

**अंतर्दृष्टि**

व्यक्तित्व के निर्माण में आध्यात्मिक ज्ञान महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आध्यात्मिक ज्ञान मनुष्य में एक नयी अनुभूति विकसित करता है। मनुष्य के आचरण में, व्यक्तित्व और कृतित्व के विकास में ज्ञान की बहुत बड़ी भूमिका होती है। आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये। आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह्वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है। तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए? इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकतिस करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्ल युद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है। यह आत्मविश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है। इसके लिए कर्म ज्ञान भक्ति किसी भी मार्ग अथवा इसके समन्वय का अभ्यास आरम्भ किया जा सकता है। यही है यथार्थवादी आत्मिक प्रगति का राजमार्ग जिसे अपनाकर कोई भी साधक पूर्णता के लक्ष्य की ओर बढ़ सकता है।

# विश्व के आदि ग्रंथों की धरा है भारत

**लोकमित्र**

भारत में पहली बार 1 से 4 मई 2025 तक हुए वेव्स (वर्ल्ड आर्डियो/विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट) सम्मेलन में 90 से अधिक देशों के 10 हजार से अधिक प्रतिनिधियों, 1 हजार से ज्यादा कलाकारों, 300 से अधिक कंपनियों और 350 से ज्यादा स्टार्टअप प्रतिनिधियों ने बार बार एक ही विषय पर 42 मुख्य सत्रों, 39 विशेष सत्रों और 32 मास्टर क्लासेज के दौरान एक ही बात पर बार बार विमर्श हुआ कि आदिग्रंथों की धरा होने के बावजूद भारत आखिरकार रचनात्मक महाशक्ति या क्रिएटिव सुपर पावर क्यों नहीं हैं? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए अपने संबोधन में कहा कि भारत के पास कहानियों का खजाना है और इसमें कोई दो राय नहीं है कि हम वाकई कहानियों के मामले में दुनिया के कथा हब हैं। बावजूद आखिर क्या ऐसी बात है कि भारत में लिखी गई कहानियां, उपन्यास या हमारे यहां बनी फिल्में दुनिया को उस तरह से क्यों नहीं झकझोर पाती, जैसे कि दुनिया के अलग अलग हिस्सों की कई कहानियों, उपन्यासों, फिल्मों और टीवी धारावाहिकियों ने किया है? प्रधानमंत्री मोदी ने सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए एआर रहमान और राजामौली की तारीफ करते हुए और राजकूपर का जिक्र किया, जिनकी फिल्में जापान से लेकर रूस तक आज भी याद की जाती है। लेकिन हम यह भले हिचक के साथ कहें, पर यह तो तय ही है कि आखिरकार क्या ऐसी बात है कि हम इतनी प्राचीन सभ्यता और विराट संस्कृति के स्वामी होने के बावजूद आखिर ऐसी फिल्में, ऐसे धारावाहिक और ऐसी वेबसीरीज क्यों नहीं बना पाते, जिनकी दुनिया के हर भाषा में रियल टाइम पर ही तारीफ हो, अनुवाद हो और दुनिया उन कथाओं पर अपने अपने समाज और समय की धड़कनों को महसूस करें? कहीं ऐसा तो नहीं है कि हमारी क्रिएटिविटी या हमारी रचनात्मकता की अपनी सांस्कृतिक जटिलताएं हों, हमारे अनुभव और हमारी कल्पनाएं असाधारण रचनात्मक होते हुए भी सांस्कृतिक रूप से सम्प्रेषित न हो पा रही हों? कहीं हम कल्चरल ट्रांसलेबिलिटी के शिकार तो नहीं हैं? कहीं हमारा कथात्मक ढांचा यानी नेरेटिव स्ट्रक्चर इतना अलग तो नहीं है कि दुनिया को समझ न आता हो? अगर गहराई से सोचा जाए तो कुछ कुछ ऐसा ही है। दरअसल भारतीय जीवन दृष्टि या जीवनशैली कुछ ऐसी है कि जिसमें सच और झूठ, अच्छा और बुरा जैसे श्याम श्वेत विभाजन नहीं है।




**विमर्श**




भारत के सबसे महान और तथात्मकता से भरपूर ग्रंथ महाभारत को ही लें, तो महाभारत में एक साथ नैतिकता-अनैतिकता, सत्य और असत्य, धर्म और अधर्म की कथा गंगाएं बहती हैं। आप बहुत स्पष्टता से यह सिद्ध नहीं कर सकते कि महाभारत जैसा महाग्रंथ आखिर किस पक्ष में खड़ा है? अगर हम एक तरफ दुर्योधन की तमाम अनैतिकताओं, अनितियों का प्रतिकार करते हैं, आलोचना करते हैं, तो ठीक उसी समय हम उसी महाभारत में श्रीकृष्ण द्वारा वैसे ही जाल फांस अनैतिकताओं, असत्य और अधर्म का महिमामंडल करते हैं। हालांकि इसके पीछे बहुत सूक्ष्म तर्क और पक्षधरता मौजूद है। लेकिन एक आम इंसान बड़ी सहजता से इसे नहीं स्वीकार कर पाता कि अगर धर्म युद्ध में अभिमन्यु को घेरकर मार डालना अधर्म है, तो कमर के नीचे गदावार न करने की स्पष्ट नीति होने के बावजूद हमें भगवान कृष्ण के इशारे पर भीम द्वारा दुर्योधन की जांघा तोड़ देने की हरकत क्यों अधर्म युद्ध का हिस्सा नहीं लगती? दरअसल ज्यादातर भारतीय कथाएं इतनी सूक्ष्म और गोलाकार हैं कि भारतीय कथाएं अंत में सत्य और असत्य के धुंधलके में पहुंच जाती हैं।

कथा सम्राट प्रेम चंद की कहानी 'कफन' में अंततः आप स्पष्ट ढंग से यह तय नहीं कर सकते कि कहानी में नायक कौन है? आखिर कथा किसके प्रति सहानुभूति पैदा करती है? क्या उन बाप-बेटों के प्रति जो अपनी पुत्रवधु को बेरहमीं से तड़प-तड़पकर मरते देखना इसलिए स्वीकार करते हैं कि कहीं एक के वहां से उठ जाने पर दूसर भुना हुआ आलू न गरक कर लें। यह एक नजर से अमानवीय की पराकाष्ठा है और दूसरी तरफ हम इसी पराकाष्ठा से चरम संवेदना के हाहाकार का स्रोत तलाशते हैं। पश्चिमी समाज को यह जटिल कथाबोध समझ में नहीं आता। पश्चिमी लोग कभी नहीं तय कर पाते कि अगर रावण इतना ही महान ज्ञानी, परम सुविज्ञ, तपस्वी और महानभक्त था, तो फिर वह जानबूझकर ऐसी गिरी हुई हरकतें क्यों करता है कि अपनी हरकतों के चलते समूचे कुल का नाश करवा लेता है। एक भी व्यक्ति कुल का दीया जलाने के लिए नहीं बचता। क्या ये हमारे रचनाकारों की परम प्रज्ञा स्थिति में पहुंच जाने का नतीजा है कि वे अच्छाई और बुराई को बहुत स्थूल रूप में नहीं देख पाते। क्या यह महान बौद्धिकता की अपनी जटिलताएं हैं? पश्चिम का समाज सीधे सपाट कथा क्रम पर भरोसा करता है, वही उसे पसंद आता है। इसलिए पश्चिम की महान कथाएं स्पष्ट रूप से एक सीधी यानी लाइनर कथाएं होती हैं, वो गोल गोल नहीं घूमती कि हम अपनी सुविधा से कभी भी किसी को नायक स्वीकार कर लें और चाहें तो उसे ही खलनायक बना दें।

दरअसल हमारी जीवन दृष्टि इतनी बारीक और अनूठी है कि हम अपनी सारी यात्राएं बाहर नहीं, अंदर की तरफ करते हैं। इसलिए हम आध्यात्म पर जोर देते हैं। हमारी विशिष्टता आध्यात्मिक तत्व से बनी है, इसलिए हमारे पात्रों के कर्म और पुनर्जन्म जैसे विचार कथा का बड़ा ढांचा बनाते हैं। जबकि दुनिया के ज्यादातर समाज इतने जटिल और बहुप्रति नहीं है, वो सिर्फ सीधे सपाट ढंग से सोच पाते हैं। इसलिए हमारी ज्यादातर महान कथाएं पश्चिम को समझ में ही नहीं आती, क्योंकि स्पष्ट रूप से किसी निष्कर्ष या किसी पाले तक नहीं पहुंचती। भारतीय कथा क्रम में एक ऐसा नायक विकसित होता है, जिसके पीछे पूरा समाज चलता है, कोई तर्क नहीं, कोई प्रतिवाद नहीं। जबकि पश्चिम का नायक अपनी व्यक्तिगत सफलताओं, अपने व्यक्तिगत संघर्ष से खड़ा हुआ नायक होता है और सारी कहानी उसके संघर्ष पर केंद्रित होती है। हमारी कथाओं का भावनात्मक स्तर अतिवादी मेलोड्रामा का शिकार होता है। हमारा प्यार जब तक नाटकीय न हो, तब तक स्वीकार ही नहीं किया जाता। जब तक हमारे नायक के जीवन में कोई अपार संकट न आए, तब तक उसका नायकत्व स्थापित ही नहीं होता। हालांकि पश्चिमी कथा आधार में भी नाटकीयता होती है, लेकिन आम तौर पर पश्चिम की कहानियां ज्यादा यथापरक, ज्यादा इकहरी और ज्यादा से ज्यादा फोकस्ड होती हैं। शायद इसीलिए भारत की अपार रचनात्मकता दुनिया को न तो जबर्दस्त ढंग से आकर्षित कर पाती है और न ही उसे झकझोर पाती है। भारत की जो भी कहानियां विश्व स्तर पर पसंद की गई हैं, कहना चाहिए वह मूल कथाएं नहीं हैं बल्कि भारतीय जमीन की मूल भाषाओं से निकलकर, अंग्रेजी में अपने नये आकार, प्रकार के साथ खड़ी हुई कथाएं हैं। जैसे- स्लमडॉग मिलेनायर, आरआरआर या और भी तमाम कहानियां जैसे- गुनीत मोंगा की डाक्यूमेंट्री कथा 'द एलिफेंट विस्परर्स' यह बेहद नाजुक और कोमल कहानियां हैं, लेकिन जब इनमें कुछ नाटकीयता कम की गई और अंग्रेजी में इनका ढांचा खड़ा किया गया, तब जाकर ये पश्चिम के समाज को आकर्षित कर पायीं। हमारी कथाएं बेहद जटिल हैं, उनमें एक साथ दांस्तान गोईयां, लोक कथात्मकता और अस्पष्ट कथा दिशा, पश्चिमी आर्ट को उलझाती हैं।

हमारे जमाने के आधुनिक कथाकार भी जैसे- महाश्वेता देवी, उदय प्रकाश, मणिनाथ रेणु और प्रेम चंद सरल कथाकार होते हुए भी अपनी उदार दृष्टि के कारण विलेन में भी बहुत सारा नायक छोड़ देते हैं और नायक के भी ग्रेसेट बने रहते हैं। कुल मिलाकर हमें यह तो सोचना ही होगा कि जिस धरती में पहली बार कविता फूटी, जहां दुनिया का सबसे बड़ा कथाग्रंथ महाभारत रचा गया, जहां प्रकृति का हर जीव अभिव्यक्त करता हो, ऐसी जातक कथाओं की दुनिया में भी आखिर दुनिया उस तरह आकर्षित क्यों नहीं हुई, जैसे एक जमाने में रूसी साहित्य की दीवानी हुई थी या यूरोप और अमेरिका के पोस्टवार कथाओं ने धूम मचायी थी।

## आप की बात

### पाकिस्तान का दुस्साहस

पाकिस्तान लगातार दुस्साहस दिखा रहा है और लगता है भारत के संयम से वह मनबढ़ भी हो गया है। इसलिए यह उचित है जब पाकिस्तान को एक बार कायदे से सबक सिखा दिया जाये। दरअसल भारत ने कभी पाकिस्तान को ठीक से दुरुस्त नहीं किया है। एक बार अगर पाकिस्तान की कमर तोड़ दी जाये तो दुबारा हिम्मत नहीं करेगा। लेकिन अगर संयम की पराकाष्ठा की गयी तो पाकिस्तान और उदण्ड हो जायेगा। और इसकी कीमत देश को चुकानी पड़ेगी। वैसे भी पाकिस्तान लगातार आतंकियों को भेजता रहता है। बीते दिनों पहलगाम के नृशंस कांड को अंजाम दिया। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सेना के ट्रक पर हमला कर पांच जवानों को शहीद कर चुका है। अब पाकिस्तान को बर्दास्त नहीं करना चाहिए।

**प्रवेश कुमार सिंह, लखनऊ.**

### युवाओं को रोजगार

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा दरअसल महज प्रमाण पत्र पाते हैं।

**आशीष श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## 2 वांछित गैंगस्टर गिरफ्तार किए

टूंडला। थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित वांछित दो अभियुक्तगण गिरफ्तार किए गए। शुक्रवार को थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति वाहन व चैकिंग तथा तलाश वांछित अभियुक्त वारण्टी के दौरान गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण,अखिलेश पुत्र मुन्नी लाल निवासी कुतुकपुर जारखी थाना टूण्डला वअविनाश उर्फ फना उर्फ फन्टा पुत्र स्व0 दीवान सिंह निवासी कुतुकपुर जारखी थाना टूण्डला फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण गैंग लीडर केशव देव उर्फ टिंकू पुत्र मुन्नी लाल निवासी कुतुकपुर जारखी थाना टूण्डला जिला फिरोजाबाद अखिलेश पुत्र मुन्नीलाल निवासी कुतकपुर जारखी थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद अविनाश उर्फ फना पुत्र दीवान सिंह निवासी कुतकपुर जारखी थाना टूण्डला जिला फिरोजाबाद का जनता में काफी भय व आंतक व्याप्त है।ये लोग एक संगठित गिरोह बनाकर अपने आर्थिक व भौतिक लाभ प्राप्त करने हेतु चोरी व डकैती की तैयारी व डकैती के लिए एकत्रित होंने जैसे संगीन अपराध करते हैं ।

## मातृ शक्तियों को दी गयीं जानकारियां

ललितपुर। पोषण अभियान अन्तर्गत पोषण पाठशाला का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग प्रमुख सचिव आई.ए.एस. लीना जौहरी की अध्यक्षता में किया गया। पोषण पाठशाला में विषय विशेषज्ञों में प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग विभागाध्यक्ष डा. अंजू अग्रवाल, वाइस डीन एकेडेमिक्स, के.जी.एम.यू. लखनऊ, डा.सीमा टंडन, सलाहकार एवं आरआरटीसी नोडल उत्तर प्रदेश तकनीकि सहयोग इकाई लखनऊ एवं डा. मो.सलमान खान, वरिष्ठ सलाहकार (बाल रोग), वीरांगना अवन्ती बाई महिला अस्पताल डफरिन लखनऊ द्वारा ममता थीम-मातृ पोषण, स्तनपान और गर्मी से बचाव विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। उक्त पोषण पाठशाला का लखनऊ से लाइव टेलीकास्ट किया गया। जनपद में संचालित समस्त 1124 आंगनबाड़ी केन्द्रों की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं द्वारा पोषण पाठशाला में वेब लिंक के माध्यम से प्रतिभाग किया गया। कुल 25491 लाभार्थी द्वारा भी उक्त पाठशाला में संबंधित आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से प्रतिभाग किया गया। ब्लॉक स्तर पर समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों एवं मुख्य सेविकाओं द्वारा उक्त पाठशाला में प्रतिभाग किया गया। पोषण पाठशाला में डीएम, सीडीओ, सीएमओ, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं बाल विकास परियोजना शहर की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## मथुरा में आज लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

मथुरा। अपर जिला जज / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,जनपद न्यायालय, मथुरा सुरेन्द्र प्रसाद ने अवगत कराया है कि मुख्य न्यायाधिपति, सर्वोच्च न्यायालय / मुख्य संरक्षक, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व वरिष्ठ न्यायमूर्ति, सर्वोच्च न्यायालया, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा भारत वर्ष में माननीय उच्चतम न्यायालय से तहसील स्तर तक 10 मई दिन द्वितीय शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार 10 मई को दिन द्वितीय शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय, मथुरा में भी किया जाएगा।

# ब्रज को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए बैठक आयोजित



मथुरा। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 के अन्तर्गत जनपद मथुरा में डीएम चन्द्र प्रकाश सिंह ने प्लास्टिक मुक्त-बृज की रज अभियान की शुरुआत गुरुवार को की थी। डीएम के निर्देशों के क्रम में शुक्रवार समस्त विकास खण्डों के 23 ग्राम पंचायतों में प्रधानों द्वारा ग्राम पंचायत की खुली बैठक की गयी। जिला पंचायतराज अधिकारी धनंजय जायसवाल द्वारा विकास खण्ड मथुरा की ग्राम पंचायत जैत में खुली बैठक कर अभियान को गति प्रदान करने का कार्य प्रारम्भ किया गया। अभियमन्यू सेठ, बीडीओ मांट द्वारा ग्राम पचांयत मांटराजा, रामकुमार शर्मा, सहायक विकास अधिकारी (पं.) विकास खण्ड मांट के द्वारा ग्राम पंचायत डांगौली, सोनल राठोर स्टेट कन्सलटैन्ट, यूनिसेफ, प्रदीप , स्टेट कन्सलटैन्ट, यूनिसेफ, पवन कुमार, जिला कंसलटैन्ट, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) वं शेखर कान्त वर्मा, जिला कन्सलटैन्ट, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) द्वारा विकास खण्ड गोवर्धन की ग्राम पंचायत कोसी खुर्द एवं नैनूपट्टी व मनोज कुमार उपाध्याय, जिला कन्सलटैन्ट, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) द्वारा विकास खण्ड फरह की ग्राम पंचायत बेरी व महुअन में खुली बैठक का आयोजन कराया गया।

सभी ग्राम पंचायतों में नामित नोडल अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी / पशु चिकित्साधिकारी व बाल विकास परियोजना अधिकारी की उपस्थिति में बैठक सम्पन्न हुई बैठक में समन्वयक ब्लाक मिशन मैनेजर आजिविका मिशन / खण्ड प्रेरक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) द्वारा सभी को सूचित करते हुए ग्राम प्रधान, की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत सचिव, द्वारा बैठक करायी गयी। बैठक में ग्राम पंचायत सदस्य, आशा, आंगनबाडी कार्यकत्री, स्वयं सहायता समूह की महिलायें, विद्यालय के शिक्षक एवं अन्य ग्रामीण जनपद मानस उपस्थित रहे। खुली बैठक में बोरी लगाने हेतु रोस्टर निर्धारित करगली / मोहल्ले आवंटित किये गये एवं सामूहिक जन सहभागिता के माध्यम से ग्राम पंचायत में सफाई अभियान चलाने हेतु तिथि का निर्धारण किया गया। सफाई कर्मी द्वारा घर-घर से प्लास्टिक संग्रहण हेतु रूटचार्ट बनाया गया। कार्यक्रम के अन्त में प्लास्टिक मुक्त-बृज की रजअभियान से सम्बन्धित प्लास्टिक मुक्त की शपथ दिलायी गयी व अभियान से सम्बनिधत लोगो लगे। बोरी को घरों में लगाया गया। बैठक में उपस्थित समस्त ने अभियान में बढ चढ कर प्रतिभाग कर सहयोग करने आश्वाशन दिया।

## ऑपरेशन सिंदूर के तहत ताजनगरी में रेड अलर्ट

आगरा। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर हमला किया। इसको लेकर आगरा में पुलिस भी अलर्ट पर है। आगरा पुलिस ने आगरा एयरफोर्स स्टेशन के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी है। वहीं, ताजमहल के आसपास भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। इसके अलावा शहर में भी पैदल गश्त की गई। लोगों को मॉक ड्रिल के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की बौखला गया है। इसको देखते हुए आगरा के एयरफोर्स स्टेशन के पास पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। डीसीपी सिटी के साथ पुलिस फोर्स ने आसपास के इलाकों में पैदल मार्च किया। फुट पेट्रोलिंग के दौरान आम जन मानस से वार्ता कर मॉक ड्रिल के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया गया एवं पुलिस बल को भी ब्रीफ कर जनसुरक्षा व कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने, संदिग्ध व्यक्तियों वाहनों की सक्रिय चेकिंग करने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। ताजमहल के आसपास भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। पुलिस ने ताज सुरक्षा के सभी नौ बैरियर पर चेकिंग तेज कर दी है। पाकिस्तान से युद्ध की आशंका पर ताजमहल समेत स्मारकों पर भी अलर्ट है। सीआईएसएफ के जवान मुस्तैद हैं। बैरिकेडिंग पर भी सख्ती से जांच की गई। मॉक ड्रिल कर सुरक्षा व्यवस्था भी परखी गई। नवागत अधीक्षण पुरातत्वविद ने ताजमहल व फतेहपुर सीकरी का निरीक्षण किया। ताजमहल की ओर के रास्तों पर सुरक्षा को देखते हुए बैरिकेडिंग पर सख्ती से जांच की गई। लोगों के पहचानपत्र देखे गए, वाहनों की भी जांच की गई। शाम तक सघन जांच अभियान चलता रहा। ताजमहल पर सीआईएसएफ के जवान भी मुस्तैद रहे। अधीक्षण पुरातत्वविद डॉ. स्मिथा एस. कुमार ने ताजमहल का निरीक्षण किया। यहां रॉयल गेट से लेकर पूरा परिसर देखा और सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति देखी। शाम को ताजमहल पर मॉक ड्रिल की। इसमें हमला होने पर पर्यटकों को सुरक्षित स्थान पर लेकर जाने और ताजमहल की सुरक्षा के लिए मुस्तैदी दिखाई। होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश चौहान ने बताया कि प्रशासन के साथ बैठक हुई। इसमें पर्यटकों की सुरक्षा के लिए मॉक ड्रिल के बारे में बताया। विदेशी पर्यटकों की सूचना हर दो घंटे में प्रशासन को देने की कोशिश की जाएगी। सामान्य दिनों में 24 घंटे में सूची दी जाती थी। पाकिस्तानी पर्यटक आने पर भी जानकारी देने को भी कहा है, लेकिन काफी समय से पाकिस्तानी पर्यटक आगरा नहीं आ रहे हैं।

## शराब लाइसेंसियों को दी गयी सख्त हिदायत



बाराबंकी। अवैध रुप से नशे का काला कारोबार करने वाले शराब तस्करो के खिलाफ आबकारी विभाग का छापेमारी अभियान लगातार जारी है। निरीक्षण के साथ छापेमारी की कार्यवाही लगातार देखी जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के अनुसार विभाग द्वारा खुले में शराब पीने, बिना लाइसेंस के शराब पिलाने वालों पर कार्यवाही की मुहिम जारी है। इसके साथ ही रात्रि अभियान चलाकर शराब तस्करी को रोकने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होने आगे बताया कि गुरुवार की देर रात क्षेत्राधिकारी नगर सुमित त्रिपाठी, आबकारी निरीक्षक प्रथम रामश्याम त्रिपाठी की संयुक्त टीम ने देर रात शहर अन्तर्गत संचालित समस्त देशी, विदेशी, बीयर व माडल शाप की दुकानो का औचक निरीक्षण भी किया। इसके साथ ही टीम ने दुकानो मे लगे सीसीटीवी, स्टाक-ब्रिकी रजिस्टर, पीओएस मशीन के माध्यम से ब्रिकी किये जाने व क्यूआर कोड से शराब की गुणवत्ता को जांचा। लाइसेंसियो को सख्त हिदायत देते हुये अनियमितता पाने पर कार्यवाही किये जाने की चेतावनी भी दी गई।

- सीओ सिटी समेत आबकारी निरीक्षक ने दुकानो का किया निरीक्षण

## तेज रफ्तार ट्रक ने मारी टक्कर बाइक सवार की मौत

रामसनेहीघाट, बाराबंकी। भेलसर टिकैतनगर मार्ग के शुजागंज मे भीषण सड़क हादसे में तेज रफ्तार ट्रक यूपी 41 एटी 4672 की टक्कर से बाइक सवार थाना टिकैतनगर के ग्राम गुलामपुरवा निवासी 55 वर्षीय बदलू रावत पुत्र तुलसीराम की मौके पर ही मौत हो गई। तो वही चालक ट्रक खड़ा कर मौके से फरार हो गया। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

## 54 साल से सुहाग का इंतजार

आगरा। 1971 में आगरा हवाई अड्डे पर हमले के जवाब में पाकिस्तान पर हमला करने के बाद फ्लाइट लेफ्टिनेंट मनोहर पुरोहित नहीं लौटे। मनोहर पुरोहित की पत्नी सुमन पुरोहित ने 54 साल बाद भी अपने पति के वापस आने की उम्मीद नहीं खोई है। पाकिस्तान में आतंकी ठिकाने नष्ट करने पर वर्ष 1971 के युद्ध की जीत ताजा हो गईं। इसमें वीर सपूत फ्लाइट लेफ्टिनेंट मनोहर पुरोहित पाकिस्तान में बम बरसाकर देश लौट नहीं पाए। लौटते वक्त बॉर्डर पर इनका विमान क्रैश होकर भारतीय क्षेत्र में गिरा। वर्ष 1972 में पाकिस्तान से आई चिट्ठी से इनके युद्ध बंदी होने का पता चला। वापसी के लिए इनकी वीरांगना के सारे जतन बेकार गए। मगर, उम्मीद टूटी नहीं है और 54 साल से इनका सिंदूर सुहाग के इंतजार में है। साकेत कॉलोनी शाहगंज निवासी सुमन पुरोहित (77) से जैसे ही 1971 युद्ध का जिक्र किया, वो गुमसुम हो गईं। कुछ देर मौन रहने के बाद बोलीं 1970 में शादी हुई थी और पति आगरा हवाई अड्डे पर तैनात थे। 3 दिसंबर 1971 को पाकिस्तानी सेना ने आगरा हवाई अड्डे पर हमला कर दिया। 8 दिसंबर की शाम को घर आए और इतना ही बोले कि ऑपरेशन पर जा रहा हूं। 9 दिसंबर को पाकिस्तान के लोधरन रेलवे यार्ड पर बम बरसाकर लौटते वक्त सीमा के नजदीक पति का विमान क्रेश हो गया। वह भारत के बीकानेर में गिरा। विमान में पति का शव नहीं था। 1972 में पाकिस्तान से एक सैन्य अफसर का पत्र आया, जिसमें पति को युद्ध बंदी बनाने की जानकारी हुई। ऐसे और भी सैनिकों का पता चला, जिसके बाद सेना की ओर से 54 युद्ध बंदियों की सूची जारी हुई। 54 साल बीत गए, मुझे आज भी इनके आने का इंतजार है। पहलगाम आतंकी हमले पर वो बोलीं, बेटियों के सामने उनका सुहाग उजाड़ दिया। प्रधानमंत्री मोदीजी ने बेटियों के सिंदूर की लाज रख ली।

## राज्य प्रतिरक्षण अधिकारी ने दिये टीकाकरण में सुधार के निर्देश



ललितपुर। शुक्रवार को राज्य प्रतिरक्षण अधिकारी डा. अजय गुप्ता एवं उनकी टीम ने जनपद का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट का निरीक्षण किया। उन्होंने एन.आर.सी., ओ.पी.डी., प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस लेबर रूम, कोल्ड चैन आदि का गहन निरीक्षण किया तथा उनकी बारीकियों को समझाया। उन्होने जी.जी.आई.सी. में टी.डी. अभियान का पर्यवेक्षण किया तथा बालिकाओं को टी.डी. वैक्सीन के बारे में लाभ बताये। तत्पश्चात सीएमओ कार्यालय में राज्य मूल्यांकन एवं अनुश्रवण अधिकारी संजय कुमार गोयल और राज्य कार्यक्रम प्रबंधन अधिकारी सीएमओ डा. रोहित रघुवंशी, क्षेत्रीय नोडल अधिकारियों, उप मुख्य चिकित्स अधिकारियों, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, प्रभारी चिकित्सा अधीक्षकों, चन्द्र भूषण सिंह मंडलीय कार्यक्रम अधिकारी यू.एन.डी.पी. झांसी एस.एम.ओ. डब्ल्यूएचओ, डी.एम.सी. यूनीसेफ, वी.सी.सी.एम.यू.एन.डी.पी. जिला प्रतिनिधि सी.एच.ए.आई. आदि के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की। उन्होंने टीकाकरण को प्राथमिकता देते हुये गुणात्मक सुधार हेतु संबंधित को निर्देशित किया।

## भाजपाइयों ने मनायी महाराणा प्रताप की जयंती



टूंडला। भाजपा एटा रोड स्थित कैंप कार्यालय पर वीरता और पराक्रम के पर्याय वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती परभाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। तत्पश्चात सम्मुख उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप भारत देश में जन्मे देश पर बलिदान होने वाले महापुरुषों में से एक थे,जिन्होंने अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए घास की रोटियां तक खाई। अपनी मातृभूमि की रक्षा व धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। ऐसे महापुरुष महाराणा प्रताप की वजह से ही हमारा व हमारे देश का वजूद है। यदि उस कालखंड में वीरता के पर्याय महाराणा प्रताप ने मुगलों के सामने घुटने टेक दिए होते तो भारत देश व सनातन धर्म का अस्तित्व ही खत्म हो जाता। हम सबको उनके पदचिन्हों पर चलते हुए देश व धर्म के हित में हर संभव प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में अश्वनी भारद्वाज क्षेत्रीय मंत्री बृज क्षेत्र,वीरेन्द्र प्रताप सिंह, दिनेश गुप्ता, सचिन ,हनी जादौन,गौरव सिसोदिया, विष्णु तिवारी,राजन सिंह निषाद गिरवर निषाद आदि लोग उपस्थित रहे। इसी श्रृंखला में जिला अध्यक्ष उदय प्रताप ने ग्राम नियामतपुर नगला सिंघी आनंदपुर जारखी में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की स्मृति में हो रहे कार्यक्रम में सम्मिलित होकर महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की।

## नवागत जिला जज का किया स्वागत

मथुरा। जिला न्यायलय में आज नवागत जिला जज विकास कुमार का बार एसो. के सदस्य और पूर्व सचिव, अधिवक्ताओं ने स्वागत किया। स्वागत से भाव विभोर होकर जिला जज विकास कुमार ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि बांके बिहारी की नगरी में मुझे सेवा करने का मौका मिला है। ये बिना ईश्वरी कृपा से संभव नहीं है, ब्रज वासियों को यकीन दिलाता हूं कि पारदर्शिता के साथ त्वरित न्याय किए जाएंगे।

# महाराणा प्रताप की जयंती मनी

मथुरा। गोवर्धन विधानसभा के गाँव राल मैं हिंदू सम्राट क्षत्रिय शिरोमणि महामानव महाराणा प्रताप जी की 485 वी जयंती बड़े धूमधाम से मनायी गई। जिसमे राल गाँव की सरदारी ने ब्रजमंडल क्षत्रिय राजपूत सभा के प्रदेश अध्यक्ष ठा. मुकेश सिंह सिकरवार को मुख्य अतिथि के रूप मैं बुलाया श्रीसिकरवार के पहुंचने पर राल गाँव की सरदारी ने मुख्य अतिथि मुकेश सिकरवार व अन्य सभी अतिथियों का साफा माला व पटुका पहना कर भव्य स्वागत किया, इसके उपरांत हवन यज्ञ कर महाराणा प्रताप की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया व उनकी जयंती बड़े हर्षोलाश के साथ मनायी गई। इसके पश्चात मुकेश सिकरवार ने महाराणा प्रताप के जीवन और संघर्ष के बारे मैं बताते हुए कहा की महाराणा एक एस्से महान योद्धा थे जो कभी किसी युद्ध मैं नहीं हारे और कभी भी निहत्थे या मजबूर दुश्मन पर वार नहीं करते थे अकबर महाराणा के नाम से ही काँप जाता था और कभी भी महाराणा प्रताप के सामने युद्ध करने के लिए नहीं आता था और महाराणा ऐसे योद्धा थे जो एक बार अकबर के घर मैं घुस गए लेकिन अकबर और उसकी पत्नी को सोते हुए देख उन्होंने उन पर वार नहीं किया और उसको दिखाने के लिए उसकी पत्नी की चोटी काट लाए थे। अकबर ने महाराणा से संधि करने के लिए कई बार लोभ लालच दिया कि आप को इतने राज्य दे देते हैं आप हमारे साथ शामिल हो जाइए लेकिन महाराणा ने कभी भी संधि नहीं की और अपने देश के लिए हमेशा युद्ध किया व संघर्ष किय। कार्यक्रम की अध्यक्षता महंत नारायण दास महाराज व संचालन हरी राम गुर्जर ने किया। इस कार्यक्रम के आयोजन महंत श्री श्री 1008 नारायण दास महाराज के आशीर्वाद से महाराणा प्रताप सेवा समिति राल ने कराया। जिसके पदाधिकारी विजेंद्र सिंह एडवोकेट प्रबंधक, ठाकुर विकास सिंह अध्यक्ष, तेजू पहलवान सचिव, सुरेंद्र सिंह उपाध्यक्ष, ठा.शैलेश पहलवान कोषाध्यक्ष, भगवान सिंह सलाहकार , महावीर व्यवस्थापक, ओमप्रकाश , जगदीश , सौरव गोस्वामी, सोनू सिंह, नरेंद्र आदि सदस्य हैं।

### महाराणा प्रताप सिंह को अर्पित की पुष्पांजलि

मथुरा। राजस्थान युवा मंच, प्रताप सेना के अध्यक्ष भवानी सिंह शेखावत एवम अहमदाबाद म्युनिसिपल कॉरपोरेशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हिंदूवा सूर्य, मेवाड़ मुकुट, अदम्य साहस और वीरता के प्रतीक महाराणा प्रताप सिंह की 485 वी जन्म जयंती पर पुष्पांजलि व माल्यार्पण का आयोजन शाहीबाग अंडर ब्रिज के पास स्थित महाराणा प्रताप चैक पर किया गया। उपरोक्त मूर्ति का अनावरण देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के मुख्यमंत्री काल में उनके हाथो से किया गया था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कर्णावती महानगर के राष्ट्रीय प्रेमी, प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे और सभी ने महाराणा प्रताप सिंह जी को माल्या अर्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में अहमदाबाद शहर की मेयर प्रतिभा जैन, भाजपा के नवनियुक्त शहर अध्यक्ष प्रेरक भाई शाह, लोकसभा के सांसद दिनेश भाई मकवाणा, धारासभ्य साबरमती हर्षद भाई पटेल, धारासभ्य असारवा श्रीमति दर्शना बहन वाघेला, धारासभ्य शाहपुर कौशिक भाई जैन, स्टैंडिंग कमेटी के अध्यक्ष देवांग भाई दानी, डिप्टी मेयर जातिन भाई पटेल, नेता पक्ष गौरांग भाई प्रजापति, दंडक श्रीमती शीतल बेन डागा, विविध कमेटीओ के अध्यक्ष जयेश भाई त्रिवेदी, पत्रकार राजकुमार तोमर, मुकेश भाई पटेल, भरत भाई काकड़िया, दिलीप भाई बगड़िया, कॉरपोरेटर मुकेश मिस्त्री, आरती बेन पांचाल आदि उपस्थित रहे।

## पत्नी और बेटी की हत्या करने के बाद फरार पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

आगरा। पांच माह की गर्भवती पत्नी और बेटी की हत्या करने के बाद फरार पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ में उसने हत्या की ऐसी वजह बताई, जिसे जानकर सन्न रह जाएंगे। थाना जगदीशपुरा इलाके में 35 वर्षीय शबीना और उसकी 8 वर्षीय बेटी इनाया की घर में हत्या कर दी गई थी। घर से दुर्गंध आने पर पड़ोसियों ने पुलिस बुलाई। घर पर ताला लगा था। पुलिस ने ताला तोड़कर प्रवेश किया। दोनों के शव कमरे में फर्श पर कंबल में लिपटे मिले। पुलिस ने हत्या करने के आरोपी अब्दुल रशीद को बृहस्पतिवार रात गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने तीसरा निकाह किया था। उसे शक था कि पत्नी के किसी और से भी संबंध हैं। एसीपी लोहामंडी मयंक तिवारी ने बताया कि 9 अप्रैल को शबीना और इनाया के शव घर के अंदर एक कमरे में मिले थे। दुर्गंध आने पर लोगों को पता चला था। केस दर्ज कर अब्दुल रशीद की तलाश की जा रही थी। बृहस्पतिवार रात बिचपुरी-पथौली मार्ग पर जब उसे रोकने का प्रयास किया तो उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में बाएं पैर में गोली लगने से वह घायल हुआ। उसे गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया गया। अब्दुल रशीद मार्बल कारीगर है। उसने 8 नवंबर 2024 को शबीना के साथ निकाह किया था। वह उम्र में छोटी थी। उसके पहले पति से बेटी इनाया थी। शबीना की बहन किरावली में रहती है। बहन को 5 अप्रैल को शबीना ने कॉल किया था। खुद को परेशान बताया था। इसके बाद कॉल कट गया था। शबीना के परिजनों ने बताया कि पिता इसरार कहरई, ताजगंज में रहते थे। मगर, 1 साल पहले मकान बेचकर बदायूं चले गए थे। वहीं पर परिवार रहता है। बड़ी बेटी शबनम किरावली में रहती है। छोटी शबीना की दूसरी शादी करने किरावली आए थे। अब्दुल रशीद का पहली पत्नी से विवाद हो गया था। दूसरी पत्नी की संदिग्ध हालात में मृत्यु हो गई थी। अब्दुल रशीद ने पुलिस को बताया कि वह छत्तीसगढ़ भाग गया था। वहां मजदूरी करता था। बाद में काम मिलना बंद हुआ तो खाने को कुछ नहीं बचा। इससे वापस आ गया। उसने बताया कि पत्नी अक्सर फोन पर बात करती थी। खाना भी नहीं बनाती थी।

## संविदाकर्मियों की बहाली की मांग को लेकर पांचवें दिन भी प्रदर्शन जारी



बाराबंकी। उत्तर प्रदेश बिजली कर्मचारी संघ के तत्वाधान मे जनपद के हटाये गये 380 संविदाकर्मियो की बहाली की मांग को लेकर पांचवे दिन अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी है। प्रदर्शन मे उ0प्र0 भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष देवराज त्रिपाठी ने जिलाधिकारी एवं श्रम आयुक्त कानपुर को पत्र देकर सविदा कर्मियो के साथ हो रहे दुव्यवहार से मुक्त कराया जाने की मांग की। तथा विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत को पत्र देकर सविदा कर्मियो की छटनी से अवगत कराते हुये तत्काल समस्या का समाधान कराने की मांग की। प्रदर्शन मे जूनियर इंजीनियर संगठन से उपेन्द्र सिंह, शशि कटियार शैलेन्द्र श्रीवास्तव, अकित वर्मा, सुनील मौर्या ने आकर समर्थन दिया। धरना प्रदर्शन मे निशान्त मिश्रा, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, विशाल वर्मा, मुकेश कुमार शर्मा, कमलेश यादव, आशीष कुमार, लालजी रोहित, अविनाश कुमार, शेलेन्द्र कुमार, पवन यादव, शिवेन्ड कुमार, अनिकेत वर्मा, आरके चैधरी, दुर्गेश आदि सर्विदा कर्मचारी मौजूद रहे।

## डीएम ने जेब्रा पार्क का किया निरीक्षण नया झंडा लगवाने के दिये निर्देश



बाराबंकी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने पल्हरी चैराहा स्थित जेब्रा पार्क एंव धनोखर तालाब का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेब्रा पार्क में नया झंडा लगवाने, तालाब के किनारे बनी रोड पर मिट्टी धस मिलने पटाई कराकर रोड को ठीक करवाने, पार्क में आवश्यक सुधारों और रखरखाव, स्वच्छ और सुंदर रखने, बंद पड़े फौव्वारों को ठीक कराकर चालू कराने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। इसके उपरान्त धनोखर तालाब मे नाले के खुले गटर को बंद करने, पानी भरने व निकासी के लिये लिए व्यवस्था सुनिश्चित कराने, बंद पड़े फव्वारे को चालू कराने, तालाब की समुचित साफ-सफाई किये जाने को लेकर निर्देशित किया। इसके अलावा एसडीएम नवाबगंज को आस-पास चल रहे निर्माण कार्य की जांच कराकर तालाब की भूमि पर किसी प्रकार का कोई अतिक्रमण न होने को लेकर निर्देशित किया। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने मोहारीपुरवा में एमबीबीआर तकनीक पर बने सीवर जल सोधन प्लांट का भी निरीक्षण करते हुये सम्बधितो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस मौके पर उपजिलाधिकारी नवाबगंज आनन्द कुमार तिवारी, अधिशासी अधिकारी नवाबगंज नगरपालिका संजय शुक्ला समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## डीएम ने पालिकाओं को प्रस्तावित कार्यों की स्वीकृति दी

फिरोजाबाद। डीएम रमेश रंजन की अध्यक्षता में 15 वें वित्त आयोग के टाइड एवं अनटाइड ग्रांट एवं दो प्रतिशत अतिरिक्त स्टांप शुल्क में प्राप्त अवशेष धनराशि से कराने वाले प्रस्तावित कार्यों की स्वीकृति जिलाधिकारी द्वारा दी गई, इस बैठक के दौरान नगर पालिका परिषद टूंडला एवं नगर पालिका परिषद सिरसागंज के कार्यों को जिलाधिकारी द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई, नगर पालिका परिषद टूंडला द्वारा दो प्रतिशत अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क अवस्थापना विकास निधि में प्राप्त धनराशि से सात कार्यों में से जिलाधिकारी ने 6 कार्यों को स्वीकृति प्रदान की परंतु वार्ड संख्या 20 व 25 सम्राट नगर में संजीव कुमार गुप्ता के मकान से महेश चंद्र के मकान तक एवं लिंक गलियों में सीसी सड़क व आरसीसी नालियों के निर्माण की स्वीकृति नहीं प्रदान की, क्योंकि जिलाधिकारी ने यहां पर सड़क एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्यों के पूर्व के कार्य को सही पाया। इसी तरह नगर पालिका परिषद सिरसागंज द्वारा दो प्रतिशत स्टाम्प शुल्क अवस्थापना विकास निधि में प्राप्त धनराशि से दो कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया गया, जिसे डीएम ने दोनों कार्यों की स्वीकृति प्रदान की, नगरपालिका परिषद सिरसागंज द्वारा 15 में वित्त आयोग के अनटाइड ग्रांट से प्राप्त धनराशि में पांच कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया गया, जिसमें डीएम ने चार कार्यों की स्वीकृति प्रदान की, परंतु नगर पालिका परिषद सिरसागंज के मनोदेवपुरम वार्ड नंबर 12 में निशांत कुमार के मकान से अरविंद कुमार के मकान होते हुए गौरव चंदेल के मकान तक सीसी निर्माण के कार्य को स्वीकृति प्रदान नहीं की, डीएम ने इस दौरान टूंडला के अधिशासी अधिकारी को सीवरेज निकासी निर्माण के कार्यदेश जारी होने के बाद भी कार्य न शुरू करने पर चार्जसीट देने के आदेश दिए, इसी तरह अधिशासी अधिकारी फरिया को निर्माण कार्यों के लंबित होने पर स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये।

# 8वीं पास छात्रों का शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित करें प्रधानाचार्य




ललितपुर। महानिदेशक स्कूल शिक्षा उ.प्र. लखनऊ के पत्र 27 मार्च 2025 के अनुपालन में जिले में 01 से 15 अप्रैल 2025 के मध्य विशेष नामांकन अभियान के अन्तर्गत कक्षा-8 उत्तीर्ण समस्त छात्र-छात्राओं के अनिवार्य रूप से कक्षा-9 में प्रवेश सुनिश्चित कराने के लिए डीएम अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागर में समीक्षा बैठक आहूत की गयी। बैठक में विशेष नामांकन अभियान के संबंध में पूर्व आहूत बैठक 8 एवं 30 अप्रैल में दिये गये निदेर्शों के अनुपालन की अद्यतन प्रगति व कक्षा-9 में विकासखण्डवार विद्यालयों में हुए नामांकन की समीक्षा की गई। डीआईओएस ओपी सिंह ने बताया कि जनपद में विशेष नामांकन अभियान के अन्तर्गत सत्र 2024-25 में कक्षा-8 उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं की संख्या-26988 के सापेक्ष अद्यतन 14687 छात्र-छात्राओं ने कक्षा-9 में प्रवेश लिया है। जिसमें राजकीय विद्यालयों में 5595, अशासकीय सहायता प्राप्त स्कूलों में 2452, वित्तविहीन विद्यालयों में 6240, सीबीएसई विद्यालयों में 118, आईसीएसई विद्यालयों में 28, अन्य बोर्ड के विद्यालयों में 160 तथा जनपद के बाहर 94 छात्र-छात्राओं ने प्रवेश लिया। प्रवेश हेतु बचे 12301 छात्र-छात्राओं तथा उनके अभिभावकों से सम्पर्क कर उनका भी विद्यालयों में प्रवेश कराने की कार्यवाही गतिमान है। जिलाधिकारी ने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिये कि अन्य बोर्डो में प्रवेश लिए 160 छात्र-छात्राओं का बोर्डवार विवरण आगामी बैठक में प्रस्तुत करेंगे तथा अपने-अपने विकास खण्डों के रेण्डम आधार पर 10 विद्यालयों का डाटा तैयार करेंगे कि प्रवेश नहीं लेने वाले छात्र-छात्राओं द्वारा प्रवेश नही लिये के कारण से भी अवगत करायेंगे। इन विद्यालयों में परिषदीय, राजकीय, अशासकीय, वित्तविहीन एवं सीबीएसई आईसीएसई को सम्मिलित किया जाये। यह भी निर्देशित किया गया कि समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं माध्यमिक शिक्षा के नामित विकास खण्ड प्रभारी आपस में प्रतिदिन समन्वय स्थापित कर छात्र-छात्राओं के प्रवेश में आने वाली समस्याओं का सक्षम स्तर से निराकरण करायेंगे तथा प्रतिदिन कक्षा-8 उत्तीर्ण छात्रों के कक्षा-9 में प्रवेश लिये जाने की समीक्षा विकासखण्ड के विद्यालयों से करेंगे। जिला समन्यवक प्रतिदिन प्रवेश सम्बन्धी डाटा खण्ड शिक्षा अधिकारियों से एकत्र कर सूचना अद्यतन करके प्रतिदिन सूचना की एक प्रति जिला विद्यालय निरीक्षक, को प्राप्त करायेंगे। बैठक में डीआईओएस ओपी सिंह, प्रभारी बीएसए, बीईओ नन्दित कुमार, जीआईसी प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र कुमार, राइका माताटीला प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार, बीईओ नगर क्षेत्र नीतू, बीईओ बार शैलजा व्यास, बीईओ बिरधा गौरव शुक्ला, बीईओ तालबेहट समर सिंह, उपस्थित रहे।

संक्षेप

## सैमसंग ने गैलेक्सी एफ56 लॉन्च किया

नई दिल्ली। भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज अपने एफ-सीरीज पोर्टफोलियो में सबसे स्लिम स्मार्टफोन गैलेक्सी एफ56 5जी को लॉन्च किया। यह स्मार्टफोन केवल 7.2एमएम पतला है और फ्लैगशिप ग्रेड कैमरा, 6 जेनरेशंस एंड्रॉइड अपग्रेड साइकिल, आगे और पीछे दोनों तरफ गोरिल्ला ग्लास विक्टस+ प्रोटेक्शन और एडवांस एआई एडिटिंग टूल के साथ कई सेगमेंट-लीडिंग फीचर्स से गैलेक्सी एफ56 5जी के लॉन्च के साथ, सैमसंग ने शक्तिशाली और भविष्य के लिए तैयार तकनीक के जरिए ग्राहकों के जीवन को बेहतर बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है। गैलेक्सी एफ56 5जी युवाओं के लिए बनाया गया है, जो स्टाइलिश डिजाइन और बेहतरीन फीचर्स के साथ उनकी लाइफस्टाइल को सपोर्ट करने वाला स्मार्टफोन चाहते हैं। गैलेक्सी एफ56 5जी हाई-रिजॉल्यूशन और शेक-फ्री वीडियो और फोटो शूट करने के लिए फ्लैगशिप-ग्रेड 50एमपी ओआईसी ट्रिपल कैमरा के साथ आता है।

## किआ कैरेन्स क्लैविस लॉन्च

बंगलुरू। किआ इंडिया ने अपने कैरेन्स पोर्टफोलियो में एक नया मॉडल कैरेन्स क्लैविस लॉन्च किया है। यह एक बड़ी, बोल्ड और बेहद स्पेशियस 3-रो कार है, जिसे आज के समय के आधुनिक और बड़े भारतीय परिवारों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। कैरेन्स क्लैविस एमपीवी और एसयूवी के बीच की दूरी को कम करती है और इसमें आराम, जगह और बोल्ड डिजाइन को आधुनिक तकनीक, सुरक्षा और भविष्यवादी लुक के साथ खूबसूरती से जोड़ा गया है। क्लैविस नाम लैटिन शब्द क्लैविस औरिया से लिया गया है, जिसका अर्थ है गोल्डन की।

## गोडैडी एजेंसी लॉन्च

बंगलुरू। गोडैडी ने गोडैडी एजेंसी के लॉन्च की घोषणा की है, जो एक नया पार्टनर प्रोग्राम है जो डिजिटल एजेंसियों को छोटे और मध्यम आकार के बिजनेस लीड्स से जोड़ता है और उनके क्लाइंट ऑफरिंग को बढ़ाने के लिए काफी उपयोगी टूल्स, सर्विसेज और सपोर्ट तक आसान एक्सेस प्रदान करता है। लाखों आंत्रप्रेन्योर्स पहले से ही गोडैडी के टूल्स का उपयोग कर रहे हैं, गोडैडी एजेंसी डिजिटल एजेंसियों के लिए एक स्ट्रेटजिक रेफरल पार्टनर के रूप में तैनात है जो अच्छी लीड्स की एक लगातार बढ़ते क्रम के माध्यम से अपने बिजनेस को कुशलतापूर्वक बढ़ाना चाहते हैं।

## पूरे मई में चलेगा शिन चैन मूवी मैडनेस सोनी ये पर

मुम्बई। वो शरारती है। वो अनपेक्षित है। और इस गर्मी, वो आपके टीवी स्क्रीन पर पहले से कहीं ज्यादा धमाल मचाने वाला है। तैयार हो जाइए मस्ती से भरे मई के लिए, क्योंकि शिन चैन ला रहा है अब तक का सबसे जबरदस्त मूवी मैराथन झ जो पहली बार भारतीय टेलीविजन पर प्रसारित होगा, सिर्फ सोनी ये ! पर। चार वीकेंड्स, चार गुना मस्ती झ शिन चैन की हाई-ऑक्टेन एडवेंचर, अनोखी कल्पनाओं और हंसी से भरपूर पलों की भरमार के साथ। वो कभी विलेन से भिड़ेगा, तो कभी समय में पीछे जाएगा, और कभी अपने सबसे पागलपन भरे कारनामों में कूद पड़ेगा। शुरूआत होगी धुआंधार एक्शन से बर्स्ट !

## ग्लूकॉन.डी का एनर्जी का गोला अभियान शुरू

लखनऊ। जब लखनऊ तेज उमसए भारी बारिश और गर्म हवाओं के बीच झूल रहा हैए ऐसे में भारत के सबसे भरोसेमंद ग्लू कोज.बेस्ड एनर्जी ड्रिंकग्लू कॉन.डी ने एनर्जी का गोला अभियान शुरू किया है। इस पहल का मकसद है लखनऊ, हैदराबाद, कोलकाता और मुंबई के 10,000 से अधिक बच्चों को थकान से राहत देना और उनकी इम्यु निटी को सहारा देना। मेहनत करने वाले उनके रुटिन और तेजी से बदल रहे मौसम में उनकी इम्युकनिटी को भी इससे ताकत मिलेगी।

## वैश्विक मंच पर किया गया भारतीय ज्ञान व्यवस्था को प्रदर्शित

नई दिल्ली। वर्ल्ड युनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन के स्कूल ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स ने नई दिल्ली के प्रतिष्ठित त्रिवेणी कला संगम में अपने वार्षिक इंटरनेशनल परफॉर्मिंग आर्ट्स कॉन्फ्रेंस अन्वेषण 2025 का उद्घाटन किया। भारतीय कला और अकादमिक क्षेत्र में एक ऐतिहासिक पहल इस सम्मेलन में जबरदस्त उत्साह दिखा जहां देशभर से प्रख्यात विद्वान, कलाकार, शिक्षक और विद्यार्थी शामिल हुए।

# सेंसेक्स-निफ्टी में एक प्रतिशत की गिरावट



मुंबई। भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनाव बढ़ने और व्यापक संघर्ष की आशंका से प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में शुक्रवार को एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स पिछले दिन की गिरावट को जारी रखते हुए 880.34 अंक यानी 1.10 प्रतिशत गिरकर 79,454.47 पर बंद हुआ। बीएसई पर 2,522 शेयरों में गिरावट आई, l,343 में तेजी आई और 145 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 265.80 अंक यानी 1.10 प्रतिशत गिरकर 24,008 अंक पर बंद हुआ। भारत ने बृहस्पतिवार रात को जम्मू और पठानकोट सहित विभिन्न सैन्य ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला करने के पाकिस्तान के प्रयासों को विफल कर दिया। इससे पहले भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार तड़के ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) और पाकिस्तान में मौजूद नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक मिसाइल हमले किए थे। यह कार्वाई पहलगाम हमले में 26 लोगों की मौत के जवाब में की गई। संघर्ष की आशंका थी, लेकिन बाजार को स्थिति के और गंभीर होने का अनुमान नहीं था, जिससे इसकी समय को लेकर चिंता बढ़ गई। हालांकि, रणनीतिक लाभ और प्रतिद्वंद्वी की कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए, यह अभी भी एक अल्पकालिक टकराव होने का अनुमान है। दिलचस्प बात यह है कि विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार तक भारतीय बाजार में निवेश करना जारी रखा, जबकि खुदरा निवेशक इस समय थोड़े सतर्क हैं। सेंसेक्स की कंपनियों में से आईसीआईसीआई बैंक, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फिनसर्व, अदाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एनटीपीसी में उल्लेखनीय गिरावट हुई। दूसरी ओर टाइटन, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा मोटर्स, भारतीय स्टेट बैंक और एशियन पेंट्स के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। सीमा पर तनाव गहराने के बीच साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स में l,047.52 अंक यानी 1.30 प्रतिशत और एनएसई निफ्टी में 338.7 अंक यानी 1.39 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। प्रमुख सूचकांकों ने नौ मई को लगातार दूसरे सत्र में गिरावट जारी रखी, क्योंकि भू-राजनीतिक तनाव ने अन्य सकारात्मक वैश्विक संकेतों को फीका कर दिया। बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक में 0.30 प्रतिशत और मिडकैप सूचकांक में 0.10 प्रतिशत की गिरावट आई।

# रुपया 17 पैसे मजबूत होकर 85.41 प्रति डॉलर पर बंद



मुंबई। विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को रुपया अपने शुरुआती नुकसान से उबरकर 17 पैसे की तेजी के साथ 85.41 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। भारतीय रिजर्व बैंक के संभावित हस्तक्षेप के कारण रुपये को अत्यधिक हानि की स्थिति से उबरने में मदद मिली।

विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के कारण रुपया कमजोर रुख के साथ खुला। हालांकि, रिजर्व बैंक ने बड़ी गिरावट को रोकने के लिए कारोबार में हस्तक्षेप किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.88 पर खुला और डॉलर के मुकाबले 84.32 के दिन के उच्चतम स्तर और 85.88 के निचले स्तर के बीच घूमता रहा। कारोबार के अंत में रुपया 85.41 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो अपने पिछले बंद स्तर से 17 पैसे की बढ़त को दर्शाता है। रुपये में बृहस्पतिवार को ढाई साल से अधिक समय की सबसे बड़ी एक दिवसीय गिरावट देखी गई और यह डॉलर के मुकाबले 81 पैसे की गिरावट के साथ 85.58 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, सीमा पार भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के बीच शुक्रवार को भारतीय रुपया कमजोर खुला। कमजोर घरेलू बाजार और कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी ने भी रुपये पर दबाव डाला। उन्होंने कहा कि हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा डॉलर की बिक्री की रिपोर्ट के साथ अमेरिकी डॉलर सूचकांक में सुधार के कारण सत्र के दूसरे हिस्से में रुपये में मजबूती आई। इस बीच, दुनिया की छह प्रतिस्पर्धी मुद्राओं की तुलना में डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर सूचकांक 0.26 प्रतिशत की गिरावट के साथ 100.38 पर आ गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 1.80 प्रतिशत बढ़कर 63.97 डॉलर प्रति बैरल हो गया। हमें उम्मीद है कि रुपया नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा क्योंकि भारत-पाक तनाव बढ़ने के कारण रुपये पर दबाव बना रह सकता है। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और घरेलू बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति रुपये पर और दबाव डाल सकती है।

## ट्रंप ने चीन पर शुल्क को घटाकर 80 प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा

वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन पर लगे सीमा शुल्क को घटाकर 80 प्रतिशत करने का शुक्रवार को प्रस्ताव रखा है।

इसे दोनों देशों के बीच छिड़े व्यापार युद्ध को कम करने वाले कदम के रूप में देखा जा रहा है। दोनों देशों के बीच सप्ताहांत में होने वाली बैठक से पहले शुल्क में कटौती का यह कदम उठाया गया है। अमेरिकी के शीर्ष अधिकारी इस सप्ताह के अंत में स्विट्जरलैंड में चीन के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक करने वाले हैं। व्यापार युद्ध शुरू होने के बाद दोनों देशों के बीच यह पहली बड़ी वार्ता होगी। आयात पर उच्च शुल्क लगाने के ट्रंप के फैसले के बाद चीन ने भी जवाबी कदम उठाए और दोनों देशों के बीच व्यापार युद्ध जैसी स्थिति बन गई।

## घरेलू सोलर मार्केट के लिए हस्क ने बीम लॉन्च की

मुंबई। हस्क ने खास तौर पर भारत में घरेलू छतों पर लगाए जाने वाले सोलर के लिए बीम के लॉन्च की घोषणा की। यह कंपनी बेहतरीन ग्राहक सेवा और उत्कृष्ट टेक्नोलॉजी मुहैया कराएगी। बीम पर हस्क का पूरा मालिकाना हक है और बीम पूरे देश में घरेलू ग्राहकों को टारगेट करेगी और इसके लिए सोलर सिस्टम डिजाइन के क्षेत्र में 'हस्क की दो दशकों की विशेषज्ञता, टेक्नोलॉजी डिजाइन, इंस्टालेशन और सर्विस का पूरा लाभ उठाएगी।

# एटीएम में पर्याप्त नकदी मौजूद

### डिजिटल सेवाएं सुचारू रूप से चल रही

नयी दिल्ली। भारतीय स्टेट बैंक और पंजाब नेशनल बैंक समेत कई अन्य बैंकों ने शुक्रवार को कहा कि उनके एटीएम पूरी तरह से चालू हैं, उनमें पर्याप्त नकदी है और डिजिटल सेवाएं सुचारू रूप से चल रही हैं।

सोशल मीडिया पर आई उन खबरों की पृष्ठभूमि में यह बयान जारी किया गया जिनमें दावा किया गया था कि भारत और पाकिस्तान के मध्य बढ़ते तनाव के बीच आने वाले दिन में एटीएम बंद हो सकते हैं। बैंकों ने यह भी कहा कि उनकी सभी डिजिटल सेवाएं सुचारू रूप से चल रही हैं। भारत के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, हमारे सभी एटीएम, सीडीएमएडीडब्ल्यूएम और डिजिटल सेवाएं पूरी तरह से चालू हैं और जनता के लिए उपलब्ध हैं। एसबीआई ने अपने ग्राहकों को सत्यापित न की गई सूचना पर भरोसा न करने की सलाह भी दी। बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब एंड सिंध बैंक, केनरा बैंक, बैंक ऑफ इंडिया और इंडियन ओवरसीज बैंक ने भी इसी तरह के संदेश जारी किए। चेन्नई में मुख्यालय वाले इंडियन ओवरसीज बैंक ने कहा, हम अपने ग्राहकों को एटीएम सेवाओं का उपयोग सामान्य रूप से जारी रखने तथा अपडेट के लिए केवल सत्यापित संचार चैनलों पर ही भरोसा करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। बैंक ने कहा कि इंडियन ओवरसीज बैंक जनता को आश्वस्त करता है कि हमारे सभी एटीएम पूरी तरह से चालू हैं। एटीएम बंद होने की अफवाह झूठी और निराधार है। किसी भी अन्य जानकारी के लिए इंडियन ओवरसीज बैंक ने अपने ग्राहकों से 1800 425 4445 और 1800 890 4445 पर ग्राहक सेवा से संपर्क करने की अपील की है।

पंजाब नेशनल बैंक ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, हमारी सभी डिजिटल सेवाएं भी सुचारू रूप से चल रही हैं, जिससे आपको घर बैठे सहज बैंकिंग अनुभव सुनिश्चित हो रहा है।

## भारत और न्यूजीलैंड के बीच एफटीए वार्ता का पहला दौर पूरा

नयी दिल्ली। भारत और न्यूजीलैंड के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए पांच दिवसीय वार्ता शुक्रवार को पूरी हुई। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इस कवायद का मकसद द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा देना है। दोनों देशों ने करीब 10 वर्ष के अंतराल के बाद 16 मार्च 2025 को एफटीए के लिए वार्ता फिर से शुरू करने की घोषणा की थी।

अधिकारी ने कहा कि पहले दौर की वार्ता पांच मई को यहां शुरू हुई थी। भारत और न्यूजीलैंड ने वस्तुओं, सेवाओं के व्यापार व निवेश को बढ़ावा देने के लिए अप्रैल 2010 में व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) पर बातचीत शुरू की थी। हालांकि, 10 दौर की चर्चा के बाद बातचीत फरवरी 2015 में रुक गई। एफटीए से दोनों देशों के बीच व्यवसायों और उपभोक्ताओं के लिए नए रास्ते खोलने में मदद मिलेगी। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के अनुसार वार्ता में एक बड़ी चुनौती शुल्क संरचनाओं में असमानता है। न्यूजीलैंड का औसत आयात शुल्क केवल 2.3 प्रतिशत है। इसका मतलब है कि भारतीय वस्तुओं को पहले से ही इसके बाजार तक पर्याप्त पहुंच है। इसके विपरीत, भारत का औसत शुल्क 17.8 प्रतिशत है, जिसका अर्थ है कि उसे महत्वपूर्ण कटौती करनी होगी।

# चार प्रतिशत स्पेक्ट्रम शुल्क लगाने की ट्राई ने सिफारिश

नयी दिल्ली। दूरसंचार नियामक ट्राई ने शुक्रवार को एलन मस्क की स्टारलिंक जैसे उपग्रह संचार सेवा प्रदाताओं पर वार्षिक राजस्व का चार प्रतिशत स्पेक्ट्रम शुल्क लगाने की सिफारिश की।



भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने दूरसंचार विभाग को दी गई अपनी अनुशंसा में कहा कि शहरी क्षेत्रों में सेवाएं देने वाले सेवा प्रदाताओं को प्रति ग्राहक 500 रुपये अतिरिक्त शुल्क देना होगा। हालांकि, ग्रामीण क्षेत्रों में सेवाओं के लिए इन कंपनियों को कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होगा। ट्राई ने सिफारिश की है कि उपग्रह ब्रॉडबैंड स्पेक्ट्रम पांच साल के लिए आवंटित किया जाए, जिसे बाद में दो साल के लिए बढ़ाया जा सकता है। समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) का चार प्रतिशत स्पेक्ट्रम शुल्क भू-स्थैतिक कक्षा (जीएसओ) और गैर-भूस्थैतिक कक्षा (एनजीएसओ) में स्थित उपग्रहों के जरिये सेवाएं देने वाली दोनों तरह की उपग्रह संचार कंपनियों को देना होगा। न्यूनतम वार्षिक स्पेक्ट्रम शुल्क 3,500 रुपये प्रति मेगाहर्ट्ज होगा। एजीआर का उपयोग उस राजस्व की गणना करने के लिए किया जाता है, जिसे दूरसंचार कंपनियां स्पेक्ट्रम उपयोग शुल्क और लाइसेंस शुल्क के रूप में सरकार के साथ साझा करती हैं। ट्राई का यह सुझाव सेवा प्रदाता कंपनियों के अनुरोध से काफी अधिक है। मस्क की स्टारलिंक और अमेजन इंक की सहायक कंपनी कुइपर सिस्टम्स ने ट्राई के साथ परामर्श के दौरान स्पेक्ट्रम शुल्क को एजीआर के एक प्रतिशत से कम रखने और कोई अन्य शुल्क नहीं लगाने का आग्रह किया था। ट्राई के चेयरमैन अनिल कुमार लाहोटी ने सिफारिशें जारी करते हुए कहा कि उपग्रह संचार सेवाएं उन वंचित क्षेत्रों में संपर्क स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं, जहां दूरसंचार नेटवर्क उपलब्ध नहीं हैं। इन सेवाओं की आपदाओं, बचाव और राहत कार्यों में भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ट्राई ने कहा कि स्पेक्ट्रम शुल्क को कारोबारी सुगमता को बढ़ाते हुए एजीआर के प्रतिशत के रूप में लगाया जाना चाहिए। नियामक ने कहा, कुल मिलाकर स्पेक्ट्रम शुल्क स्पेक्ट्रम के आवंटन को कवर करने के लिए जरूरी प्रशासनिक लागतों से अधिक नहीं होना चाहिए। यह निवेश और नवाचार को भी सुविधाजनक बनाएगा। दूरसंचार विभाग (डीओटी) इन सिफारिशों पर कार्वाई करेगा। यह उन्हें संशोधित कर सकता है या पूरी तरह स्वीकार कर सकता है।

## घबराहट में खरीदारी की जरूरत नहीं, तेल कंपनियों ने जनता को पर्याप्त ईंधन भंडार का दिया आश्वासन

नयी दिल्ली। देश की सबसे बड़ी तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने शुक्रवार को कहा कि देश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है तथा घबराहट में इनकी अत्यधिक खरीदारी करने की कोई जरूरत नहीं है।

यह बयान सोशल मीडिया पर उन खबरों एवं वीडियो के आने के बाद जारी किया गया जिनमें दावा किया गया था कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के कारण पेट्रोल पंप पर ईंधन भरवाने के लिए लोगों की कतारें लग गई हैं। आईओसी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जानकारी दी, इंडियन ऑयल के पास देश भर में ईंधन का पर्याप्त भंडार है और हमारी सभी आपूर्ति लाइन सुचारू रूप से काम कर रही हैं। घबराहट में खरीदारी करने की कोई जरूरत नहीं है। हमारे सभी आउटलेट पर ईंधन और एलपीजी उपलब्ध हैं। विशेष तौर पर पाकिस्तान की सीमा से लगे राज्यों में लोगों ने घबराहट में खरीदारी शुरू कर दी थी। पाकिस्तान की सेना ने आठ-नौ मई की रात को ड्रोन तथा अन्य हथियारों का इस्तेमाल करते हुए पूरे पश्चिमी सीमा क्षेत्र में कई हमले किए, जिसके बाद जम्मू-कश्मीर तथा पंजाब के कई शहरों में ब्लैकआउट कर दिया गया। भारतीय सेना ने कहा कि हमलों को प्रभावी ढंग से विफल कर दिया गया है। इससे लोगों में तनाव बढ़ा और घबराहट में लोगों ने ईंधन की खरीदारी शुरू कर दी। शांत रहकर और अनावश्यक भीड़ लगाने से बचते हुए हमें आपकी बेहतर सेवा करने में मदद करें।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने होम लोन की ब्याज दरें घटाई

लखनऊ। बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने होम लोन की ब्याज दरों में कमी किए जाने की घोषणा की है। बैंक की होम लोन ब्याज दरें अब 8.00% * प्रति वर्ष (पहले 8.40% प्रति वर्ष) से शुरू होंगी। ये दरें नए होम लोन और होम इमप्रूवमेंट लोन पर लागू होंगी। दरें उधारकर्ता के क्रेडिट स्कोर से लिंक्ड हैं और 15 लाख रुपये और उससे अधिक के ऋण पर लागू होंगी। बैंक ने रेपो रेट से लिंक्ड ऋण वाले अपने मौजूदा उधारकताओं को रेपो रेट में कटौती का लाभ पहले ही दे दिया है।

## पेज एक का शेष

### पीएम मोदी

पठानकोट, फिरोजपुर, कपूरथला, जालंधर व जैसलमेर के सैन्य ठिकानों और आयुध केंद्रों पर हमला किया। भारत ने जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान के हमले को नाकाम कर दिया और उसके रडार सिस्टम को तबाह कर दिया। ताजा घटनाक्रम में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को बड़े भाई ने कूटनीतिक समाधान तलाशने को कहा है।

भारतीय प्रतिष्ठानों को 8 और 9 मई की मध्य रात्रि को निशाना बनाने के पाकिस्तानी प्रयासों का सशस्त्र बलों द्वारा आनुपातिक और पर्याप्त रूप से जवाब दिए जाने के साथ ही पाकिस्तान के साथ संघर्ष तीव्र हो गया है। विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि पाकिस्तान ने आठ और नौ मई की दरमियानी रात को भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने के लिए देश के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया। सिंह ने बताया कि पाकिस्तान ने भारत के सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने के लिए बृहस्पतिवार रात लेह से लेकर सर क्रीक तक 36 जगहों पर 300 से 400 ड्रोन भेजे। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने इन ड्रोन को मार गिराया। इससे पहले दिन में, मोदी ने तीनों सेनाओं के पूर्व प्रमुखों सहित कई पूर्व सैन्य अधिकारियों के साथ व्यापक बातचीत की और मौजूदा स्थिति पर उनकी प्रतिक्रिया ली।

### अब अपने

ऐसे शोर को नजरअंदाज करना चाहिए और प्रधानमंत्री मोदी के साथ चलना चाहिए। भारत जीतेगा-इसमें कोई संदेह नहीं है।' आदित्यनाथ ने अपने संबोधन के अंत में कहा कि महाराणा प्रताप जयंती कठिन समय में एकजुट रहने की प्रेरणा देती है। यह अवसर हमें अपने सुरक्षा बलों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होने और उनका मनोबल बढ़ाने की याद दिलाता है।

### भारत ने

पाकिस्तानी सेना ने ड्रोन और मिसाइल का इस्तेमाल कर अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़, नल, फलोदी, उत्तरलाई और भुज को निशाना बनाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि इनमें से प्रत्येक मिसाइल को मार गिराया गया और कोई भी अपने निर्धारित लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी।

एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जहां मैं हूं, वहां से रुक-रुक कर विस्फोटों की आवाजें, शायद भारी तोपों की, सुनी जा सकती हैं। उन्होंने अंधेरे में डूबे शहर की एक तस्वीर भी पोस्ट की और कैप्शन में लिखा जम्मू में अब ब्लैकआउट है। पूरे शहर में सायरन की आवाज सुनी जा सकती है।

वहीं दूसरी ओर श्रीनगर और चंडीगढ़ समेत देश के उत्तरी और पश्चिमी हिस्सों में कम से कम 24 हवाई अड्डों को 15 मई तक नागरिक उड़ानों के लिए बंद कर दिया गया है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पहले, भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के मद्देनजर इन हवाई अड्डों को 10 मई तक नागरिक उड़ानों के लिए बंद कर दिया गया था।

एयरलाइन ने शुक्रवार को कहा कि 15 मई तक हवाई अड्डों के अस्थायी रूप से बंद होने के कारण उनकी उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। सूत्रों ने कहा कि 15 मई की सुबह पांच बजकर 29 मिनट तक कम से कम 24 हवाई अड्डों को नागरिक उड़ानों के लिए बंद कर दिया गया है। इनमें चंडीगढ़, श्रीनगर, अमृतसर, लुधियाना, भुंटर, किशनगढ़, पटियाला, शिमला, धर्मशाला, बठिंडा, जैसलमेर, जोधपुर, लेह, बीकानेर, पठानकोट, जम्मू, जामनगर और भुज समेत अन्य हवाई अड्डे शामिल हैं। एयरलाइन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत में कई हवाई अड्डों के बंद रहने के बारे में विमानन अधिकारियों की अधिसूचना के बाद, जम्मू, श्रीनगर, लेह, जोधपुर, अमृतसर, चंडीगढ़, भुज, जामनगर और राजकोट के लिए एयर इंडिया की उड़ानें 15 मई को सुबह पांच बजकर 29 मिनट तक रद्द की जा रही हैं। एयर इंडिया ने यह भी कहा कि इस अवधि के दौरान यात्रा के लिए वैध टिकट रखने वाले ग्राहकों को पुनर्निर्धारण शुल्क पर एक बार छूट दी जाएगी या रद्दीकरण के लिए पूर्ण धन वापसी की पेशकश की जाएगी। इंडिगो ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि संबंधित अधिकारियों के नवीनतम निर्देशों के अनुसार, 15 मई को सुबह पांच बजकर 29 मिनट तक 10 गंतव्यों के लिए सभी उड़ानें रद्द रहेंगी, क्योंकि हवाई अड्डे अस्थायी रूप से बंद हैं। एयरलाइन ने कहा कि ये हवाई अड्डे श्रीनगर, जम्मू, अमृतसर, लेह, चंडीगढ़, धर्मशाला, बीकानेर, राजकोट, जोधपुर और किशनगढ़ हैं।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की ओर से किए हमलों को नाकाम करने के लिए भारत ने एस-400 ट्रायम्फ मिसाइल प्रणाली, बराक-8 मिसाइल, सतह से हवा में मार करने वाली आकाश मिसाइल और डीआरडीओ की ड्रोन रोधी तकनीकों का इस्तेमाल किया। उच्च पदस्थ सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि भारत की ओर से सात मई को ऑपरेशन सिंदूर चलाए जाने के बाद पाकिस्तान ने भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों पर मिसाइलें दागकर तनाव बढ़ाने की कोशिश की, लेकिन उसकी हर एक मिसाइल को निष्प्रभावी कर दिया गया। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार तड़के ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए। ऑपरेशन सिंदूर के तहत बहावलपुर को भी निशाना बनाया गया, जिसे आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ माना जाता है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सात-आठ मई की दरमियानी रात को पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइल का इस्तेमाल कर उत्तरी और पश्चिमी भारत में अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़, नल, फलोदी, उत्तरलाई और भुज सहित कई जगहों पर सैन्य ठिकानों पर हमला करने की कोशिश की। सूत्रों ने बताया कि भारत ने भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने के पाकिस्तान के सभी प्रयासों का तेजी और सटीकता के साथ जवाब दिया।

### आईपीएल एक

कहा गया नये कार्यक्रम और टूर्नामेंट के आयोजन के बारे में सूचना समय आने पर दी जायेगी। इससे पहले संबंधित अधिकारियों और हितधारकों के साथ हालात की व्यापक समीक्षा की जायेगी। लीग का समापन 25 मई को कोलकाता में होना था। बोर्ड बाकी 16 मैच (12 लीग और चार नॉकआउट) सही समय पर कराने की कोशिश करेगा। ऐसी अटकलें हैं कि सितंबर महीने में होने वाला एशिया कप रद्द किया जाता है तो यह एक विकल्प हो सकता है।

बोर्ड के बयान में कहा गया, इस नाजुक मोड़ पर बीसीसीआई देश के साथ खड़ा है। हम भारत सरकार, सशस्त्र बलों और देश के लोगों के प्रति एकजुटता व्यक्त करते हैं। इसमें कहा गया, बोर्ड हमारे सशस्त्र बलों की बहादुरी, साहस और निस्वार्थ सेवा को सलाम करता है जिनके ऑपरेशन सिंदूर के तहत किए गए वीरतापूर्ण प्रयास राष्ट्र की रक्षा करने के साथ प्रेरणा देते हैं और जो हाल ही के आतंकवादी हमले और पाकिस्तान के सशस्त्र बलों द्वारा किए गए अनुचित आक्रमण का दृढ़ जवाब दे रहे हैं।

### पाकिस्तान ने

भारतीय प्रतिष्ठानों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला करने के प्रयासों के दौरान अपने नागरिक हवाई क्षेत्र को बंद नहीं किया, क्योंकि उसे अच्छी तरह से पता था कि इन हमलों का भारत की ओर से त्वरित जवाब मिलेगा। सिंह ने कहा, 8-9 मई की रात को पाकिस्तान ने भारतीय हवाई क्षेत्र का बड़े पैमाने पर उल्लंघन किया और लेह से सर क्रीक तक 36 स्थानों पर 300-400 ड्रोन से सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा, भारतीय बलों ने काइनेटिक और नॉन-काइनेटिक तकनीक का उपयोग करके कई ड्रोन को निष्क्रिय कर दिया। बठिंडा पर एक सशस्त्र यूएवी हमले को भी विफल कर दिया गया। विंग कमांडर ने कहा कि भारत ने जवाबी कार्वाई करते हुए चार पाकिस्तानी वायु रक्षा ठिकानों पर ड्रोन हमले किए, जिसमें एक रडार नष्ट हो गया। सिंह ने कहा कि बड़े पैमाने पर पाकिस्तानी कार्वाई का संभावित उद्देश्य वायु रक्षा प्रणालियों की पड़ताल करना और खुफिया जानकारी इकट्ठा करना था। उन्होंने कहा, ड्रोन के मलबे की फोरेंसिक जांच की जा रही है। प्रारंभिक रिपोर्ट से पता चलता है कि यह तुर्किये का असिसगार्ड सोंगर ड्रोन है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा के पार तोपखाने और ड्रोन हमलों को बढ़ाया, जिससे लोग हताहत हुए। चिंताजनक बात यह है कि हमले के दौरान पाकिस्तान ने अपना नागरिक हवाई क्षेत्र खुला रखा, जिससे नागरिक उड़ानें खतरे में पड़ गईं। पाकिस्तानी हमले के जवाब में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के चार वायु रक्षा स्थलों पर सशस्त्र ड्रोन से कार्वाई की। सिंह ने कहा, एक ड्रोन वायु रक्षा रडार को नष्ट करने में सक्षम था। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के कंधन, उरी, पुंछ, मेंढर, राजौरी, अकुर और उधमपुर में भारी क्षमता वाली तोपों और सशस्त्र ड्रोन का इस्तेमाल करते हुए नियंत्रण रेखा पर गोलाबारी की, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय सेना के कुछ जवान घायल हुए। उन्होंने कहा, भारत की ओर से जवाबी गोलीबारी में पाकिस्तानी सेना को भी भारी नुकसान हुआ। कुरैशी ने कहा, इसके अतिरिक्त, पाकिस्तान का गैरजिम्मेदाराना रवैया फिर से सामने आया, क्योंकि पाकिस्तान ने सात मई को एक नाकाम और बिना किसी कारण के ड्रोन और मिसाइल हमला करने के बावजूद अपने नागरिक हवाई क्षेत्र को बंद नहीं किया। उन्होंने कहा, पाकिस्तान नागरिक विमानों को ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहा है, जबकि वह अच्छी तरह जानता है कि भारत पर उसके हमले से हवाई रक्षा के लिए त्वरित प्रतिक्रिया मिलेगी। यह नागरिक विमानों के लिए सुरक्षित नहीं है, जिसमें भारत और पाकिस्तान के बीच अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास उड़ान भरने वाले अंतरराष्ट्रीय विमान भी शामिल हैं। अधिकारी ने फ्लाइटराडार24 वेबसाइट पर विमानों की आवाजाही के स्क्रीनशॉट भी दिखाए।

### घुसपैठ नाकाम

भी साझा की, जहां रेंजर्स की भारी मशीन गन रखी हुई थी। पहलगाम में 22 अप्रैल के आतंकवादी हमले और उसकी जवाबी कार्वाई में पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर भारत के हमले के बाद दोनों देशों के बीच मौजूदा शत्रुता के मद्देनजर बीएसएफ हाई अलर्ट पर है।

### राजनाथ ने

सशस्त्र बलों ने पाकिस्तानी ड्रोन एवं मिसाइलों का प्रभावी तरीके से मुकाबला किया तथा दुश्मन के प्रयासों को विफल कर दिया। पाकिस्तान ने 24 घंटे से कम समय पहले भी भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की इसी तरह की कोशिश की थी। रक्षा मंत्रालय ने बृहस्पतिवार दोपहर को बताया था कि भारतीय सशस्त्र बलों ने मिसाइल और ड्रोन का उपयोग करके देश के उत्तरी और पश्चिमी हिस्सों के 15 शहरों में स्थित सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की पाकिस्तान की कोशिशों को विफल कर दिया। उसने बताया था कि पाकिस्तानी सेना ने बुधवार रात को अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़, नल, फलोदी, उत्तरलाई और भुज को निशाना बनाने का प्रयास किया।

### उत्तराखंड : सीएम

लिए पूरी तरह से तैयार रहने एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने के साथ ही वहां तैनात प्रशासनिक इकाइयों को चौकस रखने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को प्रदेश के सभी अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में जीवन रक्षक दवाइयां, सर्जिकल उपकरण और अन्य आवश्यक चिकित्सा संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये हैं।




# रोहित, चोपड़ा, कोहली ने भारतीय सशस्त्र बलों का किया समर्थन

## पाकिस्तान में आतंकी ढांचे के खिलाफ देश की सैन्य कार्रवाई के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया



नयी दिल्ली। नीरज चोपड़ा, पीवी सिंधू, रोहित शर्मा और विराट कोहली सहित भारत की शीर्ष खेल हस्तियों ने पाकिस्तान में आतंकी ढांचे के खिलाफ देश की सैन्य कार्वाई के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया और उन्हें भारत की आत्मा करार दिया।

भारत ने जम्मू और पठानकोट सहित अपने सैन्य ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला करने की पाकिस्तान की कोशिशों को गुरुवार रात को तुरंत विफल कर दिया था। रोहित ने शुक्रवार को अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, हर गुजरते पल के साथ, हर फैसले के साथ मुझे हमारी भारतीय सेना, भारतीय वायुसेना और भारतीय नौसेना पर बेहद गर्व महसूस होता है। हमारे योद्धा हमारे देश के गौरव के लिए खड़े हैं। प्रत्येक भारतीय के लिए जिम्मेदार होना और किसी भी फर्जी खबर को फैलाने या उस पर विश्वास करने से बचना महत्वपूर्ण है। सभी सुरक्षित रहें। ऑपरेशन सिंदूर, जय हिंद। कोहली ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर लिखा, हम इस कठिन समय में हमारे देश की रक्षा करने के लिए अपने सशस्त्र बलों के साथ एकजुटता से खड़े हैं और उन्हें सैल्यूट करते हैं। हम अपने नायकों की अटूट बहादुरी तथा उनके और उनके परिवारों द्वारा हमारे महान राष्ट्र के लिए किए गए बलिदानों के लिए तहेदिल से आभारी हैं। ओलंपिक में दो पदक जीतने वाले चोपड़ा ने एक्स पर पोस्ट किया, हमें अपने बहादुर भारतीय सशस्त्र बलों पर गर्व है जो आतंकवाद के खिलाफ हमारे देश के लिए लड़ रहे हैं। आइए अपनी भूमिका निभाएं और इस दौरान सभी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दिशानिर्देशों का पालन करें। ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली बैडमिंटन खिलाड़ी सिंधू ने पोस्ट किया, भारतीय सशस्त्र बलों के बहादुर पुरुषों और महिलाओं के लिए - आपका साहस, अनुशासन और बलिदान हमारे राष्ट्र की आत्मा हैं। ऑपरेशन सिंदूर जैसे क्षणों में, हमें उस मौन शक्ति और निस्वार्थ सेवा की याद आती है जो हमारे तिरंगे को उंचा रखती है। भारत आपके साथ खड़ा है। जय हिंद। धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का मैच सुरक्षा कारणों से बीच में रोककर रद्द करना पड़ा था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इसके बाद आईपीएल को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया। पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने मौजूदा हालात के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया है। सहवाग ने एक्स पर पोस्ट किया,पाकिस्तान ने युद्ध का विकल्प तब चुना है जब उनके पास चुप रहने का मौका था। वे अपनी आतंकवादी संपत्तियों को बचाने के लिए आगे बढ़े हैं, उनके बारे में इतना कुछ बोलते हैं। हमारी सेनाएं सबसे उचित तरीके से जवाब देंगी, जिसे पाकिस्तान कभी नहीं भूलेगा।
सहवाग के पूर्व भारतीय साथी शिखर धवन ने भी भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना की। धवन ने ट्वीट किया, हमारी सीमाओं की इतनी मजबूती से रक्षा करने और जम्मू पर ड्रोन हमले को रोकने के लिए हमारे बहादुर दिलों को सम्मान। भारत मजबूत है। जय हिंद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने भी सुरक्षा बलों का आभार व्यक्त किया। बुमराह ने लिखा, हमारे सशस्त्र बलों का उनके साहस और बहादुरी के लिए आभारी हूं। हम उन्हें सैल्यूट करते हैं और हमें सुरक्षित रखने के लिए वे जो कुछ भी करते हैं उसके लिए हम हमेशा उनके ऋणी रहेंगे। सूर्यकुमार ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा, हमें अपनी सेनाओं पर बहुत गर्व है। आपके कारण ही हम अपने घरों में सुरक्षित रहते हैं। सीमाओं पर हमारी रक्षा करने में आपकी ताकत और दृढ़ संकल्प को सैल्यूट। हम आपका आभार व्यक्त करते हैं। जय हिंद। भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार तड़के पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक मिसाइल हमले किए, जिनमें बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा के ठिकाने भी शामिल थे। विश्व कप विजेता पूर्व सलामी बल्लेबाज क्रिस श्रीकांत ने कहा, हमारे दिल और प्रार्थनाएं सीमा पर खड़े हमारे सैनिकों के साथ हैं। अब समय आ गया है कि हम एकता और विश्वास के साथ उनके पीछे खड़े हों। हमारे बहादुर हमारी भूमि की रक्षा करें और दुनिया को दिखाएं कि भारत वास्तव में किसके लिए है। जय हिंद इसे हमारे लिए जीतें। पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने कहा, आइए हम सभी अपने बहादुर भारतीय सशस्त्र बलों के पीछे खड़े हों क्योंकि वे हमारे देश की रक्षा करते हैं। हम हमेशा आपके साथ हैं।

# मुंबई के लिए फिर खेलना चाहते हैं जायसवाल, एमसीए को लिखा पत्र



मुंबई। गोवा टीम में जाने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मांगने के एक महीने बाद भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) से अनुरोध किया है कि वह घरेलू क्रिकेट में मुंबई के लिये ही खेलना चाहते हैं।

अप्रैल में जायसवाल ने एमसीए को पत्र लिखकर गोवा के लिये खेलने की अनुमति देने का अनुरोध किया था। एमसीए ने भी उनका अनुरोध मान लिया था। पीटीआई के पास एमसीए को भेजा गया जायसवाल का वह ईमेल है जिसमें उन्होंने कहा है कि अगले घरेलू सत्र में वह मुंबई के लिये खेलने के लिये उपलब्ध हैं। जायसवाल ने लिखा , मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि मैं एनओसी वापिस लेने का अनुरोध करता हूं क्योंकि गोवा में जाकर बसने की परिवार की योजना फिलहाल रद्द हो गई है। उन्होंने कहा कि मैं एमसीए से अनुरोध करता हूं कि मुझे इस सत्र में मुंबई के लिये खेलने की अनुमति दी जाये। मैने एनओसी बीसीसीआई या गोवा क्रिकेट संघ को नहीं भेजी है।

### संक्षेप

## दक्षिण अफ्रीका ने शुकरी कॉनराड को सभी प्रारूपों का कोच नियुक्त किया

जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट कोच शुकरी कॉनराड 2027 आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप तक सीमित ओवर की टीमों की भी कमान संभालेंगे। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने शुक्रवार को यहां इसकी घोषणा की। कॉनराड 2023 से दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट टीम के कोच है। वह सीमित ओवरों की टीम में रॉब वाल्टर की जगह लेंगे। वाल्टर ने चैंपियंस ट्रॉफी के बाद अप्रैल में इस्तीफा दे दिया था। इस 58 वर्षीय कोच के सामने सीमित ओवरों के प्रारूप में पहली चुनौती जुलाई में जिम्बाब्वे और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में होगी। सीएसए के राष्ट्रीय टीमों और हाई परफार्मेंस निदेशक एनोच एनक्वे ने कहा, टेस्ट टीम के साथ शुकरी का रिकॉर्ड काफी कुछ बयां करता है। उन्होंने एक ठोस नींव रखी है और टेस्ट प्रारूप में टीम को काफी मजबूत किया है। मैं उन्हें सीमित ओवर के प्रारूप की जिम्मेदारी उठाते हुए देखने के लिए उत्साहित हूं। कॉनराड के मार्गदर्शन में दक्षिण अफ्रीका अपने पहले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में पहुंच गया है। वह 11 से 15 जून तक लॉर्ड्स, लंदन में खिताब के लिए गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगा। कॉनराड ने कहा कि मैं तीनों प्रारूपों में राष्ट्रीय टीम के मार्गदर्शन की जिम्मेदारी मिलने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैं भविष्य की संभावनाओं को लेकर उत्साहित हूं। सीमित ओवर प्रारूप में दक्षिण अफ्रीका के पास कुछ अविश्वसनीय कौशल वाले खिलाड़ी है। मुझे विश्वास है कि हमारे पास कुछ खास हासिल करने के लिए जो चाहिए वो है। कॉनराड को घरेलू सरजमीं पर एकदिवसीय विश्व कप से पहले भारत की मेजबानी में 2026 में टी20 विश्व कप में टीम को सफलता दिलाने की चुनौती होगी।

## अरुण जेटली स्टेडियम में बम की धमकी निकली अफवाह

नयी दिल्ली। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) को बम की धमकी मिलने के बाद दिल्ली पुलिस की टीम के साथ बम निरोधक दस्ते (बीडीएस) और डॉग स्क्वॉड की टीम अरुण जेटली स्टेडियम पहुंचीं जो अफवाह निकली। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। डीडीसीए सचिव अशोक शर्मा ने पीटीआई को बताया, हमें डीडीसीए के पते पर ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली थी। हमने तुरंत इसे दिल्ली पुलिस को भेज दिया। दिल्ली पुलिस के बम दस्ते ने आकर पूरे स्टेडियम की जांच की जिसमें कुछ भी नहीं मिला। दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने कहा कि कई टीम को तुरंत स्टेडियम भेजा गया और पूरी जगह की अच्छी तरह से जांच की गई।

# क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की भारत और पाकिस्तान की स्थिति पर करीबी नजर




सिडनी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने शुक्रवार को कहा कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर करीबी नजर रखे हुए है, क्योंकि 20 से अधिक ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी और कोच मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग और पाकिस्तान सुपर लीग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

आईपीएल पर गुरुवार को उस समय अनिश्चितता के बादल मंडराने लगे जब आसपास के शहरों में हवाई हमले की संभावना के कारण धर्मशाला में दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच मैच बीच में ही रद्द करना पड़ा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अभी मौजूदा स्थिति की समीक्षा कर रहा है। इस बीच, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बढ़ती सुरक्षा चिंताओं के कारण पाकिस्तान सुपर लीग के बाकी मैचों को यूएई में स्थानांतरित करने का फैसला किया है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बयान में कहा कि हम ऑस्ट्रेलिया सरकार, पीसीबी, बीसीसीआई और स्थानीय सरकारी अधिकारियों से नियमित सलाह और अपडेट प्राप्त करने सहित पाकिस्तान और भारत की स्थिति पर करीबी नजर रखना जारी रखेंगे। हम अपने खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों के साथ भी संपर्क में हैं। पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क, जोश हेज़लवुड, ट्रैविस हेड और कोच रिकी पोंटिंग और ब्रैड हैडिन आईपीएल में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, जबकि पूर्व बल्लेबाज डेविड वार्नर, तेज गेंदबाज रिले मेरेडिथ और सीन एबॉट जैसे खिलाड़ी पीएसएल में खेल रहे हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, कई ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की है और वे जल्द से जल्द भारत छोड़ने के इच्छुक हैं।

# कम्पाउंड मिश्रित टीम कांस्य पदक के प्ले ऑफ में, दीपिका और सालुंखे सेमीफाइनल में





शंघाई। भारतीय कम्पाउंड मिश्रित टीम ने शुक्रवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में कांस्य पदक मैच में प्रवेश किया जबकि दीपिका कुमारी और पार्थ सुशांत सालुंखे ने क्रमशः महिला और पुरुष रिकर्व व्यक्तिगत सेमीफाइनल में जगह बनाई।

मधुरा धामनगांवकर और अभिषेक वर्मा कम्पाउंड मिश्रित टीम सेमीफाइनल में ब्रिटेन के एला गिब्सन और अजय स्कॉट से 156-158 से हार गए। अब धामनगांवकर और अभिषेक शनिवार को कांस्य पदक मैच में मलेशिया का सामना करेंगे। वहीं व्यक्तिगत पुरुष रिकर्व स्पर्धा में सालुंखे ने पहले दौर में शूट-ऑफ में तोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और पेरिस ओलंपिक के कांस्य विजेता मेटे गाजोज को 6-5 से हराकर उलटफेर करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई जिसमें उनका सामना रविवार को दक्षिण कोरिया के स्टार खिलाड़ी और पेरिस ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता किम वूजिन से होगा जिन्होंने क्वार्टर फाइनल में एक अन्य भारतीय अतनु दास को मात दी। सालुंखे ने राउंड 32 में जापान के आओशिमा तेत्सुया को 6-2 से हराने के बाद ऑस्ट्रेलिया के रयान टायक को और फिर क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया के किम जे देओक को समान अंतर से हराया। महिला वर्ग में दीपिका ने सेमीफाइनल में जगह बनाने से पहले स्पेन की लूसिया इबानेज़ रोमेरो को 6-4 से, कजाकिस्तान की डायना तुर्सुनबेक को 6-0 से और फ्रांस की विक्टोरिया सेबेस्टियन को 6-4 से हराया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में चीन की ली जियामन को 6-2 से मात दी और अब अंतिम चार में दक्षिण कोरिया की लिम सिहियोन से भिड़ेंगी। सिहियोन ने प्रीक्वार्टर फाइनल में एक अन्य भारतीय अंकिता भक्त को हराया था।

रिकर्व मिश्रित टीम स्पर्धा में दीपिका और धीरज बोम्मादेवरा दूसरे दौर में स्पेन के एलिया कैनालेस और एंड्रेस टेमिनो मेडिएल से ।-5 से हार गए। भारत शनिवार को कंपाउंड मिश्रित टीम कांस्य पदक मैच के अलावा दो स्वर्ण पदक मुकाबले खेलेगा। माधुरा, ज्योति सुरेखा वेन्नम और चिकिथा तानिपार्थी की भारतीय कंपाउंड महिला टीम फाइनल में मैक्सिको से भिड़ेगी जबकि अभिषेक वर्मा, ऋषभ यादव और ओजस प्रवीण देवताले की कंपाउंड पुरुष टीम का भी सामना मैक्सिको से होगा।

# उन्नति, आयुष ताइपे ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे



ताइपे। युवा भारतीय शटलर आयुष शेट्टी और उन्नति हुड्डा ने ताइपे ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां तीन गेम के कड़े मुकाबले में अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराकर पुरुष और महिला एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

सत्रह साल की उन्नति ने 52 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में स्थानीय खिलाड़ी हुंग यी टिंग को महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में 21-8 19-21 21-19 से शिकस्त दी। ओडिशा मास्टर्स 2022 और अबू धाबी मार्स्ट्स 2023 की चैंपियन के सामने अब शीर्ष वरीयता प्राप्त तोमोका मियाजाकी की चुनौती होगी। जापान की इस खिलाड़ी ने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में ताइपे की सियांग लिन को 17-21, 21-8, 21-17 से हराया। विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता 20 साल के आयुष को भी अंतिम आठ की बाधा पार करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। पिछले दौर में अनुभवी किदांबी श्रीकांत को हराने वाले आयुष ने कनाडा के सातवीं वरीयता प्राप्त ब्रायन यांग 16-21 21-19 21-14 से मात दी। टूर्नामेंट के शुरूआती दौर में ऑल इंग्लैंड के उपविजेता ली चिया हाओं को हराकर उलटफेर करने वाले इस भारतीय खिलाड़ी के सामने अब शीर्ष वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चोऊटीएन चेन और इंडोनेशिया के मोह जकी उबैदुल्लाह के बीच होने वाले दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच के विजेता की चुनौती होगी।

# इटालियन ओपनः अल्काराज ने चोट से वापसी पर लाजोविच को हराया



रोम। कार्लोस अल्काराज ने चोट से वापसी करते हुए इटालियन ओपन टेनिस में शुक्रवार को यहां सर्बिया के क्वालिफायर डुसन लाजोविच पर 6-3, 6-3 से जीत दर्ज की।

रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज अल्काराज ने पिछले महीने मैड्रिड ओपन से नाम वापस ले लिया था। इससे पहले बार्सीलोना ओपन के फाइनल के दौरान उनके दाहिने पैर में चोट लग गई थी। उनके बाएं पैर भी चोटिल था। चार ग्रैंड स्लैम विजेता का इस साल क्ले कोर्ट पर उनकी यह 11 मैचों में 10वीं जीत थीं। मौजूदा फ्रेंच ओपन चैंपियन अल्काराज को अब 31वीं वरीयता प्राप्त एलेक्स मिशेलसन या लास्लो जेरे ये भिड़ना होगा। इटालियन ओपन से शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी यानिस सिनर की वापसी हो रही है जो डोपिंग से जुड़े प्रतिबंध के कारण तीन महीने तक खेल से दूर थे। सिनर और अल्काराज ड्रॉ के अलग-अलग वर्ग में है। सिनर का पहला मुकाबला शनिवार को 99वीं रैंकिंग वाली मारियानो नवोन से होगा।

शीर्ष रैंकिंग पर काबिज एरिना सबालेंका ने महिलाओं के टूर्नामेंट में अनास्तासिया पोटापोवा पर 6-2, 6-2 से जीत दर्ज की।

# भुल्लर, चौरसिया जापान में कट में जगह बनाने में सफल



तोक्यो। गगनजीत भुल्लर और एसएसपी चौरसिया इंटरनेशनल सीरीज जापान गोल्फ में शुक्रवार को यहां कट में जगह बनाने में सफल रहे जबकि पांच अन्य अन्य भारतीय खिलाड़ियों ने निराश किया। एशियाई टूर पर 11 बार के विजेता भुल्लर ने दूसरे दिन दो अंडर 69 का कार्ड खेला। उन्होंने इस दौरान चार बर्डी के मुकाबले दो बोगी लगाये। उन्होंने बृहस्पतिवार को पार 71 का कार्ड खेला था। वह कुल दो अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त 36वें स्थान पर है। चौरसिया ने तीन बर्डी और इतनी ही बोगी कर पार 71 का कार्ड खेला। उन्होंने पहले दौर में भी 71 का कार्ड खेला था जिससे वह संयुक्त 52वें पायदान पर है। इस बीच जीव मिल्खा सिंह (73, 70) एक शॉट से कट में प्रवेश करने से चूक गये। अन्य भारतीयों में युवराज संधू (71-74), राहिल गंगजी (75-70), अजितेश संधू (73-72) और शिव कपूर (73-74) का कट में जगह बनाने में नाकाम रहे।

# मैनचेस्टर यूनाइटेड और टोटेनहैम यूरोपा लीग के फाइनल में

मैनचेस्टर। मैनचेस्टर यूनाइटेड और टोटेनहैम ने आसान जीत के साथ यूरोपा लीग फुटबाल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाकर चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई करने की अपनी उम्मीदों को भी जीवंत रखा। इंग्लैंड की इन दोनों टीमों की इंग्लिश प्रीमियर लीग में स्थिति अच्छी नहीं है लेकिन यूरोप की दूसरे स्तर की प्रतियोगिता यूरोपा लीग को जीतने पर उन्हें चैंपियंस लीग में जगह मिल जाएगी। यूनाइटेड ने ओल्ड ट्रैफर्ड में सेमीफाइनल के दूसरे चरण में एथलेटिक बिलबाओ को 4-। से हराया और इस तरह से स्पेन के क्लब के खिलाफ कुल मिलाकर 7-। से जीत हासिल की। टोटेनहैम ने नॉर्वे के क्लब बोडो ग्लिम्ट को सेमीफाइनल के दूसरे चरण में उसके घरेलू मैदान पर 2-0 से पराजित करके कुल 5-। से जीत हासिल की।

# हम आतंकवादियों के साथ युद्ध की स्थिति में : क्वात्रा



न्यूयॉर्क। अमेरिका में भारतीय राजदूत विनय क्वात्रा ने कहा है कि भारत आतंकवादियों के साथ युद्ध की स्थिति में है और इन नीचों, अमानवीय राक्षसों को जवाबदेह ठहराकर पहलगाम हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाएगा।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कोई भी देश किसी भी हालत में इन आतंकवादियों को खुली छूट नहीं दे सकता। क्वात्रा ने बृहस्पतिवार को सीएनएन को दिए साक्षात्कार में कहा कि बाईस अप्रैल की घटना सर्वाधिक जघन्य आतंकवादी घटना थी। यह कोई नहीं कह सकता कि इन आतंकवादियों को ऐसे ही जाने देना चाहिए, और हमने परसों यही किया, उन्हें जवाबदेह ठहराया, उन्हें न्याय के कठघरे में खड़ा किया। यह साक्षात्कार ऐसे समय में हुआ है जब भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ अपनी कूटनीतिक आक्रामकता बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि हम आतंकवादियों के साथ युद्ध की स्थिति में हैं और जैसा कि मैंने कहा, हम पीड़ितों को न्याय दिलाएंगे और उन्हें (आतंकियों को) जवाबदेह ठहराएंगे। क्वात्रा ने कहा, इसमें हमारा सबसे बड़ा उद्देश्य इन नीच, अमानवीय राक्षसों को जवाबदेह ठहराना और पीड़ितों को न्याय दिलाना है। भारत ने छह और सात मई की रात को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जिसमें पहलगाम आतंकी हमले के प्रतिशोध में पाकिस्तान और इसके कब्जे वाले कश्मीर में नौ स्थानों पर आतंकी ठिकानों पर हमले किए गए। पहलगाम में 22 अप्रैल को पाकिस्तान समर्थित चार आतंकवादियों द्वारा 26 नागरिकों की हत्या किए जाने के तथ्य को रेखांकित करते हुए क्वात्रा ने कहा, किसी भी दुनिया में आप ऐसे आतंकवादियों को ऐसे नहीं जाने देंगे। और यही हमने परसों किया। उन्होंने कहा कि भारत की प्रतिक्रिया बहुत ही नपी-तुली, संतुलित रही है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी कांग्रेस के कई सदस्यों, सीनेटरों से लेकर पूरी दुनिया तक, सभी इस बात को मानते हैं कि भारत को इन आतंकवादियों के खिलाफ जवाब देना चाहिए और पीड़ितों को न्याय दिलाना चाहिए। क्वात्रा ने पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए कहा कि पाकिस्तान समर्थित चार आतंकवादियों ने एक नेपाली नागरिक सहित 26 नागरिकों की क्रूर, अमानवीय, राक्षसी तरीके से हत्या की। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने धर्म के आधार पर सभी गैर-मुस्लिमों की पहचान की और उन्हें मार डाला। क्वात्रा ने कहा, इसलिए हमने परसों जो किया, वह अनिवार्य रूप से आतंकवाद के प्रति हमारी प्रतिक्रिया थी। कश्मीर में सुनाई देने वाले विस्फोटों पर एक सवाल का जवाब देते हुए क्वात्रा ने कहा कि पाकिस्तान ने आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय फिर से उनके साथ खड़े होने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, हमें आश्चर्य नहीं होगा अगर वे खुद इसमें शामिल हों, लेकिन पाकिस्तान दुनिया को यही संदेश दे रहा है कि वह आतंकवादियों के साथ है, वह सभ्य दुनिया के बाकी हिस्सों, शेष मानव जाति के साथ नहीं है। पाकिस्तान ने हमलों में शामिल होने से इनकार किया है, इस बारे में पूछे जाने पर क्वात्रा ने कहा कि इनकार और असत्यता हमेशा से पाकिस्तान की रणनीति का पहला हिस्सा रहा है। उन्होंने कहा, उनकी यह अनूठी विशेषता है कि वे अपने पिछले कार्यों की जिम्मेदारी वर्तमान में नहीं।

# भारत-पाक सैन्य संघर्ष के बीच जयशंकर ने अपने ब्रिटिश समकक्ष से फोन पर बात की



नयी दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के मध्य जारी सैन्य संघर्ष के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को अपने ब्रिटिश समकक्ष डेविड लैमी से फोन पर बात की और उनसे कहा कि आतंकवाद के खिलाफ कतई बर्दाश्त न करने वाली नीति होनी चाहिए।

जयशंकर-लैमी की बातचीत नयी दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच तनातनी कम करने की भारत के रणनीतिक साझेदारों की कोशिशों की पृष्ठभूमि में हुई। जयशंकर ने सोशल मीडिया पर जारी एक पोस्ट में कहा, हमारी चर्चा आतंकवाद का मुकाबला करने पर केंद्रित थी, जिसके खिलाफ कतई बर्दाश्त न करने वाली नीति होनी चाहिए। विदेश मंत्री ने इससे पहले बृहस्पतिवार को अमेरिकी समकक्ष मार्को रूबियो, इटली के उप प्रधानमंत्री एंटोनियो तजानी और यूरोपीय संघ (ईयू) के विदेश एवं सुरक्षा नीति मामलों की उच्च प्रतिनिधि काजा कलास से फोन पर बातचीत की थी। अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा कि रूबियो ने दोनों देशों के बीच तनाव को तत्काल कम करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, रूबियो ने भारत और पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत के लिए अमेरिकी समर्थन व्यक्त किया और संवाद में सुधार के लिए लगातार प्रयास किए जाने का आह्वान किया। ब्रूस ने कहा, विदेश मंत्री ने पहलगाम में हुए जघन्य आतंकवादी हमले के लिए अपनी संवेदना दोहराई और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ काम करने की अमेरिका की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। कलास से फोन पर हुई बातचीत की जानकारी देते हुए जयशंकर ने कहा, ईयू की विदेश और सुरक्षा नीति मामलों की उच्च प्रतिनिधि के साथ वर्तमान घटनाक्रमों पर चर्चा की। भारत ने नपी-तुली कार्रवाई की है। बहरहाल, स्थिति बिगाड़ने वाली किसी भी हरकत के खिलाफ कड़ी प्रतिक्रिया दी जाएगी। भारत-पाकिस्तान में सैन्य संघर्ष पर यूरोपीय संघ ने कहा कि क्षेत्र में बढ़ते तनाव और अधिक लोगों की जान जाने की आशंका सहित अन्य परिणामों पर बारीकी से और बड़ी चिंता के साथ नजर बनाए हुए है।

## संक्षेप

### गौरीकुंड से घोड़े सामान के साथ केदारनाथ भेजे गये

रुद्रप्रयाग (उत्तराखंड)। संक्रामक बीमारी के कारण 13 घोड़े-खच्चरों की मौत के बाद केदारनाथ पैदल मार्ग पर उनके संचालन पर लगी रोक के बीच शुक्रवार को गौरीकुंड से कुछ प्रतिबंधों के साथ प्रयोग के तौर पर दो स्वस्थ घोड़े केदारनाथ भेजे गए। यहां अधिकारियों ने बताया कि भारवाहन के रूप में इन घोड़े-खच्चरों को भेजे जाने के परिणाम यदि सही रहते हैं तो आने वाले दिनों में इनका संचालन फिर शुरू किया जा सकता है। चार और पांच मई को क्रमशः आठ और पांच घोड़ों की मौत हो जाने के बाद केदारनाथ यात्रा मार्ग पर उनके संचाालन पर रोक लगा दी गयी थी। उत्तराखंड के पशुपालन सचिव डॉ बी वी आर सी पुरुषोत्तम ने बताया था कि आठ घोड़ों की मृत्यु डायरिया एवं पांच घोड़ों की मृत्यु एक्यूट कोलिक से हुई। उन्होंने कहा था कि विस्तृत रिपोर्ट के लिए इन घोड़ों के नमूने उत्तर प्रदेश के बरेली स्थित भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान भेजे गए हैं। साढ़े ग्यारह हजार फीट से अधिक की उंचाई पर स्थित केदारनाथ धाम पहुंचने के लिए गौरीकुंड से करीब 16 किलोमीटर की पैदल दूरी तय करनी पड़ती है। चढ़ाई वाले इस रास्ते को तय करने के लिए कुछ श्रद्धालुओं को पिट्ठू, पालकी या घोड़े-खच्चरों का सहारा लेना पड़ता है।

# नड्डा ने की स्वास्थ्य व्यवस्था से संबंधित तैयारियों की समीक्षा

नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा ने भारत-पाकिस्तान में जारी सैन्य संघर्ष के बीच देश के अस्पतालों के स्वास्थ्य प्रबंध की शुक्रवार को समीक्षा की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी।

बैठक के दौरान, स्वास्थ्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें स्वास्थ्य व्यवस्था से संबंधित तैयारियों के बारे में जानकारी दी और बताया कि नियंत्रण केंद्र से पूरी निगरानी की जा रही है। सूत्रों ने कहा कि नड्डा और उनकी टीम ने देश भर के अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों की तैयारी का आकलन किया। ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को विभिन्न मंत्रालयों के सचिवों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की और राष्ट्रीय सुरक्षा व परिचालन तैयारियों के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए निरंतर सतर्कता व स्पष्ट संचार बनाए रखने का आह्वान किया। पहलगाम में 22 अप्रैल के नरसंहार के जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट करने के बाद से नयी दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच तनाव बढ़ रहा है।

# आंध्र प्रदेश के एक अधिकारी को पदावनत करने का आदेश



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने उच्च न्यायालय के निर्देश की अवमानना करने के लिए आंध्र प्रदेश के एक अधिकारी को पदावनत करने का आदेश देते हुए शुक्रवार को कहा कि अदालत के आदेशों की अवज्ञा कानून के शासन की नींव पर हमले के समान है जो हमारे लोकतंत्र का आधार है। न्यायमूर्ति बी आर गवई तथा न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने आंध्र प्रदेश सरकार को निर्देश दिया कि जनवरी 2014 में गुंटूर जिले में तहसीलदार के तौर पर जबरन कई झुग्गियों को हटाने वाले डिप्टी कलेक्टर को फिर से तहसीलदार के पद पर पहुंचाया जाए। न्यायमूर्ति गवई ने कहा, हम चाहते हैं कि पूरे देश में यह संदेश जाए कि कोई भी अदालत के आदेशों की अवज्ञा बर्दाश्त नहीं करेगा। अधिकारी पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाते हुए शीर्ष अदालत ने सभी को यह संदेश देने पर जोर दिया कि कानून से ऊपर कोई नहीं है। न्यायालय ने कहा, जब कोई संवैधानिक अदालत या कोई भी अदालत कोई निर्देश जारी करती है तो प्रत्येक अधिकारी, चाहे वह कितने भी उच्च पद पर क्यों न हो, अदालत द्वारा पारित आदेशों का सम्मान करने तथा उनका पालन करने के लिए बाध्य है।

# सेना प्रमुख प्रादेशिक सेना का सहयोग लेने के लिए अधिकृत




नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने सेना प्रमुख को अधिकार दिया है कि वह नियमित सेना की मदद के लिये प्रादेशिक सेना (टीए) के अधिकारियों और जवानों को बुला सकते हैं।

यह कदम भारत और पाकिस्तान के बीच जारी सैन्य संघर्ष के बीच आया है। रक्षा मंत्रालय के सैन्य मामलों के विभाग ने छह मई को एक अधिसूचना जारी की जिसमें कहा गया है, यह आदेश 10 फरवरी 2025 से 09 फरवरी 2028 तक तीन वर्षों के लिए लागू रहेगा। प्रादेशिक सेना की स्थापना नौ अक्टूबर 1949 को हुई थी और पिछले वर्ष इसकी स्थापना के 75 वर्ष पूरे हुए हैं। इस बल ने दशकों की अपनी यात्रा के दौरान युद्ध के समय तथा मानवीय और पर्यावरण संरक्षण कार्यों में राष्ट्र की सेवा की है। यह पूरी तरह से नियमित सेना के साथ एकीकृत है। राष्ट्र निर्माण के प्रयासों और युद्ध या संघर्ष के दौरान किए गए योगदान के सम्मान में, प्रादेशिक सेना में कई व्यक्तियों को वीरता के साथ-साथ विशिष्ट सेवा पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। अधिसूचना में कहा गया, प्रादेशिक सेना नियम 1948 के नियम 33 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्र सरकार, सेना प्रमुख को उस नियम के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रादेशिक सेना के प्रत्येक अधिकारी और प्रत्येक भर्ती व्यक्ति को आवश्यक सुरक्षा प्रदान करने या नियमित सेना को सहायता या अनुपूरण करने के उद्देश्य से शामिल करने के लिए बुलाने का अधिकार देती है। सरकारी अधिसूचना में यह भी कहा गया है कि, मौजूदा 32 इन्फैंट्री बटालियनों (प्रादेशिक सेना) में से 14 इन्फैंट्री बटालियनों (प्रादेशिक सेना) को दक्षिणी कमान, पूर्वी कमान, पश्चिमी कमान, मध्य कमान, उत्तरी कमान, दक्षिण पश्चिमी कमान, अंडमान और निकोबार कमान तथा सेना प्रशिक्षण कमान (एआरटीआरएसी) के क्षेत्रों में तैनाती के लिए शामिल किया गया है। इसमें कहा गया है कि इस कार्यान्वयन का आदेश तभी दिया जाएगा जब बजट में धनराशि उपलब्ध हो या बजट में आंतरिक बचत के पुनर्विनियोजन द्वारा उपलब्ध कराई गई हो। अधिसूचना में कहा गया है, रक्षा मंत्रालय के अलावा अन्य मंत्रालयों के आदेश पर कार्यान्वयन इकाइयों के लिए लागत संबंधित मंत्रालयों के खाते से ली जाएगी तथा उसे रक्षा मंत्रालय के बजट आवंटन में शामिल नहीं किया जाएगा।

# दिल्ली में महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा बढ़ायी गयी



नयी दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के बाद शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सरकारी भवनों, सीवेज उपचार संयंत्रों, जल उपचार संयंत्रों, अदालतों और विदेशी दूतावासों सहित सभी महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने बाजार, रेलवे स्टेशन, मॉल, पार्क और मेट्रो स्टेशन सहित अधिक आवाजाही वाले क्षेत्रों में भी चौकसी बढ़ा दी है। बढ़ते तनाव के बीच बृहस्पतिवार रात दिल्ली पुलिस के सभी कर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गईं। एक अधिकारी ने बताया, रात्रिकालीन चौकसी बढ़ा दी गई है। हम हर संवेदनशील क्षेत्र में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात कर रहे हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सभी क्षेत्र के विशेष आयुक्त सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए अपने पुलिस उपायुक्तों के साथ बैठक कर रहे हैं। एक पुलिस सूत्र ने कहा, सभी पुलिस उपायुक्त अपने-अपने क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था की सक्रियता से निगरानी कर रहे हैं। दिल्ली पुलिस किसी भी तरह की स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। पुलिस ने बताया कि दिल्ली में आने वाले हर वाहन की जांच की जा रही है। कई जगह बम निरोधक दस्तों ने तलाशी अभियान भी शुरू किया है।

# भारत-पाक सैन्य संघर्ष : दिल्ली में हवाई हमलों के प्रति आगाह करने वाले सायरन लगाए जा रहे

नयी दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच जारी सैन्य संघर्ष के मद्देनजर दिल्ली में अधिकारी हवाई हमलों के प्रति आगाह करने वाले सायरन लगाने से लेकर नागरिक सुरक्षा कर्मियों की तैनाती, नियंत्रण कक्ष की स्थापना और मॉक ड्रिल के आयोजन जैसी तैयारियों में जुटे हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में यातायात के लिहाज से व्यस्त इलाकों और सरकारी भवनों सहित महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने बाजार, रेलवे स्टेशन, मॉल, पार्क और मेट्रो स्टेशन सहित अधिक आवाजाही वाले क्षेत्रों में भी निगरानी बढ़ा दी है। राजस्व विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, प्रशासनिक स्तर पर 11 राजस्व जिले किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पूरी दिल्ली में हवाई हमले के प्रति आगाह करने वाले सायरन लगाए जा रहे हैं। अधिकारी के अनुसार, संवेदनशील जगहों की पहचान कर ली गई है और हवाई हमले के प्रति अलर्ट करने वाले सायरन लगाए जा रहे हैं।

## इंटरटेनमेंट...

# बॉलीवुड में ऑपरेशन सिंदूर पर फिल्म बनाने की होड़




मुंबई। भारत द्वारा पाकिस्तान में किए गए सैन्य हमलों के बाद बॉलीवुड में ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े फिल्म शीर्षक के लिए आवेदन करने की होड़ मच गई है। फिल्म निर्माताओं ने महज दो दिन में 30 से अधिक शीर्षक पंजीकृत कराने के लिए आवेदन दे दिए हैं। पंजीकरण के लिए दिए गए आवेदनों में ऑपरेशन सिंदूर, मिशन सिंदूर और सिंदूर : द रेवेंज सहित अन्य शीर्षक शामिल हैं।

जम्मू कश्मीर में 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के प्रतिशोध में, भारतीय सशस्त्र बलों ने मंगलवार देर रात ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिनमें जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ बहावलपुर और लश्कर-ए-तैयबा का अड्डा मुरीदके शामिल हैं। पहलगाम हमले में 26 लोग मारे गए थे। ऑपरेशन सिंदूर जारी है। इस बीच, भारतीय मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन (आईएमपीपीए), भारतीय फिल्म और टेलीविजन प्रोड्यूसर्स काउंसिल (आईएफटीपीसी) और वेस्टर्न इंडिया फिल्म प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन (डब्ल्यूआईएफपीए) को ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े फिल्म शीर्षक के पंजीकरण के लिए ढेरों आवेदन मिले हैं। आईएमपीपीए के सचिव अनिल नागरथ ने बताया, हमें 30 से ज्यादा शीर्षकों के आवेदन मिले हैं। यह संख्या 50-60 तक पहुंच सकती है। ज्यादातर लोग ऑपरेशन सिंदूर और मिशन सिंदूर नाम के लिए आवेदन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति एक से अधिक शीर्षक के लिए आवेदन कर सकता है, लेकिन जो पहले आवेदन करता है, वही शीर्षक पाता है। प्रोड्यूसर और फिल्म निर्माता इन शीर्षकों को पंजीकृत कराकर इस विषय पर फिल्म बनाने की योजना बना रहे हैं, क्योंकि यह भारत के लिए गर्व का विषय है। नागरथ ने बताया कि अतीत में उन्हें करगिल, उरी, कुंभ और अन्य शीर्षक के लिए आवेदन प्राप्त हुए हैं। फिलहाल जिन शीर्षकों के लिए आवेदन किया जा रहा है उनमें हिंदुस्तान का सिंदूर, मिशन ऑपरेशन सिंदूर और सिंदूर का बदला भी शामिल हैं। पहलगाम के नाम पर पहलगामः द टेरर अटैक, पहलगाम अटैक और अन्य शीर्षकों के लिए भी आवेदन प्राप्त हुए हैं। सूत्रों के अनुसार, 2016 के उरी हमले और भारत के जवाबी हमलों पर आधारित 2019 की फिल्म उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक का निर्देशन करने वाले आदित्य धर के साथ साथ अभिनेता सुनील शेट्टी, फिल्म निर्माता मधुर भंडारकर, विवेक अग्निहोत्री, अशोक पंडित, प्रोडक्शन बैनर टी-सीरीज़ उन लोगों में शामिल हैं जिन्होंने उपर्युक्त शीर्षकों के लिए आवेदन किया है।

# 10 मई से हैदराबाद में मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता

हैदराबाद। मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता 10 मई को यहां गाचीबोवली के इनडोर स्टेडियम में उद्घाटन समारोह के साथ शुरू होगी। भारत लगातार दूसरे वर्ष इस प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यहां बताया कि 72वीं मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता, 2025 में भाग लेने के लिए दुनिया भर से 15 प्रतियोगी पहुंच चुकी हैं तथा कुछ और के भी शामिल होने की उम्मीद है। पिछले साल यह प्रतियोगिता मुंबई में आयोजित की गई थी। एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रतियोगिता में हर महाद्वीप के देशों और क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाली प्रतियोगी शामिल हैं, जिनमें भारत, अमेरिका, वेनेजुएला और दक्षिण अफ्रीका जैसे प्रमुख देश शामिल हैं। साथ ही सांस्कृतिक रूप से समृद्ध क्षेत्र जैसे ग्वाडेलोप, जिब्राल्टर, मार्टीनिक और कुराकाओ भी शामिल हैं।

# कमल हासन की फिल्म ठग लाइफ का ऑडियो लॉन्च टला




चेन्नई। अभिनेता कमल हासन ने शुक्रवार को कहा कि दिग्गज फिल्मकार मणिरत्नम के साथ उनकी नयी फिल्म ठग लाइफ के ऑडियो लॉन्च कार्यक्रम का समय हमारे देश की सीमा पर हो रहे घटनाक्रम और वर्तमान में उच्च अलर्ट की स्थिति के मद्देनजर पुनर्निर्धारित कर दिया गया है। हासन ने एक बयान में कहा कि फिल्म का ऑडियो लॉन्च कार्यक्रम 16 मई को होना था, लेकिन अब यह नयी तारीख पर होगा, जिसकी घोषणा बाद में अधिक उपयुक्त समय पर की जाएगी। उन्होंने कहा कला प्रतीक्षा कर सकती है। भारत पहले आता है। हमारे देश की सीमा पर हो रहे घटनाक्रम और वर्तमान में उच्च अलर्ट की स्थिति को देखते हुए, हमने ठग लाइफ के ऑडियो लॉन्च का समय पुनर्निर्धारित करने का निर्णय लिया है, जिसे पहले 16 मई को किया जाना था। हासन (70) ने कहा, हमारे सैनिक हमारी मातृभूमि की रक्षा में अदम्य साहस के साथ अग्रिम मोर्चे पर डटे हुए हैं।

# वेब सीरीज में दिखेंगी भूमि पेडनेकर



मुंबई। अभिनेत्री भूमि पेडनेकर का कहना है कि उनकी पहली वेब सीरीज द रॉयल्स मशहूर वेब सीरिज ब्रिजर्टन और शिट्स क्रीक की कहानी का मिश्रण है जिसमें एक शाही परिवार के जीवन को हास्य और रोमांस के रंग में प्रस्तुत किया गया है। नेटफ्लिक्स की आधुनिक रोमांटिक कॉमेडी सीरीज द रॉयल्स में ईशान खट्टर नये जमाने के राजकुमार (रॉयलप्रिंस) अविराज सिंह की भूमिका निभा रहे हैं, जबकि भूमि पेडनेकर एक स्टार्टअप की मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोफिया शेखर की भूमिका अदा कर रही हैं। दोनों एक पुरानी हवेली को नये जमाने के सुविधाओं वाले महल में बदलने के लिए हाथ मिलाते हैं। पेडनेकर ने कहा यह एक आधुनिक ब्रिजर्टन जैसा है क्योंकि इसका सेटअप और दुनिया वैसी ही बनाई गई है, लेकिन इसमें शिट्स क्रीक भी है क्योंकि इसमें शाही परिवार है और उनकी अव्यवस्था और जटिलताएं हैं।

उन्होंने कहा, मैंने मिल्स एंड बून (रोमांस नॉवेल्स) पढ़ते हुए बचपन बिताया है और मैं उसकी बहुत बड़ी प्रशंसक हूं। द रॉयल्स एक रोमांटिक कहानी है, बस फर्क इतना है कि इसमें कोई डैम्जल इन डिस्ट्रेस (मदद की मोहताज लड़की) नहीं है। यह बहुत ताजगीभरा है। ब्रिजर्टन 19वीं सदी के रीजेंसी युग की पृष्ठभूमि पर आधारित एक ब्रिटिश कॉस्ट्यूम ड्रामा है, जबकि शिट्स क्रीक एक ऐसे अमीर परिवार की कहानी है जो सब कुछ खोकर एक छोटे कस्बे में जीवन जीता है। दोनों सीरीज नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध हैं। द रॉयल्स का निर्माण रंगिता और इशिता प्रीतिश नंदी ने किया है और इसका निर्देशन प्रियंका घोष और नूपुर अस्थाना ने किया है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com